स्वतंत्रता की पहली किरण का साक्षी

लखनऊ एवं कानपुर से प्रकाशित

# स्वतंत्र भारत

लखनऊ, मंगलवार
2 जून, 2026
ज्येष्ठ मास कृष्ण पक्ष 2
सं. 2083 वि.
वर्ष 79, अंक - 280 पृष्ठ 12
संस्करण : नगर * *
मूल्य : 3 रुपये

epaper : epaper.swatantrabharat.net

कोहली ने फिर साबित किया कि टी20 क्रिकेट में तकनीक और धैर्य का कोई सानी नहीं है : शर्मा



## नीट री-एग्जाम पेन-पेपर मोड में ही होगा

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने 21 जून को होने वाली नीट री-एग्जाम को कंप्यूटर बेस्ड टेस्ट (सीबीटी) मोड में कराने की मांग मानने से इनकार कर दिया। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई जुलाई में तय की है। इससे 21 जून को होने वाली परीक्षा

- सुप्रीम कोर्ट बोला- एजेंसियां पहले से दबाव में हैं, अभी परीक्षा का तरीका बदलना संभव नहीं
- संसदीय समिति में एनटीए की जगह नई संस्था का प्रस्ताव

फिलहाल पेन-पेपर मोड में ही होगी। जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस अरविंद कुमार की बेंच आरजेडी सांसद सुधाकर सिंह की याचिका पर सुनवाई कर रही थी। याचिकाकर्ता के वकील ने नीट की दोबारा परीक्षा सीबीटी मोड में कराने की मांग की।

देशभर में 3 मई को नीट-यूजी परीक्षा हुई थी। 7 मई की शाम पेपर लीक की खबर सामने आई थी। 12 मई को परीक्षा रद्द कर दी गई। 21 जून को री-एग्जाम होगा। याचिका में 4



बड़े बदलावों की मांग करते हुए कहा गया है कि एनटीए की जगह एक स्वतंत्र वैधानिक राष्ट्रीय परीक्षा प्राधिकरण बनाया जाए। इसके साथ ही पूर्व इसरो प्रमुख के राधाकृष्णन समिति की सिफारिशें लागू की जाए। बायोमेट्रिक सत्यापन, एआई आधारित निगरानी, एन्क्रिप्टेड डिजिटल प्रश्नपत्र प्रणाली और प्रश्नपत्रों को डिजिटल रूप से सुरक्षित रखने जैसे उपाय अपनाए जाए। नीट को पूरी तरह कंप्यूटर आधारित परीक्षा बनाने के लिए रोडमैप तैयार किया जाए। साथ ही परीक्षा केंद्रों के ढांचे, साइबर सुरक्षा और डिजिटल परीक्षा व्यवस्था को मजबूत किया जाए पेपर लीक मामले की सीबीआई जांच की स्थिति रिपोर्ट अदालत में पेश की जाए। साथ ही परीक्षा परिणाम केंद्रवार सार्वजनिक करने का सुझाव दिया गया है, ताकि किसी भी तरह की अनियमितता की पहचान की जा सके। इधर संसद की शिक्षा, महिला, बाल, युवा एवं खेल मामलों की स्थायी समिति की बैठक सोमवार को हुई। बैठक की अध्यक्षता कांग्रेस सांसद दिग्विजय सिंह ने की। इसमें नीट परीक्षा, एनटीए और पेन-पेपर बनाम सीबीटी मोड पर चर्चा हुई। यूनाइटेड डॉक्टर्स फ्रंट (यूडीएफ) ने समिति ने कहा कि नीट से जुड़े सवाल केवल परीक्षा के तरीके तक सीमित नहीं हैं, बल्कि पारदर्शिता, जवाबदेही और परीक्षा कराने वाली एजेंसी की विश्वसनीयता से भी जुड़े हैं। संगठन ने एनटीए को भंग कर संसद के कानून के तहत नई राष्ट्रीय परीक्षा संस्था बनाने की मांग की। यूडीएफ ने यह भी कहा कि नीट-यूजी 2026 पेपर लीक की जांच को 2024 की परीक्षा से जुड़े विवादों के साथ जोड़कर देखा जाना चाहिए। संगठन ने पूरे मामले की समयबद्ध और पारदर्शी जांच की मांग की। नीट-यूजी परीक्षा 3 मई को देश के 551 शहरों और विदेश के 14 सेंटर्स में हुई थी। इसमें करीब 23 लाख उम्मीदवार शामिल हुए थे। एनटीए के अनुसार 7 मई की शाम परीक्षा में गड़बड़ी की सूचना मिली थी। इसके बाद मामला केंद्रीय एजेंसियों को सौंपा गया। 12 मई को परीक्षा रद्द की गई और री-एग्जाम का फैसला लिया गया। 15 मई को शिक्षा मंत्रालय और एनटीए ने नीट री-एग्जाम की तारीख 21 मई को होने का ऐलान किया।

### मुख्यमंत्री बोले- घर के काम में सहयोग करते हुए भी अच्छे अंक ला रही हैं छात्राएं

## छात्राओं से प्रेरणा लें छात्र : योगी

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को लोकभवन में आयोजित कार्यक्रम मेधावी विद्यार्थी सम्मान समारोह में यूपी बोर्ड और संस्कृत शिक्षा परिषद के टॉप 10, सीबीएसई और आईसीएसई के सर्वोच्च 10-10 समेत कुल 223 राज्य

- परिश्रम का परिणाम हमेशा सुखद
- सीएम ने मेधावियों को किया सम्मानित

स्तरीय मेधावियों को एक-एक लाख रुपये, एक-एक टैबलेट, प्रशस्ति पत्र और मेडल देकर सम्मानित किया। सीएम ने समारोह में 11 विद्यालयों के प्रधानाचार्यों व शिक्षकों को भी शॉल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यह कार्यक्रम इस बात का सबूत है कि परिश्रम का परिणाम हमेशा सुखद होता है। उन्होंने कहा कि जब परिणाम सूची देखते हैं तो हम पाते हैं कि छात्राएं जो कि घर के काम में हाथ बंटाती हैं वे मेरिट की सूची में अधिक स्थान प्राप्त कर रही हैं। छात्रों को छात्राओं से प्रेरणा लेनी चाहिए कि वे घर के काम में माता-पिता का सहयोग करती हैं और पढ़ाई में भी आगे रहती हैं। सीएम योगी ने कहा कि यहां 223 टॉप टेन विद्यार्थियों के साथ ही जिला स्तर पर टॉप टेन 1459 छात्रों को भी



सम्मानित किया जा रहा है। यह इन विद्यार्थियों की उपलब्धि और जीवन का महत्वपूर्ण पड़ाव भी है। इस परिणाम में 223 में से छात्र 85, छात्राएं 138 है। छात्राएं मेरिट सूची में ज्यादा और छात्र कम आए हैं। माध्यमिक शिक्षा परिषद में हाईस्कूल में 115 विद्यार्थियों में 34 छात्र और 81 छात्राएं हैं। इंटर में 9 छात्र और 14 छात्राएं हैं। छात्राएं ज्यादा मेहनत कर लेती हैं। ज्यादा अंक पाने की सामर्थ्य रखती हैं। मां-पिता का सहयोग करते हुए। उन्होंने कहा कि लगता है कि अब लड़के झाडू पोंछा ज्यादा लगाने लगे हैं। मोहल्ले में भी काम करने लगे हैं। उन्होंने कहा कि छात्र, छात्राओं से प्रेरणा लें कि वो कैसे घर के काम में सहयोग करते हुए अच्छे परीक्षाओं में अच्छे अंक प्राप्त कर रही हैं।

**नौ साल पहले नकल से होती थी परीक्षा**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज से नौ साल पहले ये कार्यक्रम नहीं हो सकता था। नकल से परीक्षा होती थी। मेरिट, डी मेरिट का पता नहीं। हमने नकल विहीन परीक्षा कराई। परीक्षा छात्र को परेशान करने का माध्यम नहीं होना चाहिए। आत्मविश्वास पैदा करने का भाव पैदा करे। उसका पसीना छुड़ाने के लिए पेपर न बने। परेशान न करे। शिक्षक को पता होता है कि उसका उत्तर क्या होता है। प्रश्न ऐसा हो कि छात्र थोड़े प्रयास से उसे हल कर सके। उसको हतोत्साहित न करे। परीक्षा प्रोत्साहन का माध्यम बने। 9 साल पहले नकल होती थी। शिक्षक भर्ती नहीं करते थे। विद्यालय भी वैसे थे। अंत में ठेका होना है तो छात्र मेहनत क्यों करे। पंजाब, जम्मू कश्मीर के छात्र 2017 तक यूपी में परीक्षा देते थे।

## मई में 1.94 लाख करोड़ जीएसटी कलेक्शन

**नई दिल्ली।** मई 2026 में 1.94 लाख करोड़ रुपए का जीएसटी कलेक्शन हुआ है। यह अप्रैल के रिकॉर्ड 2.42 लाख करोड़ रुपए के मुकाबले 20 प्रतिशत कम है। हालांकि

- पिछले महीने से 20 प्रतिशत कम
- अप्रैल में रिकॉर्ड 2.42 लाख करोड़ का कलेक्शन था

पिछले साल की समान अवधि यानी मई 2025 से 3.2 प्रतिशत ज्यादा है। मई 2025 में रु. 1.88 लाख करोड़ का जीएसटी कलेक्शन हुआ था। सरकार ने आज यानी 1 जून को जीएसटी कलेक्शन के आंकड़े जारी किए। मई महीने में जीएसटी कलेक्शन की ग्रोथ मुख्य रूप से इंपोर्ट पर निर्भर रही। इंपोर्टेड गुड्स से होने वाला कुल जीएसटी रेवेन्यू सालाना आधार पर 19.1 प्रतिशत बढ़कर 59,654 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। वहीं, दूसरी तरफ घरेलू ट्रांजैक्शन से होने वाली ग्रॉस घरेलू कमाई में 2.6 प्रतिशत की गिरावट आई और यह 1.35 लाख करोड़ रुपए रही। नेट बेसिस पर इंपोर्ट जीएसटभ्-कलेक्शन 19.7 प्रतिशत बढ़कर 49,403 करोड़ रुपए रहा जबकि शुद्ध घरेलू राजस्व 2.3 प्रतिशत घटकर 1.18 लाख करोड़ रुपए रह गया। वित्त वर्ष 2026-27 के पहले दो महीनों (अप्रैल और मई) को मिलाकर कुल ग्रॉस जीएसटी कलेक्शन 6.2 प्रतिशत बढ़कर 4.37 लाख करोड़ हो गया है।

## कॉमर्शियल एलपीजी सिलिंडर 53.50 रुपए तक महंगा

**नई दिल्ली।** कॉमर्शियल सिलिंडर आज यानी 1 जून से 53.50 रुपए तक महंगा हो गया है। दिल्ली में ये 3113.50 रुपए में मिल रहा है। 5

- पांच किलो के एफटीएल सिलिंडर के दाम रु. 11 बढ़े

किलो वाले एफटीएल सिलिंडर की कीमतों में 11 रुपए का इजाफा किया गया है। इस बढ़ोतरी के बाद अब इस सिलेंडर की कीमत 821.50 रुपए हो गई है। इसके अलावा पेट्रोल, डीजल और एटीएफ यानी हवाई जहाज के ईंधन पर नई एक्सपोर्ट ड्यूटी आज से लागू हो गई है। तेल कंपनियों ने कॉमर्शियल गैस सिलिंडर रु. 53.50



रुपए तक महंगा कर दिया है। दिल्ली में इसकी कीमत रु. 3113.50 हो गई है। पहले ये रु. 3071.50 में मिल रहा था। कॉमर्शियल सिलिंडर के दाम बढ़ने से रेस्टोरेंट मालिकों का खर्च बढ़ेगा। ऐसे में वे चाय, नाश्ते और थाली महंगी कर सकते हैं। शादियों की कैटरिंग भी महंगी हो सकती है। एफटीएल सिलिंडर की कीमत 11 रुपए बढ़कर रु. 821.50 हो गई है। पहले इसकी कीमत रु. 810.50 थी। एफटीएल सिलेंडर को छोटू सिलिंडर भी कहते हैं जिसे कोई भी बिना एड्रेस प्रूफ के ले सकता है। इनका ज्यादातर इस्तेमाल प्रवासी मजदूर, छात्र या छोटे दुकानदार करते हैं। इसी 5 किलो वाले छोटे सिलेंडर को रेगुलर कनेक्शन के साथ लेने पर दाम रु. 339 पर स्थिर हैं। केंद्र सरकार ने पेट्रोल, डीजल और हवाई जहाज के ईंधन पर एक्सपोर्ट ड्यूटी घटा दी है। नई दरें आज 1 जून से लागू हो गई है। पेट्रोल के निर्यात पर ड्यूटी 1.5 रुपए प्रति लीटर तय की गई है। डीजल के निर्यात पर ड्यूटी 13.5 रुपए प्रति लीटर रखी गई है। हवाई जहाज के ईंधन (एटीएफ) के निर्यात पर ड्यूटी 9.5 रुपए प्रति लीटर तय की गई है। यह एक प्रकार का टैक्स है जो सरकार देश से बाहर बेची जाने वाली वस्तुओं पर लगाती है। टैक्स कम होने से रिफाइनरी कंपनियों को ज्यादा मुनाफा होगा।

## दो टीएमसी विधायक पार्टी से निष्कासित

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने अपने दो विधायकों पर बड़ी कार्रवाई की है। टीएमसी ने संदीपान साहा और ऋत्ब्रत बनर्जी को पार्टी से बाहर निकाल दिया है। इन दोनों नेताओं पर पार्टी विरोधी

- पार्टी विरोधी गतिविधियों का आरोप

गतिविधियों में शामिल होने का आरोप है। टीएमसी नेतृत्व ने अनुशासन बनाए रखने के लिए यह कड़ा फैसला लिया। पार्टी ने साफ कर दिया है कि अनुशासनहीनता किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं होगी। अब ये दोनों नेता पार्टी का हिस्सा नहीं रहेंगे।

यह फैसला उस समय आया जब मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने राज्य सचिवालय में एक मीडिया वार्ता की। उन्होंने बताया कि इन दोनों विधायकों ने विधानसभा में 'फर्जी हस्ताक्षर' से जुड़े एक मामले में शिकायत दर्ज कराई थी। यह मामला शोभनदेब चट्टोपाध्याय को विपक्ष का नेता चुनने से संबंधित था। इस खुलासे के कुछ ही मिनटों बाद पार्टी ने निष्कासन का आदेश जारी कर दिया। पार्टी की उपाध्यक्ष चंद्रिमा भट्टाचार्य ने इस आदेश पर हस्ताक्षर किए हैं। विधायकों को भेजे गए पत्र में कहा गया है कि वे टीएमसी के उम्मीदवार के रूप में चुनाव जीते थे। इसके बावजूद वे पार्टी नेतृत्व की बुलाई गई बैठकों में बार-बार अनुपस्थित रहे। वे ऐसी गतिविधियों और बयानों में शामिल पाए गए जो पार्टी के हितों को नुकसान पहुंचा रहे थे।

## पश्चिम बंगाल में कैबिनेट विस्तार, 35 नए मंत्री बने

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में सोमवार को सरकार का पहला मंत्रिमंडल विस्तार हुआ। लोकभवन

- अर्जुन सिंह, तपस रॉय मंत्री बने
- शुभेंदु मंत्रिमंडल में अब 41 मंत्री

में हुए कार्यक्रम में राज्यपाल आरएन रवि ने 35 नए मंत्रियों को शपथ दिलाई। सीएम शुभेंदु अधिकारी भी कार्यक्रम में मौजूद रहे। 13 नेताओं को कैबिनेट मंत्री, 3 को राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और 19 को राज्य मंत्री बनाया गया। इस विस्तार के साथ बंगाल में मंत्रिपरिषद की मंत्रियों की संख्या 41 हो गई है। इससे पहले 9 मई को शुभेंदु अधिकारी ने मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। उनके साथ दिलीप घोष, अग्निमित्रा पॉल, निशीथ प्रमाणिक, अशोक कीर्तनिया और क्षुदीराम टुडू ने भी मंत्री पद की शपथ ली थी। संविधान के 91वें संशोधन के अनुसार, राज्य मंत्रिमंडल में विधायकों की संख्या विधानसभा की कुल संख्या के 15प्रतिशत तक सीमित है। पश्चिम बंगाल में 294 विधायक हैं, इसलिए मंत्रिमंडल में अधिकतम 44 मंत्री हो सकते हैं। सोमवार के शपथ ग्रहण के बाद कैबिनेट में 41 मंत्री हो गए हैं। तय सीमा के आधार पर 3 मंत्री और बनाए जा सकते हैं। रिपोर्ट्स में कहा जा रहा है कि फिलहाल यह 3 पद खाली ही रहेंगे। इससे पहले 11 मई को सीएम शुभेंदु ने अपने मंत्रियों को विभागों का बंटवारा किया था। इसमें निशिथ प्रमाणिक को उत्तर बंगाल विकास, खेल और युवा कल्याण मंत्रालय सौंपा गया। दिलीप घोष को ग्रामीण विकास, पशु संसाधन विकास, कृषि विपणन की जिम्मेदारी सौंपी गई। अग्निमित्रा पॉल को महिला एवं बाल विकास, समाज कल्याण, नगर निकाय विभाग दिए गए।

## गुजरात में 12 शेर, एमपी में 10 बाघों की मौत

**नई दिल्ली।** एशियाटिक लायंस के लिए फेमस गुजरात के पूर्वी और पश्चिमी गिर फॉरेस्ट में 12 शेरों की मौत का मामला केंद्र सरकार तक

- इनके सीडीवी वायरस से मरने का दावा

पहुंच गया है। वन विभाग ने 30 से अधिक शेरों को एनीमल केयर सेंटर में रखा है। हालांकि, शेरों की लेबोरेटरी रिपोर्ट अभी तक जारी नहीं की गई है। ऐसा ही हाल मध्यप्रदेश में बाघों का है। कान्हा टाइगर रिजर्व में 2 अप्रैल से अब तक 10 बाघों की मौत हो चुकी है। बाघों में कैनाइन डिस्टेंपर वायरस (सीडीवी) के गंभीर लक्षण मिलने के बाद वन विभाग ने अलर्ट मोड में अभियान शुरू किए हैं। गुजरात के शेरों में सीडीवी वायरस के लक्षण मिलने के बाद वरिष्ठ अधिकारियों और राज्य के वन मंत्री अर्जुन मोढवाडिया ने जसाधार पशु देखभाल केंद्र का दौरा किया। पिछले 15 दिनों में 12 शेरों की मौत के बावजूद रिपोर्ट जारी न होने से मामला गहराता जा रहा है। गुजरात में करीब 8 दिन पहले 5 शावकों और 4 शेरों की मौत हुई थी। इनके विसरा नमूनों की जांच के बाद भी वन विभाग की ओर से अभी तक कोई रिपोर्ट जारी नहीं की गई है।

### जनता दर्शन में सीएम योगी का नया फरमान

## अधिकारी समय पर करें जन समस्याओं का समाधान

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को जनता दर्शन कार्यक्रम में आए फरियादियों से मुलाकात की और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। जनता दर्शन कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने फरियादियों द्वारा उठाए गए राजस्व व पुलिस से जुड़े मामलों को सुना और संबंधित अधिकारियों को उनके प्रार्थना पत्र देते हुए कहा कि आमजन की समस्याओं का निस्तारण समयसीमा के भीतर हो और विलंब होने पर संबंधित अधिकारी की जवाबदेही भी तय की जाए। मुख्यमंत्री ने अपने समक्ष लाये गये राजस्व और पुलिस से जुड़े मामलों का संज्ञान लिया और कहा कि लंबित राजस्व वादों का समयसीमा के भीतर निस्तारण किया जाए। आदित्यनाथ ने यह भी निर्देश दिए की छह महीने से अधिक लंबित वादों के कारणों की समीक्षा की जाए और उचित कारण न होने पर भी अगर निस्तारण में देर होती है तो संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि हर जरूरतमंद की समस्या का समाधान करना उनकी सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि अधिकारी पूरी संवेदनशीलता से सुनिश्चित करें कि बिना भेदभाव सभी को न्याय और हर पात्र को योजनाओं का लाभ मिले, जरूरतमंदों के समुचित इलाज की व्यवस्था हो। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर अपने परिजन के साथ आए कुछ बच्चों से शिक्षा के बारे में भी पूछा और अभिभावकों से कहा कि बच्चों को स्कूल अवश्य भेजें, क्योंकि पढ़ा-लिखा बच्चा ही सशक्त भारत की नींव है।

## पीएम स्वनिधि ने जोड़े 55 लाख डिजिटल स्ट्रीट वेंडर्स

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर आत्मनिर्भर निधि योजना की छठी वर्षगांठ के अवसर पर, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्ट्रीट वेंडरों को औपचारिक वित्तीय व्यवस्था में शामिल करने में कार्यक्रम की सफलता पर प्रकाश डाला। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह योजना विश्वास, सम्मान और सशक्तिकरण पर आधारित है। प्रधानमंत्री नरेंद्र

- छह साल में बदली 75 लाख से ज्यादा लोगों की जिंदगी

मोदी ने अपने फेसबुक अकाउंट पर एक पोस्ट में बताया कि कैसे इस पहल ने किफायती और बिना गारंटी वाले ऋण की सुविधा देकर अनगिनत स्ट्रीट वेंडरों को सशक्त बनाया है। प्रधानमंत्री ने लिखा कि आज हम 6 Years of PMSVANidhi मना रहे हैं, एक ऐसी योजना जिसने बिना गारंटी वाले ऋण, वित्तीय समावेशन और विकास के नए अवसर प्रदान करके अनगिनत स्ट्रीट वेंडरों के जीवन को बदल दिया है। पोस्ट में आगे लिखा था कि यह योजना विश्वास,



सम्मान और सशक्तिकरण पर आधारित है। सभी लाभार्थियों को मेरी शुभकामनाएं, जिनकी दृढ़ता और उद्यमशीलता हमारे देश की अर्थव्यवस्था को लगातार मजबूत कर रही है।

पीएम स्वनिधि भारत की अनौपचारिक शहरी अर्थव्यवस्था में कार्यरत विक्रेताओं को सहायता प्रदान करने वाली एक प्रमुख पहल के रूप में उभरी है। बिना गारंटी के ऋण उपलब्ध कराने के अलावा, इस योजना ने डिजिटलीकरण को बढ़ावा दिया है, संस्थागत ऋण तक पहुंच में सुधार किया है और सामाजिक सुरक्षा कवरेज का विस्तार किया है। 2020 में शुरू होने के बाद से अब तक 1.12 करोड़ से अधिक ऋण वितरित किए जा चुके हैं।

## वी मोहना बनीं सुप्रीम कोर्ट की जज

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने वरिष्ठ वकील वी मोहना समेत चार हाईकोर्ट्स के मुख्य न्यायाधीशों को सुप्रीम कोर्ट जज बनाने की सिफारिश की थी। जिसे केंद्र सरकार ने मंजूरी दे दी है और इस संबंध में अधिसूचना भी जारी कर दी है। इसके साथ ही अब सुप्रीम कोर्ट में जजों की कुल संख्या बढ़कर 37 हो गई है। अब जैसे ही केंद्र सरकार ने इन नामों को मंजूर किया है तो जस्टिस वी मोहना ने इतिहास रच दिया है। जस्टिस वी मोहना, जस्टिस इंदु मल्होत्रा के बाद देश की दूसरी महिला वकील हैं, जिन्हें वकील से सीधे सुप्रीम कोर्ट की जज नियुक्त किया गया है। जस्टिस वी मोहना सुप्रीम कोर्ट के इतिहास की 12वीं महिला जज हैं। वर्तमान में जस्टिस बीवी नागरत्ना सुप्रीम कोर्ट में जज हैं और वी मोहना दूसरी महिला जज होंगी।

## कांग्रेस ने मांगा धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा

**नई दिल्ली।** सीबीएसई के ऑन-स्क्रीन मार्किंग (ओएसएम) सिस्टम से जुड़े विवाद को लेकर कांग्रेस ने केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला है। पार्टी ने आरोप लगाया कि शिक्षा मंत्रालय की लापरवाही और अनियमितताओं के कारण लाखों छात्रों को मानसिक परेशानी झेलनी पड़ी है और शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को राजधर्म निभाते हुए इस्तीफा दे देना चाहिए। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने सोशल मीडिया पर कहा कि कई सप्ताह तक साइबर सुरक्षा खामियों से इनकार करने के बाद सीबीएसई ने आखिरकार स्वीकार कर लिया है कि उसका ओएसएम सिस्टम प्रभावित हुआ है। जयराम रमेश ने सवाल उठाया कि इस मामले में ठेका प्राप्त कंपनी सीओईएमपीटी के खिलाफ क्या कार्रवाई की जाएगी?

## श्रीलंका : धार्मिक उत्सव के दौरान हादसा, छह मरे

**कोलंबो।** श्रीलंका की राजधानी कोलंबो के बाहरी इलाके में बौद्ध धर्म के प्रमुख वेसाक उत्सव के दौरान एक बेकाबू ट्रक ने लोगों की भीड़ को कुचल दिया, जिसमें छह लोगों की दर्दनाक मौत हो गई और 13 अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस के अनुसार, ट्रक का ड्राइवर नशे की हालत में वाहन चला रहा था और नशे की हालत में ही उसने उत्सव मना रहे लोगों की भीड़ को कुचल दिया। यह हादसा रविवार रात कोलंबो को मीगोडा इलाके में हुआ, जहां वेसाक समारोह के तहत लगाए गए एक मुफ्त फूड स्टॉल के बाहर बड़ी संख्या में लोग कतार में खड़े थे। इसी दौरान तेज रफ्तार पिकअप ट्रक भीड़ में घुस गया। पुलिस के मुताबिक, मृतकों में 35 से 38 वर्ष आयु के तीन पुरुष और 15 से 56 वर्ष आयु की तीन महिलाएं शामिल हैं।

### उपलब्धि — ब्रह्मोस, आकाश और नेत्र खरीदने में कई देश रुचि दिखा रहे

## ऑपरेशन सिंदूर से दुनिया में भारतीय हथियारों की डिमांड बढ़ी

**नई दिल्ली।** ऑपरेशन सिंदूर में ब्रह्मोस, आकाश, लॉयटरिंग म्युनिशन और नेत्र जैसे भारतीय हथियारों के इस्तेमाल के बाद

- अब तक 21,000 करोड़ की डील हो चुकी है

दुनिया में इनकी मांग तेजी से बढ़ी है। कई देशों ने इन्हें खरीदने में रुचि दिखाई है, जबकि कुछ के साथ हजारों करोड़ रुपए के सौदे भी हो चुके हैं।

इनकी कीमत 21,000 करोड़ रुपए से अधिक है। रक्षा मंत्रालय




के मुताबिक, 2025-26 में भारत का रक्षा निर्यात रिकॉर्ड 38,424 करोड़ रुपए पहुंच गया, जो पिछले साल से 62 प्रतिशत ज्यादा है। ब्रह्मोस के लिए फिलीपींस, वियतनाम और दो अन्य देशों से करीब 12,500 करोड़ रुपए के सौदे हो चुके हैं। इंडोनेशिया के साथ लगभग 3,600 करोड़ रुपए की डील अंतिम मंजूरी के चरण में है। आकाश मिसाइल सिस्टम के लिए अर्मेनिया से 6,100 करोड़ रुपए का कॉन्ट्रैक्ट पहले ही हो चुका है।

**100 से ज्यादा देशों को 38,424 करोड़ रु. का निर्यात**

भारत अब 100 से अधिक देशों को रक्षा उपकरण निर्यात करता है, जिनमें अमेरिका, फ्रांस और अर्मेनिया प्रमुख हैं। अमेरिका सबसे बड़ा खरीदार है जहां 2.8 अरब डॉलर के प्रणाली व कल्पुर्जे बोइंग और लॉकहीड मार्टिन जैसी बड़ी कंपनियों को जाते हैं। अर्मेनिया जैसे देश पूरे तैयार हथियार खरीद रहे। सरकार ने 2029-30 तक 50,000 करोड़ रुपए का रक्षा निर्यात लक्ष्य रखा है। 2016-17 में यह मात्र 1,522 करोड़ रुपए था। यानी एक दशक से कम समय में इसमें 25 गुना से अधिक की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। ऑपरेशन सिंदूर के बाद मिले वैश्विक ध्यान ने इस लक्ष्य को और तेज गति देने के संकेत दिए हैं।

## संक्षिप्त ख़बरें

### प्रधानाध्यापक निलंबित

**परसरामपुर, बस्ती।** परसरामपुर विकास क्षेत्र के जगदीशपुर में पीएम श्री कंपोजिट प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक प्रभाकर तिवारी को बीएसए अनूप कुमार ने प्रधान का फर्जी हस्ताक्षर कर धन निकासी करने के आरोप में निलंबित कर दिया है। विगत 25 मई को जगदीशपुर की ग्राम प्रधान सुमन ने थाने में तहरीर देते हुए आरोप लगाया था कि उक्त विद्यालय के प्रधानाध्यापक प्रभाकर तिवारी ने एमडीएम खाते में जमा धन चेक के माध्यम से प्रधान का फर्जी हस्ताक्षर कर एक लाख दस हज़ार रुपए की निकासी कर लिया। मामले का खुलासा तब हुआ जब पूर्व प्रधानाध्यापक के फोन पर धन निकासी का मैसेज आया।उन्होंने तुरंत प्रधान से इसकी जानकारी ली तो प्रधान ने कहा मेरे द्वारा कोई पैसा नहीं निकाला गया, जिसके बाद प्रधान समेत दो- तीन लोग पंजाब नेशनल बैंक की गोपीनाथपुर शाखा पर पहुंचे तो वहां प्रधानाध्यापक मौजूद मिले और प्रधान को देखते ही निकासी किया गया, पैसा काउंटर पर ही छोड़कर भाग निकले। जिसके बाद पैसा पुनः खाते में जमा कराते हुए स्थानीय थाने पर अभिलेखों से हेराफेरी कर वित्तीय अनियमितता का आरोप लगाया था।खंड विकास अधिकारी की जांच में आरोप सही पाए जाने पर बेसिक शिक्षा अधिकारी ने प्रधानाध्यापक को निलंबित कर दिया है।

### ड्रिंक एंड ड्राइव के खिलाफ चलाया विशेष अभियान

**भिटौली।** एसपी के निर्देश पर रविवार देर रात भिटौली थाना क्षेत्र के सेमरा राजा टोल प्लाजा पर एक विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत यातायात पुलिस ने कुल 600 वाहनों की जाँच की, जिनमें से 213 वाहनों का ई-चालान किया गया। इस विशेष अभियान का मुख्य फोकस ड्रिंक एंड ड्राइव पर था, जिसे ऑपरेशन कार-ओ-बार नाम दिया गया। इसके तहत शराब पीकर गाड़ी चलाने के दस मामलों में चालान किए गए। यातायात पुलिस ने अन्य नियमों के उल्लंघन पर भी कार्रवाई की। मॉडिफाइड साइलेंसर वाले तीन वाहनों, प्रेशर हॉर्न का उपयोग करने वाले सात वाहनों और [illegible] नंबर प्लेट न होने वाले पाँच वाहनों का भी चालान किया गया। अभियान के दौरान चार नाबालिग चालकों को वाहन चलाते हुए पाया गया, जिनके वाहनों का भी चालान किया गया। यातायात प्रभारी अरुणेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि यह कार्रवाई यातायात नियमों के उल्लंघन को रोकने और सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से की गई।

### मिट्टी लदी ट्रैक्टर-ट्राली सीज

**सिन्दुरियां, महराजगंज।** पुलिस अधीक्षक शक्ति मोहन अवस्थी के निर्देश पर थाना सिन्दुरिया पुलिस द्वारा अवैध खनन के विरूद्ध कार्यवाही की गयी है । साथ ही वैध कागजात न दिखाने पर मिट्टी लदी एक ट्रैक्टर - ट्राली को सीज कर दिया गया। इस दौरान सिन्दुरिया थानाध्यक्ष विशाल कुमार शुक्ला ने बताया कि उनके नेतृत्व में उप निरीक्षक सुनील कुमार, का.निखिल कुमार सौरभ, हे. का. बृजेश यादव, का. अभिमन्यु खरवार, का. शशिकांत खरवार एवं म. का. सोनम की टीम रविवार की देर रात को क्षेत्र में गश्त और भ्रमण पर थी । इसी दौरान मिट्टी लदी एक ट्रैक्टर - ट्राली आता हुआ दिखाई दिया, जिसे पुलिस टीम द्वारा रोककर जांच किया गया। साथ ही ट्रैक्टर - चालक से वाहन से संबंधित आवश्यक अभिलेख तथा मिट्टी परिवहन से जुड़े वैध प्रपत्र की मांग की गयी । ट्रैक्टर चालक द्वारा वाहन या मिट्टी परिवहन से संबंधित कोई भी वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया जा सका। बिना किसी वैध कागजात और अवैध रूप से मिट्टी का परिवहन किये जाने पर पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते ट्रैक्टर - ट्रॉली (लदी हुई मिट्टी सहित) को मोटर वाहन अधिनियम की धारा 207 के अंतर्गत सीज किया गया। उन्होंने बताया कि सीज किये गये वाहन को थाना परिसर में लाकर खड़ा कराया गया है तथा नियमानुसार अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

### लापता युवक अयोध्या में मिला

**सिन्दुरियां, महराजगंज।** स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्रामसभा सिन्दुरिया निवासी 22 वर्षीय युवक चेन्नई से घर आते समय गायब हो गया। दो दिन बाद अयोध्या में मिलने से परिजनों ने राहत की सांस ली। जानकारी के अनुसार सिन्दुरिया थाना क्षेत्र के ग्रामसभा सिन्दुरिया निवासी 22 वर्षीय एजाज अली चेन्नई में कमाने के लिए गया था। वहां पर बाइस दिन रहने के बाद तीन दिन पहले सरकारी बस से वह घर वापस अपने साथी लकमुद्दीन के साथ आ रहा था। अभी वह अयोध्या के पास तक ही पहुंचाथा कि अपने साथी को बिना बताये गायब हो गया। उसका साथी घर पहुंचने पर एजाज के परिजनों को घटना से अवगत कराया। लापता होने कि जानकारी मिलते ही परिजनों के हाथ पांव फूल गये और किसी अनहोनी को लेकर परेशान होने लगे । परिजन रविवार को अयोध्या पहुंच पुलिस को सूचना दे रहे थे, तभी एजाज अली के बस स्टेशन के पास होने की सूचना मिली। एजाज को परिजन सोमवार की सुबह लेकर घर आये और घर आने के बाद परिजनों ने राहत की सास ली।

### समाजसेवी रामाश्रय की मूर्ति का हुआ लोकार्पण

**श्यामदेउरवां।** श्यामदेउरवा क्षेत्र के पुरैना स्थित एसबीएम इंटर कॉलेज में सोमवार को विद्यालय के पूर्व प्रबंधक स्वर्गीय रामाश्रय यादव की प्रतिमा स्थापित की गई। यह प्रतिमा उनकी पुण्यतिथि के अवसर पर विद्यालय प्रांगण में लगाई गई। विद्यालय के संचालक शैलेश यादव ने बताया कि उनके पिताजी की प्रतिमा स्थापित करने के साथ ही एक भोज कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। स्वर्गीय रामाश्रय यादव का निधन बीते एक जून, 2025 को स्वास्थ्य खराब होने के कारण हो गया था। इस अवसर पर वर्तमान प्रबंधक अखिलेश कुमार यादव, प्रधानाचार्या मंजू देवी, सर्वेश यादव, शैलेश यादव, संतोष कृष्ण त्रिपाठी सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## दाह-संस्कार में आए दो युवक सरयू में डूबे

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**दुबौलिया, बस्ती।** दुबौलिया थाना क्षेत्र के सरयू नदी के चांदपुर घाट पर दो युवक स्नान करते समय लापता हो गए।



लापता दोनों युवकों की तलाश दुबौलिया पुलिस स्थानीय गोताखोरों की मदद से जारी है।

सोमवार को कप्तानगंज थाना क्षेत्र के रखिया गांव निवासी सूरज चौधरी, 60 वर्ष के दाह-संस्कार में गांव के लोगों के साथ मनोज कन्नौजिया 25 वर्ष एवं विरेन्द्र चौधरी 20 वर्ष आये थे। दाह-संस्कार के बाद गांव के लोगों के साथ दोनो युवक नदी में स्नान कर रहे थे। अचानक नहाते समय दोनों युवक गहरे पानी में चले गये। देखते ही देखते दोनों युवक नदी के बहाव में लापता हो गये। घटना की सूचना पर पहुंची दुबौलिया पुलिस स्थानीय गोताखोरों की मदद से नाव द्वारा नदी में लापता दोनों युवकों की तलाश में जुट गई। उभाई गांव के गोतोखोरों ने मनोज कन्नौजिया की लाश नदी से बरामद कर लिया। समाचार लिखे जाने तक तक दूसरे युवक की तलाश जारी रही।

## पंचायत भवन में चोरी करने वाले दो गिरफ्तार

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**श्यामदेउरवां, महराजगंज।** श्यामदेउरवा पुलिस ने पंचायत भवन से चोरी के आरोप में दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से लगभग छह लाख रुपये का चोरी का सामान, एक अवैध पिस्टल, कारतूस और एक चाकू बरामद किया है। यह चोरी बीते माह 18 मई की रात बसहिया खुर्द स्थित पंचायत भवन में हुई थी।

गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान अफरोज (25 वर्ष), निवासी बसहिया बुजुर्ग, और अब्दुल अजीज (24 वर्ष), निवासी तरकुलवा भटगांवा, थाना श्यामदेउरवा के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, अफरोज के पास से एक 32 बोर की अवैध पिस्टल और एक जिंदा कारतूस मिला, जबकि अब्दुल अजीज के पास से एक अवैध चाकू बरामद हुआ। आरोपियों की निशानदेही पर पंचायत भवन से चोरी किया गया पूरा सामान बरामद कर लिया गया। इसमें पांच कंप्यूटर मॉनिटर, एक प्रिंटर, एक पेंट मशीन, दो सीपीयू,



दो कीबोर्ड, दो माउस, एक लैपटॉप चार्जर, तीन टूल्लू पंप, एक डीवीआर, एक डी-लिंक डिवाइस और चार सोलर पैनल शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, अफरोज के पास से एक मोबाइल फोन और 700 रुपये नकद (एक 500 रुपये का नोट और दो 100 रुपये के नोट) तथा अब्दुल अजीज के पास से 500 रुपये नकद (एक 500 रुपये का नोट) और एक मोबाइल फोन भी बरामद हुआ। घटना में प्रयुक्त एक पल्सर मोटरसाइकिल भी जब्त की गई है। बरामद कुल सामान की अनुमानित कीमत लगभग छह लाख रुपये है। पुलिस के अनुसार, पूछताछ में आरोपितों ने बताया कि पहले सरकारी भवनों, कार्यालयों और अन्य संस्थानों की गुप्त रूप से रेकी करते थे। वे भवनों की सुरक्षा व्यवस्था, आने-जाने के रास्तों, सीसीटीवी कैमरों की स्थिति और अंदर रखे मूल्यवान सामान की जानकारी जुटाते थे। पूरी जानकारी मिलने के बाद वे रात के समय चोरी की वारदातों को अंजाम देते थे। चोरी के दौरान वे कंप्यूटर, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, सरकारी अभिलेखों से संबंधित सामग्री, बैटरी, इन्वर्टर, विद्युत उपकरण और अन्य कीमती सामान को निशाना बनाते थे।

आरोपियों को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में श्यामदेउरवा थानाध्यक्ष सत्य प्रकाश सिंह, उपनिरीक्षक अनिकेत सिंह, अंजनी कुमार, कॉन्स्टेबल धीरज गिरी, जितेंद्र सिंह, मनीष सिंह, पंकज यादव और अनिल यादव शामिल थे।

## शिविर में हुई स्वास्थ्य जांच

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**महराजगंज।** गैर संचारी रोगों (एनसीडी) की समय रहते पहचान और नियंत्रण के उद्देश्य से सोमवार को कलेक्ट्रेट एवं विकास भवन परिसर में विशेष एनसीडी स्क्रीनिंग अभियान आयोजित किया गया। अभियान के दौरान जिलाधिकारी गौरव सिंह सोगरवाल और मुख्य विकास अधिकारी महेंद्र कुमार सिंह सहित कुल 97 अधिकारियों एवं कर्मचारियों की स्वास्थ्य जांच की गई।

कलेक्ट्रेट और विकास भवन में आयोजित स्क्रीनिंग के दौरान 14 व्यक्तियों में उच्च रक्तचाप (बीपी) तथा 11 व्यक्तियों में मधुमेह (शुगर) के लक्षण पाए गए। प्रभावित लोगों को नियमित उपचार कराने और चिकित्सकीय परामर्श का पालन करने की सलाह दी गई।

इस अवसर पर जिलाधिकारी गौरव सिंह सोगरवाल ने कहा कि उच्च रक्तचाप, मधुमेह तथा अन्य गैर संचारी रोग प्रारंभिक अवस्था में अक्सर बिना किसी स्पष्ट लक्षण के विकसित होते हैं। ऐसे में 30 वर्ष से अधिक आयु के सभी लोगों को नियमित रूप से स्वास्थ्य जांच करानी चाहिए। एनपी-एनसीडी कार्यक्रम के नोडल अधिकारी एवं डिप्टी सीएमओ डॉ. वीर विक्रम सिंह ने बताया कि जनपद में 16 जून तक निर्धारित रोस्टर के अनुसार विभिन्न ब्लॉक मुख्यालयों पर एनसीडी स्क्रीनिंग अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने 30 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से अभियान का लाभ उठाकर अपनी स्वास्थ्य जांच कराने की अपील की।



सदर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक एवं डिप्टी सीएमओ डॉ. के.पी. सिंह ने बताया कि स्क्रीनिंग के दौरान बीपी और शुगर से प्रभावित पाए गए व्यक्तियों को आवश्यक परामर्श और दवाएं उपलब्ध कराई गईं।

अभियान में स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी भागवत सिंह सहित स्वास्थ्य विभाग की टीम सक्रिय रूप से मौजूद रही।

### सूरज निकलने से पहले ही बिकने लगती है शराब

**हाटा, कुशीनगर।** स्थानीय नगर सहित ग्रामीण क्षेत्र के चौराहे पर खुले सरकारी शराब की दुकानों पर सूरज निकलने से पहले ही शराब की बिक्री शुरू हो जा रही है। लोगों का कहना है कि कई ठेकों पर सुबह चार-पांच बजे से ही हलचल शुरू हो जाती है। दुकान आधिकारिक समय पर बंद रहती है, लेकिन अंदर और बाहर खड़े होकर सेल्समैन चोरी-छिपे शराब बेचते हैं।

हाटा कस्बा सहित ग्रामीण क्षेत्र के चौराहा गड़ेरी पट्टी, भड़कुलवा चौराहे, देवराड़ पिपरा, भिसवा बाजार व रामकोला क्षेत्र के पिपरहिया, कसया क्षेत्र के सोहसा मठिया सहित दूर दराज के ग्रामीण क्षेत्रों में खुले शराब भट्ठियों के कर्मचारियों द्वारा सुबह पांच बजे ही शराब उपलब्ध करा दिया जाता है। लोगों का कहना है कि सुबह शराब की बिक्री होने से नशेड़ियों का हुड़दंग शुरू हो जाता है। ये नशेड़ी अब लोगों के लिए परेशानी का सबब गन गए हैं।

## योगी की जनसभा आज तैयारियां अंतिम चरण में

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**तमकुहीराज, कुशीनगर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रस्तावित जनसभा को लेकर तमकुहीराज में तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच गई हैं। प्रशासनिक अधिकारियों से लेकर जनप्रतिनिधियों और भाजपा संगठन के पदाधिकारी कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने के लिए पूरी सक्रियता के साथ जुटे हुए हैं। सोमवार शाम तक सभी तैयारियां पूरी कर ली गईं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार को सुबह 10 बजे तमकुहीराज स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग-28 (एनएच-28) के किनारे एनएचएआई पार्किंग परिसर में आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री 376 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली 271 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास करेंगे। कार्यक्रम को लेकर क्षेत्र में उत्साह का माहौल है।

जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर और पुलिस अधीक्षक केशव कुमार सभा स्थल का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दे चुके हैं। वहीं उपजिलाधिकारी आकांक्षा मिश्रा लगातार कार्यक्रम स्थल पर मौजूद रहकर तैयारियों की निगरानी कर रही हैं। निरीक्षण के दौरान मिली कमियों को तत्काल दूर कराने का कार्य भी जारी है।

भाजपा विधायक डॉ. असीम कुमार, भाजपा जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय तथा नगर पंचायत अध्यक्ष जेपी गुप्ता लगातार तैयारियों की समीक्षा कर रहे हैं। मंच, बैठक व्यवस्था, पार्किंग, पेयजल एवं अन्य सुविधाओं को लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक सुझाव दिए जा रहे हैं।

## 153 गायब मोबाइल फोन हुए बरामद

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**कुशीनगर।** जनपद कुशीनगर की सर्विलांस सेल एवं संबंधित थाना पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में जनता के खोए हुए 153 मोबाइल फोन बरामद कर उनके वास्तविक स्वामियों को वापस सौंप दिया गया। बरामद मोबाइल फोनों की अनुमानित कीमत करीब 32 लाख रुपये बताई गई है।

पुलिस अधीक्षक कुशीनगर केशव कुमार के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ वर्मा के पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी अपराध राकेश प्रताप सिंह के नेतृत्व में सर्विलांस सेल ने सीईआईआर (ष्टश्वढ्ढक्र) पोर्टल पर दर्ज शिकायतों के आधार पर कार्रवाई करते हुए जनपद सहित अन्य स्थानों से मोबाइल फोन खोज निकाले।

सोमवार को पुलिस कार्यालय स्थित सभागार में क्षेत्राधिकारी कार्यालय के अधिकारियों द्वारा बरामद मोबाइल फोन उनके मालिकों को सौंपे गए। अपने खोए हुए मोबाइल वापस मिलने पर लोगों ने पुलिस की कार्यप्रणाली की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया। बरामद मोबाइल फोन विभिन्न कंपनियों के हैं, जिनमें वीवो के 49, रियलमी के 28, ओप्पो के 15, रेडमी और सैमसंग के 10-10 मोबाइल प्रमुख रूप से शामिल हैं। इसके अलावा वनप्लस, मोटोरोला, पोको, टेक्नो, इनफिनिक्स, आईक्यू, नथिंग, ऑनर और आईटेल कंपनियों के मोबाइल भी बरामद किए गए।

मोबाइल बरामदगी अभियान में सर्विलांस सेल की टीम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। पुलिस अधिकारियों ने लोगों से अपील की कि मोबाइल खोने या चोरी होने की स्थिति में तत्काल पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराएं, जिससे उसे ट्रैक कर बरामद किया जा सके।

### स्थानांतरित बीएसए को शिक्षकों ने दी विदायी

**पडरौना कुशीनगर।** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डा राम जियावन मौर्य का स्थानांतरण जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के पद पर देवरिया में हुआ है। सोमवार को जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ कुशीनगर की ओर से शिक्षकों ने डा राम जियावन मौर्य को फूल मालाओं से लादकर एवं अंगवस्त्र देकर भव्य विदायी दी गयी। इस दौरान जिलाध्यक्ष राजेन्द्र सिंह एवं जिला महामंत्री छेदी प्रसाद ने बीएसए डा मौर्य के कार्य,व्यवहार की जमकर सराहना करते हुए उन्हें शिक्षक हितैषी बताया। इस दौरान इन्द्रजीत मणि त्रिपाठी, दिनेश सिंह, मोलई प्रसाद प्रजापति, कुंजेश्वर सिंह, महेश रज्जक,रामेश्वर सिंह, सतीश पासवान, ओमप्रकाश, मुन्ना सिंह, राहुल कुमार, जगदीश पांडेय, गोवर्धन सिंह, अनिल सिंह,नागेन्द्र सिंह, श्रृषिकेश सिंह आदि रहे।

## नगर की विद्युत व्यवस्था बहाल करें अधिकारी : राना दिनेश

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**बस्ती।** बिजली समस्याओं के निजात हेतु उत्तर प्रदेश राज्य पंचायत परिषद के प्रदेश अध्यक्ष राना दिनेश प्रताप सिंह पूरे प्राण प्रण से जुटे हुए हैं। शनिवार को लखनऊ में सूबे के ऊर्जा मंत्री एके शर्मा से मुलाकात कर वस्तु स्थित से अवगत कराया तो सोमवार को बस्ती लौटकर अधिशासी अभियंता दफ्तर घेर कर घंटों बैठे रहे। उन्होंने मंत्री से जिले में अघोषित कटौती समाप्त करने, जर्जर पोल और तार बदलने, ट्रांसफार्मरो की क्षमता वृद्धि किए जाने सहित बढ़े हुए विद्युत दरों को वापस लिए जाने की मांग किया। इधर सोमवार को दल बल सहित श्री राना अधिशासी अभियंता द्वितीय अरुण सिंह के कार्यालय पहुंचे तो वे नदारत थे। इस पर भड़के राना ने क्षेत्र के सहायक अभियंता अशीष मिश्र को फोन कर कार्यालय बुलाया। उन्होंने कहा कि आज शाम तक हर हाल में नगर की विद्युत व्यवस्था बहाल करें अन्यथा कठोर कदम उठाने पर मजबूर होना पड़ेगा। श्री राना ने कहा कि बारीजोत, बकैनिया, बरवनिया, खुटहन, देवापार सहित अनेक वार्डो में आंधी पानी के बाद 7 दिनों तक विद्युत सप्लाई नहीं हो सकी जिससे उपभोक्ता आक्रोशित है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पूज्य योगी आदित्यनाथ एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा का स्पष्ट निर्देश है कि 24 घंटे में विद्युत समस्याओं का निदान किया जाए परंतु विपक्षी मानसिकता से ग्रसित कुछ अधिकारी कर्मचारी जानबूझ कर सरकार को बदनाम करने का षड्यंत्र कर रहे हैं। सहायक अभियंता अशीष मिश्र ने अवर अभियंता और संबधित ठेकेदार से बात कर आश्वासन दिया कि 24 घंटे में सभी समस्याओं का हल करा दिया जाएगा।



## मेधावियों का हुआ सम्मान

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**महराजगंज।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। प्रदेश स्तर पर विभिन्न शिक्षा बोर्डों के कुल 1682 मेधावियों को सम्मान प्रदान करते हुए उन्हें एक लाख रुपये का चेक, टैबलेट, मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

इसी क्रम में महराजगंज कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित समारोह में जनपद के हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट के मेधावी छात्र-छात्राओं को 21-21 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि, मेडल एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष रविकांत पटेल ने कहा कि विद्यार्थियों की यह उपलब्धि उनकी मेहनत, अनुशासन और समर्पण का परिणाम है। उन्होंने कहा कि सम्मानित छात्र-छात्राएं अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं और भविष्य में भी जनपद का नाम रोशन करेंगे। विधायक पनियरा ने विद्यार्थियों को लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने की सलाह देते हुए डिजिटल संसाधनों के सकारात्मक उपयोग पर बल दिया। वहीं विधायक फरेंदा ने कहा कि हाईस्कूल और इंटरमीडिएट स्तर पर मिली सफलता विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव है। जिलाधिकारी गौरव सिंह सोगरवाल ने मेधावियों को बधाई देते हुए कहा कि वर्तमान उपलब्धि को आगे की सफलताओं की शुरुआत मानकर निरंतर परिश्रम करते रहना चाहिए।

हाईस्कूल वर्ग में विजय लक्ष्मी, आयुषी, अनामिका, आस्था, दीक्षा, रितिका, अदिति, अवंतिका, हाजरा खातून एवं कशिश सहित कई छात्राएं सम्मानित हुईं। इंटरमीडिएट वर्ग में विश्वम्भर, सत्यम, पवन, सचिन, शबनम, सौरभ, सरस्वती, स्मिता और आस्था समेत कुल 11 मेधावियों को सम्मान मिला।

## चौपाल में विधायक ने सुनीं जनसमस्याएं

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**महराजगंज।** सदर विधायक जय मंगल कन्नौजिया ने रविवार को विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों में आयोजित चौपाल कार्यक्रमों में ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और केंद्र तथा प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। इस दौरान उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने भ्रष्टाचार और अपराध पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करते हुए गांव, गरीब, किसान, युवा और महिलाओं के कल्याण के लिए अनेक महत्वपूर्ण कार्य किए हैं।

विधायक ने कहा कि नरेंद्र मोदी और योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में सरकार सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मूल मंत्र पर कार्य कर रही है। सरकार की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि किसानों को सम्मान निधि, फसल बीमा योजना,



सिंचाई सुविधाओं तथा कृषि से जुड़े आधुनिक संसाधनों का लाभ मिल रहा है। वहीं युवाओं के लिए रोजगार और स्वरोजगार के नए अवसर उपलब्ध कराए गए हैं। महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से स्वयं सहायता समूहों को बढ़ावा दिया गया है। उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, शौचालय निर्माण तथा मातृ एवं बाल कल्याण योजनाओं ने महिलाओं के जीवन स्तर में सकारात्मक बदलाव लाने का कार्य किया है। विधायक ने कहा कि प्रदेश में कानून-व्यवस्था मजबूत होने से आमजन में सुरक्षा की भावना बढ़ी है और विकास कार्यों को गति मिली है। चौपाल के दौरान उन्होंने ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को उनके शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि जनता की सेवा और क्षेत्र का विकास उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। सरकार की योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचाना जनप्रतिनिधियों और प्रशासन की साझा जिम्मेदारी है।

कार्यक्रम में प्रमुख प्रतिनिधि राम हरख गुप्ता, मंडल अध्यक्ष अशोक पटेल, मंडल महामंत्री राजन गुप्ता, प्रधान संदेश पटेल, शैलेन्द्र पटेल, जितेंद्र पटेल, अशोक विश्वकर्मा, रामपत साहनी, बृजकिशोर पटेल, अमित त्रिपाठी, परशुराम जायसवाल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण और भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## एयरपोर्ट पर स्थिति स्पष्ट करें सीएम : ब्रह्मशंकर

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**कसया/कुशीनगर।** पूर्व मंत्री और सपा के वरिष्ठ नेता ब्रह्मशंकर त्रिपाठी ने जिले के दौरे पर आ रहे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से अपेक्षा की है कि वह कुशीनगर एयरपोर्ट को लेकर जनता के समक्ष स्थिति स्पष्ट करेंगे। उन्होंने सोमवार को कसया में पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि आम धारणा है कि मुख्यमंत्री की अनिच्छा के कारण इस एयरपोर्ट से नियमित घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय उड़ान शुरू नहीं हो पा रही है। ऐसे में हमारी यह मांग है कि वह इस एयरपोर्ट से उड़ान को लेकर साफ साफ जनता को बताएं ।



पूर्व मंत्री ने कहा कि अन्नदाता किसान उर्वरक और डीजल के लिए लाइन में लगकर धक्के खा रहा है। उसे पुलिस की लाठियां मिल रही है। खाद्य पदार्थों के दाम आसमान छू रहे है। पेट्रोल और गैस के बढ़े दामों और उपर से काला बाजारी के कारण लोग त्रस्त हो गए है। अधिकारी और कर्मचारी मस्त हैं। उन पर सरकार का कोई भय या नियंत्रण नहीं रह गया है। थाना और तहसील में भ्रष्टाचार चरम पर है। कानून व्यवस्था पूरी तरह समाप्त होने के कारण अपराध की घटनाओं की बाढ़ आ गई है। सरकार के विरुद्ध बोलने वाले लोगों को प्रशासन तंत्र डरा धमका रहा है। उन्हें प्रताड़ित करने का काम किया है।

पूर्व मंत्री ने कहा कि जनता को अपेक्षा है कि मुख्यमंत्री इन बिंदुओं पर स्थिति स्पष्ट करेंगे और राहत देने का काम करेंगे।

# बदहाल था चिलुआताल, योगी सरकार ने बना दिया पर्यटन स्थल

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**गोरखपुर।** शहर के उत्तरी छोर पर दशकों तक बदहाल रहे विशाल प्राकृतिक जलाशय, चिलुआताल को योगी सरकार ने निखरा हुआ पर्यटन स्थल बना दिया है। सीएम योगी के विजन से चिलुआताल घाट का कायाकल्प शहर के उत्तरी छोर में पर्यटन का प्रमुख केंद्र बन चुके रामगढ़ताल की तर्ज पर कराया गया है।

रामगढ़ताल की तरह चिलुआताल घाट भी पर्यटन के साथ रोजगार का केंद्र बनेगा। इसके लिए घाट पर सात कियॉस्क भी बनाए गए हैं। 20.39 करोड़ रुपये से है चिलुआताल के पर्यटन विकास एवं सौंदर्यीकरण कार्य का लोकार्पण मंगलवार (2 जून) को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे। महानगर के दक्षिणी छोर पर रामगढ़ताल पूर्वी उत्तर प्रदेश का लोकप्रिय पर्यटन स्थल बन चुका है। अब उत्तरी छोर पर भी रामगढ़ताल




सा ही नजारा चिलुआताल घाट पर दिख रहा है। पर्यटन विभाग के उप निदेशक राजेंद्र प्रसाद यादव के अनुसार चिलुआताल के सौंदर्यीकरण और पर्यटन विकास के कार्यों पर 20 करोड़ 39 लाख रुपये खर्च किए गए हैं। काम पूरा होने के बाद से ही लोग यहां आकर आनंदित हो रहे हैं। विकसित चिलुआताल घाट को औपचारिक रूप से मंगलवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हाथों जनता को समर्पित कर दिया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि चिलुआताल भी रामगढ़ताल की तरह दशकों से उपेक्षित पड़ा रहा। योगी सरकार ने पहले रामगढ़ताल का कायाकल्प कर उसे वैश्विक पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया तो अब उसी तर्ज पर चिलुआताल को भी संवारा गया है। रामगढ़ताल की ही तरह चिलुआताल आगामी दिनों में मनोरंजन के साथ रोजगार का केंद्र बनेगा। इसके लिए सात दुकानें (कियोस्क) भी बनाए गए हैं। चिलुआताल घाट पर एक तरफ लोग मनोरंजन करेंगे तो वहीं दुकानों पर जायके का आनंद भी ले सकेंगे। चिलुआताल में लोगों को बोटिंग करने की भी सुविधा मिलेगी।

## ग्रेटर गीडा के रूप में विकसित होगी धुरियापार इंडस्ट्रियल टाउनशिप

**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के ड्रीम प्रोजेक्ट्स में शामिल धुरियापार इंडस्ट्रियल टाउनशिप, ग्रेटर गीडा के रूप में विकसित होगी। करीब सात हजार एकड़ में विकसित होने वाली इस इंडस्ट्रियल टाउनशिप में सौ एकड़ से अधिक भूखंडों का आवंटन हो चुका है और अब दूसरे चरण के आवंटन के तहत चार सौ एकड़ से अधिक औद्योगिक भूखंडों के आवंटन की प्रक्रिया शीघ्र शुरू होने जा रही है। इसके साथ ही पहले से आवंटित औद्योगिक भूखंडों पर दो बड़ी इकाइयों के शिलान्यास की भी तैयारी की जा रही है। गीडा (गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण) की ओर से धुरियापार इंडस्ट्रियल टाउनशिप को 6876 एकड़ में विकसित किया जा रहा है। यह औद्योगिक क्षेत्र 17 अधिसूचित ग्रामों में विस्तृत है। यह इंडस्ट्रियल टाउनशिप पूर्वांचल के सबसे बड़े इंडस्ट्रियल लैंड बैंक वाली होगी। इस इंडस्ट्रियल टाउनशिप के पहले फेज में गीडा द्वारा 800 एकड़ भूमि को अधिग्रहित कर उसे इंडस्ट्री की डिमांड के अनुरूप विकसित किया जा रहा है। गीडा की मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अनुज मलिक के अनुसार इंडस्ट्रियल टाउनशिप के औद्योगिक सेक्टर-5 को साढ़े चार सौ एकड़ एरिया में विकसित किया गया है। यहां दो बड़े निवेशकों को जमीन भी आवंटित कर दी गई है। इसके साथ ही औद्योगिक सेक्टर-6 और 6-ए को विकसित किया जा रहा है। सीईओ के अनुसार बड़े निवेशकों की तरफ से निवेश के लिए लगातार जमीन की मांग को देखते हुए अब एक बार फिर चार सौ एकड़ से अधिक क्षेत्रफल के औद्योगिक भूखंडों के आवंटन की प्रक्रिया जल्द शुरू होने जा रही है।

पूर्व में संपन्न हुई आवंटन प्रक्रिया में अडानी समूह ने अंबुजा सीमेंट की यूनिट के लिए 46.63 एकड़ जबकि श्रेयश डिस्टिलरी-एनर्जी लिमिटेड ने 60.48 एकड़ भूमि आवंटित कराई है। इन दोनों भूमि आवंटन के सापेक्ष 4200 करोड़ रुपये का निवेश आना और 6500 लोगों के लिए रोजगार सृजन प्रस्तावित है। इन दोनों इकाइयों के शिलान्यास की भी तैयारी शुरू हो चुकी है। धुरियापार इंडस्ट्रियल टाउनशिप में अडानी समूह ने अंबुजा सीमेंट यूनिट के लिए रेलवे लाइन स्लाइडिंग बनवाने को अतिरिक्त भूमि की मांग की है। साथ ही टाटा पॉवर ने सोलर पॉवर प्लांट और व रिलायंस समूह ने कंज्यूमर प्रोडक्ट्स की यूनिट लगाने के लिए औद्योगिक भूखंड लेने के लिए निवेश का डीपीआर गीडा को दिया है। इसके अलावा अन्य कई निवेशक यहां अपनी पसंद की जमीन की मांग कर रहे हैं। निवेशकों की मांग को देखते हुए गीडा की तरफ से भूखंडों के आवंटन की रूपरेखा तैयार कर ली गई है।

गीडा की मुख्य कार्यपालक अधिकारी अनुज मलिक का कहना है कि मुख्यमंत्री जी धुरियापार इंडस्ट्रियल टाउनशिप को ग्रेटर गीडा के रूप में देखना चाहते हैं। टाउनशिप की परियोजना को इसी अनुरूप आगे भी बढ़ाया जा रहा है। सीईओ के अनुसार कनेक्टिविटी के लिहाज से यह इंडस्ट्रियल टाउनशिप शानदार है। यह टाउनशिप गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे के समीप है और यहां रेल कनेक्टिविटी भी होने जा रही है। धुरियापार इंडस्ट्रियल के जरिये गोरखपुर का दक्षिणांचल आने वाले समय में नई औद्योगिक पहचान की आभा से चमक उठेगा।

## चेयरमैन प्रभाकर ने बांटी मिठाईयां

**घघसरा, सहजनवां।** भारतीय जनता पार्टी के बिहार, झारखंड के संगठन मंत्री नागेन्द्र नाथ त्रिपाठी को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन द्वारा पार्टी का राष्ट्रीय संगठक बनाए जाने पर चेयरमैन प्रभाकर दुबे ने घघसरा में लोगो को मिठाई खिलाकर खुशी जताई। जिस दौरान



उन्होंने कहा कि नागेन्द्र जी भाई साहब ने पूरे जीवन को पार्टी के प्रति समर्पित कर पूर्ण समर्पण भाव से लगे रहे जिनका भाजपा पार्टी के प्रति कर्तव्यनिष्ठा से किए गए कार्यों के द्वारा इन्हें राष्ट्रीय संगठक बनाए जाने पर भाजपा पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं में हर्ष व्याप्त है इनके होने से भाजपा पार्टी मजबूत होगी और कार्यकर्ताओं का सम्मान बढ़ेगा।

# पेड़ से लटकता मिला शव

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**गोला।** गोला थाना क्षेत्र के कोटिया नायक गांव स्थित समय माता मंदिर परिसर में सोमवार सुबह ग्रामीणों ने एक व्यक्ति का शव संदिग्ध परिस्थितियों में नीम के पेड़ से लटकता मिला। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची गोला पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया तथा मामले की जांच शुरू कर दी है।

मृतक की पहचान जवाहिर यादव (37) पुत्र रामदुलारे यादव निवासी कोटिया नायक के रूप में हुई है। बताया जाता है कि जवाहिर यादव अपने परिवार से अलग-थलग रहता था और पिछले कुछ वर्षों से गांव के पूरब स्थित समय माता मंदिर परिसर में पुजारी के लिए बने कमरे में रहकर पूजा-पाठ करता था। वह स्वयं को त्यागी बाबा भी कहता था। ग्रामीणों के अनुसार वह तंत्र-मंत्र में विश्वास करता था और इस संबंध में कुछ लोगों का उसके पास आना-जाना भी लगा रहता था। बीच-बीच में वह मुंबई भी चला जाता था। ग्रामीणों के मुताबिक मृतक नशे का भी आदी था। परिजनों और ग्रामीणों का कहना है कि वह अक्सर नशे की हालत में रहता था, जिसके चलते उसका परिवार से लगाव कम हो गया था और वह अधिकांश समय मंदिर परिसर में ही बिताता था। जानकारी के अनुसार जवाहिर यादव तीन भाइयों में सबसे छोटा था। उसके बड़े भाई अशोक यादव और मझले भाई दिलीप यादव हैं। मृतक विवाहित था तथा उसके दो पुत्र और एक पुत्री हैं। इनमें एक पुत्र दिव्यांग है।

प्रधान सुरेश पाल ने बताया कि रविवार को किसी बात को लेकर जवाहिर यादव का अपने दोनों भाइयों से विवाद हो गया था। मामला बढ़ने पर पुलिस ने तीनों भाइयों का शांतिभंग की आशंका में चालान कर दिया था। बाद में न्यायालय से जमानत मिलने के बाद सभी घर लौट आए। जमानत के बाद जवाहिर सीधे मंदिर परिसर चला गया था।

सोमवार सुबह ग्रामीण जब मंदिर परिसर स्थित हैंडपंप पर पहुंचे तो उन्होंने नीम के पेड़ से शव लटकता देखा। इसकी सूचना ग्राम प्रधान और पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतरवाकर आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी की।

शव मिलने की सूचना के काफी देर बाद तक परिवार का कोई सदस्य मौके पर नहीं पहुंचा। पुलिस और ग्राम प्रधान के बुलाने पर बाद में मृतक का बड़ा भाई अशोक यादव वहां पहुंचा। पुलिस प्रथम दृष्टया इसे आत्महत्या का मामला मानकर जांच कर रही है।

थाना प्रभारी सीपी पांडेय का कहना है कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है तथा मामले की गहनता से जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# आईआईआरएफ-2026 रैंकिंग में मिला 9 वां स्थान

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**गोरखपुर।** मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय ने एक बार फिर देश के अग्रणी उच्च शिक्षण संस्थानों में अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज कराते हुए आईआईआरएफ (इंटरनेशनल इंस्टीट्यूशनल रैंकिंग फ्रेमवर्क) रैंकिंग-2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। विश्वविद्यालय ने इंजीनियरिंग श्रेणी में अखिल भारतीय स्तर पर 51वीं रैंक तथा प्रबंधन श्रेणी में 66 वीं रैंक प्राप्त की है। साथ ही, दोनों श्रेणियों में उत्तर प्रदेश में 9 वां स्थान हासिल किया है। उल्लेखनीय है कि एमएमएमयूटी ने राज्य सरकार के तकनीकी संस्थानों में द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। इस श्रेणी में एचबीटीयू, कानपुर प्रथम स्थान पर रहा, जिसे उत्तर प्रदेश में तृतीय स्थान तथा राज्य सरकार के तकनीकी संस्थानों में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है।

पिछले कुछ वर्षों में एमएमएमयूटी ने शैक्षणिक गुणवत्ता, अनुसंधान उत्पादकता, नवाचार, उद्योग-शैक्षणिक सहयोग, स्टार्टअप



प्रोत्साहन, आधारभूत संरचना विकास तथा छात्र प्लेसमेंट के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। विश्वविद्यालय को उभरती प्रौद्योगिकियों के क्षेत्र में भी विशेष पहचान मिली है तथा हाल ही में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के उभरते क्षेत्रों में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना की गई है।

इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. अनुपमा कौशिक शर्मा ने कहा, ÷यह उपलब्धि हमारे शिक्षकों, शोधार्थियों, विद्यार्थियों, पूर्व छात्रों, उद्योग सहयोगियों तथा प्रशासनिक कर्मचारियों के सामूहिक प्रयासों का परिणाम है। एमएमएमयूटी शिक्षा, अनुसंधान, नवाचार, उद्यमिता और सामाजिक विकास के क्षेत्र में उत्कृष्टता के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है। हम अपने शैक्षणिक परिवेश को और सुदृढ़ बनाने, अत्याधुनिक अनुसंधान को बढ़ावा देने, उद्योग सहभागिता को विस्तार देने तथा विद्यार्थियों को वैश्विक स्तर पर सक्षम एवं जिम्मेदार नागरिक के रूप में तैयार करने के लिए सतत प्रयासरत रहेंगे। यह सम्मान हमें भविष्य में और भी ऊंचे मानदंड स्थापित करने के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने इस उपलब्धि में योगदान देने वाले सभी हितधारकों को बधाई देते हुए एमएमएमयूटी को तकनीकी शिक्षा, अनुसंधान, नवाचार एवं सतत विकास के क्षेत्र में राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठित उत्कृष्टता केंद्र के रूप में स्थापित करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

# सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत किया गया जागरूक

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**सहजनवां।** राष्ट्रीय राजमार्ग 28 के फोरलेन पर स्थित तेंदुआ टोल प्लाजा पर परियोजना निदेशक ललित प्रताप पाल के दिशा निर्देशन में सुरक्षा सप्ताह का आयोजन किया गया। सुरक्षा सप्ताह के दौरान टोल प्लाजा एवं हाईवे मेंटेनेंस टीम ने संयुक्त रूप से वाहन चालकों, राहगीरों और टोल स्टाफ को गर्मी एवं तेज धूप से बचाव के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान सभी टोल कर्मचारियों को भीषण गर्मी में सुरक्षित तरीके से कार्य करने के तौर-तरीके भी समझाए गए। इस अवसर पर टोल प्रबंधन द्वारा वाहन चालकों, राहगीरो एवं टोल कर्मचारियों के बीच ठंडा पानी, ग्लूकॉन डी और ओआरएस का घोल वितरित किया गया।टोल मैनेजर दुर्गेश शुक्ला ने बताया कि यह कार्यक्रम लगातार एक सप्ताह तक चलेगा। जिसमें धूप और तेज गर्मी से बचने के लिए वाहन चालकों और राहगीरों को जागरूक



किया जाएगा। कार्यक्रम में टोल प्लाजा मैनेजर दुर्गेश शुक्ला, पवन शर्मा, राजीव यादव तथा मेंटेनेंस मैनेजर वेद प्रकाश त्रिपाठी, चंद्रशेखर यादव, हरेंद्र सिंह, शम्मी शर्मा सहित टोल प्लाजा के सभी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## सरयू तटबंध की सुरक्षा व बाढ़ बचाव को लेकर बैठक

**गोला।** शासन के निर्देश पर नगर पंचायत गोला में सोमवार को सिंचाई विभाग एवं राजस्व विभाग के अधिकारियों की एक आवश्यक बैठक आयोजित की गई। बैठक में सरयू नदी के तटबंध की सुरक्षा, सर्पदंश, नदी में डूबने से होने वाली घटनाएं, नाव दुर्घटनाएं तथा संभावित बाढ़ से बचाव के उपायों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में समिति द्वारा निर्णय लिया गया कि सरयू नदी के तटबंध की लगातार निगरानी की जाएगी। नदी के जलस्तर एवं बहाव क्षेत्र में होने वाले उतार-चढ़ाव पर विशेष नजर रखी जाएगी, ताकि किसी भी आपात स्थिति से समय रहते निपटा जा सके। अधिकारियों ने बाढ़ सुरक्षा के लिए आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया। इसके तहत मिट्टी से भरी बोरियां, गिट्टी तथा नायलॉन क्रेट पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध रखने का निर्णय लिया गया।

# अवैध मिट्टी खनन की शिकायत पर शिकायतकर्ता से मारपीट

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**गोला।** गोला थाना क्षेत्र की धुरियापार चौकी अंतर्गत नगवा प्रेम गांव में अवैध मिट्टी खनन की शिकायत करने वाले एक युवक ने खनन से जुड़े लोगों पर मारपीट और सोने की चेन छीनने का आरोप लगाया है। पीड़ित का कहना है कि घटना की लिखित शिकायत देने के बावजूद अभी तक पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की है।

ग्राम नगवा प्रेम निवासी अरविंद राय पुत्र रामरक्षा राय ने धुरियापार चौकी पर दिए गए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया है कि गांव का एक व्यक्ति 30 मई की रात अवैध रूप से मिट्टी खनन करा रहा था। इसकी सूचना उन्होंने डायल 112 पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने खनन कार्य रुकवा दिया। अरविंद का आरोप है कि पुलिस से शिकायत करने से नाराज होकर कथित खनन माफिया ने अपने कुछ अज्ञात साथियों के साथ 31 मई की शाम पक्का बाजार के पास उन्हें घेर लिया और मारपीट की। इस दौरान उनकी सोने की चेन भी छीन ली गई।

पीड़ित का कहना है कि उन्होंने उसी दिन शाम करीब साढ़े पांच बजे चीनी मिल चौकी पर लिखित शिकायत दी, लेकिन अब तक न तो मुकदमा दर्ज किया गया और न ही आरोपितों के खिलाफ कोई कार्रवाई हुई। पीड़ित ने यह भी आरोप लगाया है कि चौकी पुलिस उस पर जबरन समझौता करने का दबाव बना रही है। उसका कहना है कि कार्रवाई करने के बजाय मामले को समझौते के जरिए निपटाने का प्रयास किया जा रहा है।

वहीं चौकी प्रभारी जितेंद्र कुमार ने बताया कि प्रार्थना पत्र मिलने के बाद दोनों पक्षों को चौकी पर बुलाया गया था। दोनों पक्ष पहुंचे भी थे, लेकिन बातचीत शुरू होने के दौरान शिकायतकर्ता ने घर से जरूरी फोन आने की बात कहकर जाने की अनुमति मांगी और फिर वापस नहीं आया। उन्होंने बताया कि शिकायतकर्ता का मोबाइल फोन भी बंद आ रहा है, जबकि दूसरे पक्ष के लोग अभी भी चौकी पर मौजूद हैं। मामले की जांच की जा रही है।

# सर्पदंश से महंत का निधन

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**गोला।** कस्बा गोला के वार्ड संख्या 18 स्थित रामजानकी मंदिर के महंत सुशील दास का रविवार की रात्रि में बीआरडी मेडिकल कॉलेज में उपचार के दौरान निधन हो गया। सोमवार को श्रद्धालुओं एवं संत-महात्माओं की उपस्थिति में उन्हें सरयू नदी की मध्य जलधारा में जलसमाधि दी गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार महंत सुशील दास, अयोध्या धाम के साकेतवासी संत रामस्वरूप दास उर्फ नीमिया दास के परम शिष्य थे और शंकर साव पोखरा के समीप स्थित रामजानकी मंदिर के महंत के रूप में सेवा कर रहे थे। लगभग एक सप्ताह पूर्व भोर में उन्हें सर्प ने काट लिया था। परिजन और श्रद्धालु उन्हें उपचार के लिए दोहरीघाट ले जा रहे थे, तभी भीटी पेट्रोल पंप के पास उनकी तबीयत अचानक बिगड़ गई और वे बेहोश हो गए। होश में आने के बाद उन्हें दोहरीघाट ले जाया गया, जहां उपचार के बावजूद उनकी स्थिति में अपेक्षित सुधार नहीं हुआ।

बाद में उन्हें बीआरडी मेडिकल कॉलेज, गोरखपुर में भर्ती कराया गया। स्थानीय लोगों के अनुसार सर्प के विष का प्रभाव अधिक होने से उनकी हालत लगातार गंभीर बनी रही और उपचार के दौरान उनका निधन हो गया। महंत सुशील दास के निधन से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। जलसमाधि के दौरान अयोध्या से आए संतों एवं क्षेत्रीय गणमान्य लोगों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर राघवेंद्र दास, जिला भाजपा कोषाध्यक्ष शत्रुघ्न कसौधन, महंत राजेंद्र दास, वरिष्ठ पत्रकार घनश्याम कसौधन, सभासद गुड्डू राय, राजकुमार हिंदुस्तानी, सभासद दिनेश राय सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# प्रशासक बनाये जाने पर हुआ प्रदर्शन

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**सहजनवां।** प्रधान को प्रशासक बनाए जाने पर सोमवार को भारी संख्या में प्रधान,क्षेत्र पंचायत,जिला



पंचायत सदस्य के चुनाव में भागीदारी लेने वाले भावी प्रत्याशियों ने तहसील मुख्यालय पर प्रदर्शन करते हुए राज्यपाल को संबोधित एक ज्ञापन नायब तहसीलदार राम सूरज को सौंपा।

प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे इंद्रदेव सिंह ने कहा कि सरकार त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 2027 में कराना चाहती है। जो सरकार की नाकामी है। और लोकतंत्र की हत्या कर रही है। पिछड़ा आयोग का का गठन 8 माह बाद किया गया। जो 20 मई 2026 को जारी किया गया है। मतदाता सूची का प्रकाशन 15 जनवरी 2026 को होना था। जो अब 10 जून 2026 को कर दिया गया है। प्रदेश सरकार पंचायत चुनाव मे अपने खराब प्रदर्शन के भय से ऐसा कर रही है। भावी प्रत्याशियों की मांग है कि त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव समय से कराया जाय।

इस दौरान दिलीप कुमार मौर्य, गुब्बूलाल प्रजापति, हरेंद्र यादव, राजनाथ राव, सतेंद्र मौर्य, अजीत यादव, धर्मेंद्र कुमार, अजय शर्मा, शमशेर अली, समीर सिंह, मुन्ना सिंह, मनीष चौधरी, संदीप मौर्य सहित सैकड़ों भावी प्रत्याशी मौजूद थे।

# केशोपुर जुआरियों का बना अड्डा

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**सहजनवां, गोरखपुर।** नगर पंचायत सहजनवा के केशोपुर बगिया गेट के पास स्थित हनुमान मंदिर के बगल में मौजूद बाग वर्तमान समय में जुआरियों का अड्डा बन चुका है। आरोप है कि यह गोरखधंधा पुलिस के संरक्षण में चल रहा है। जिससे परेशान वार्ड की सभासद नीलम यादव ने थाने में शिकायत दर्ज कराते हुए आरोप लगाया है कि हनुमान मंदिर के बगल में स्थित बाग में अपराह्न 2 बजे से शाम 6 बजे तक जुआरियों का जमावड़ा लगा रहता है। इस गोरखधंधे के खेल में पुलिस का संरक्षण मिला हुआ। प्रतिदिन लाखों रुपए का वारा न्यारा होता है। कभी कभी जुआरी आपस में मारपीट करते रहते है। जिससे कालोनी के लोग डरे सहमे रहते है। इस अवैध धंधे के संचालित होने से चोरी की घटनाओं के साथ अपराध में वृद्धि हो रही है। जिसे पुलिस तत्काल बंद कराए।



इस संदर्भ में सीओ गीडा योगेन्द्र सिंह ने कहा कि तत्काल इस मामले की जांच मेरे द्वारा की जाएगी। जुआरियों को चिह्नित कर कारवाई की जायेगी।

# मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर हुई बैठक

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**सहजनवां।** गीडा जीरो प्वाइंट स्थित फ्लैटेड फैक्ट्री परिसर के 3 जून को प्रस्तावित लोकार्पण कार्यक्रम को भव्य, ऐतिहासिक एवं सफल बनाने के उद्देश्य से भाजपा कार्यालय सहजनवा में एक महत्वपूर्ण तैयारी बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता क्षेत्रीय महामंत्री एवं सहजनवा विधायक प्रदीप शुक्ला ने की।

बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा, जनसहभागिता, स्वागत व्यवस्था, यातायात प्रबंधन एवं संगठनात्मक तैयारियों पर विस्तृत चर्चा की गई। विधायक प्रदीप शुक्ला ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में गीडा क्षेत्र निरंतर विकास की नई ऊंचाइयों को प्राप्त कर रहा है। फ्लैटेड फैक्ट्री परिसर का लोकार्पण क्षेत्र में औद्योगिक विकास को नई गति प्रदान करेगा तथा युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से कार्यक्रम को सफल एवं ऐतिहासिक बनाने के लिए पूरी निष्ठा और सक्रियता के साथ जुटने का आह्वान



किया।

बैठक में पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य डॉ. आर.डी. सिंह, जिला महामंत्री उमाशंकर निषाद, जिला मंत्री मनोज सिंह,रामपाल सिंह,नगर पंचायत अध्यक्ष उमेश दुबे, ब्लॉक प्रमुख शशी प्रताप सिंह, रवि प्रताप सिंह, राम उजागिर शुक्ला राम बुझारत पासी,मंडलध्यक्ष विजय बहादुर सिंह ,सूर्यनाथ विश्वकर्मा, गौरव गुप्ता, मनीष पांडेय सुमित सिंह राम प्रकाश चौरसिया शिवचरण प्रसाद विजय मिश्रा राहुल सिंह, राजेश त्रिपाठी सहित भाजपा के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# इंटीग्रेटेड चेकपोस्ट की कार्यप्रणाली से नाराज ड्राइवरों ने किया हड़ताल

## आईसीपी में नहीं हुआ कोई काम,सीमा पर सैकड़ों ट्रकों की लगी लंबी कतार



**स्वतंत्र भारत रूपईडीहा बहराइच।** भारत-नेपाल सीमा स्थित आईसीपी रूपईडीहा में कार्यरत कस्टम क्लीयरिंग एजेंटों एवं ड्राइवरों ने एलपीएआई की कथित अव्यवस्था, मनमानी और अव्यवहारिक नियमों के विरोध में सोमवार को सामूहिक कार्य बहिष्कार शुरू कर दिया। इस संबंध में ऑल कस्टम्स हाउस एजेंट एसोसिएशन, आईसीपी रूपईडीहा ने सहायक आयुक्त, सीमा शुल्क को ज्ञापन सौंपकर अपनी विभिन्न मांगों और समस्याओं से अवगत कराया। ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि एलपीएआई द्वारा पार्किंग गेट पास जारी करने में जानबूझ कर अनावश्यक विलंब किया जा रहा है, जिससे आयात-निर्यात कार्य प्रभावित हो रहे हैं और क्लीयरिंग एजेंटों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। एसोसिएशन ने स्पष्ट किया है कि जब तक प्रक्रियाओं को सरल और सुचारु नहीं बनाया जाता, तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा। क्लीयरिंग एजेंटों ने मांग की है कि एलईओ होने के बाद भी गेट पास अधिकतम आधे घंटे के भीतर जारी किया जाए। साथ ही शिपिंग बिल नंबर में संशोधन संबंधी अनुरोधों को मालिक अथवा सीएचए के माध्यम से स्वीकार किया जाए। उन्होंने एलपीएआई कर्मचारियों के शालीन व्यवहार की भी मांग की है। ज्ञापन में ट्रक चालकों और परिवहन कर्मियों के लिए बैठने, पेयजल तथा भोजन की समुचित व्यवस्था किए जाने की आवश्यकता पर भी जोर दिया गया है। आयात कार्यों में आईजीएम नंबर दर्ज करने की सुविधा उपलब्ध कराने तथा इम्पोर्ट पार्किंग क्षेत्र में बुनियादी सुविधाएं बढ़ाने की मांग भी उठाई गई है। एसोसिएशन ने एक कर्मचारी के कथित अभद्र व्यवहार की शिकायत करते हुए उसके विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। इसके अलावा पार्किंग व्यवस्था में अव्यवस्था, वाहनों को जानबूझकर देर करते है जिससे डबल पार्किंग लिया जा सके तथा समय पर समाधान न होने के कारण फल, सब्जी एवं अन्य शीघ्र खराब होने वाले सामानों के व्यापारियों को हो रहे आर्थिक नुकसान का भी मुद्दा उठाया गया है। ज्ञापन में यह भी सवाल उठाया गया है कि वेयरहाउस का प्रतिदिन शाम 5 बजे के बाद तथा रविवार को बंद रहना कितना आवश्यक है, क्योंकि इससे व्यापारिक गतिविधियों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। क्लीयरिंग एजेंटों के कार्य बहिष्कार से आईसीपी रूपईडीहा पर आयात-निर्यात से जुड़ी गतिविधियां बहुत प्रभावित हुई है। सीमा पर सैकड़ों गाड़ियों की लंबी कतार लगी हुई है।जिसमें नेपाल को जाने वाली फल सब्जी की गाड़ियों के अलावा पेट्रोलियम पदार्थ एवं एल पी जी गैस भी शामिल है। इसी के साथ अन्य समानों के ट्रैक भी ख?ी है।अब सभी की निगाहें एलपीएआई और संबंधित प्रशासनिक अधिकारियों की आगामी कार्रवाई पर टिकी हैं।

# ट्रक ने पुलिस वाहन को मारी टक्कर,तीन पुलिसकर्मी घायल



**स्वतंत्र भारत संवाद बीरापुर प्रतापगढ़।** रानीगंज थाना अंतर्गत सोमवार को वाराणसी-लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित राजापुर खरहर गांव के पास एक भीषण सड़क हादसा हो गया।तेज रफ्तार ट्रक ने पुलिस विभाग के सहायक लेखाधिकारी की सरकारी गाड़ी को टक्कर मार दी,जिससे वाहन मे सवार तीन पुलिसकर्मी घायल हो गए।हादसे के बाद पीछे से आ रहे टेम्पो व ई-रिक्शा आपस मे टक्कर हो गई,जिसमें कई लोग घायल हो गए।पुलिस विभाग के सहायक लेखाधिकारी संजय मौर्य अपने सहयोगी आरक्षी संदीप यादव,उत्तम अग्रहरि के साथ रानीगंज से प्रतापगढ़ की ओर जा रहे थे।इसी दौरान राजापुर खरहर गांव के समीप उनकी सरकारी गाड़ी ट्रक की चपेट मे आ गई।टक्कर इतनी जोरदार थी,कि पुलिस वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।दुर्घटना के बाद पुलिस वाहन के पीछे चल रहा एक टेम्पो और ई-रिक्शा भी आपस में भिड़ गए। टेम्पो में सवार राजापुर खरहर निवासी सर्वेश दुबे घायल हो गए,वहीं ई-रिक्शा पर सवार जयरामपुर निवासी अनिशा बानो,कमर जहां,हाशिम,साइमा,शकीरा, रुश्दा चोटिल हो गए।सभी एक रिश्तेदार के जनाजे में शामिल होने चिलबिला जा रहे थे।घटना की सूचना पर पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे और सभी घायलों को एंबुलेंस से रानीगंज ट्रॉमा सेंटर भेजा गया,जहां उनका उपचार जारी है।रानीगंज सीओ विनय प्रभाकर साहनी ने अस्पताल पहुंचकर घायल पुलिसकर्मियों का हाल जाना।पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई है।

## खबर एक नजर

### बख्तावर गांव में कूड़े के ढेर,नालियों की बदबू से ग्रामीण त्रस्त

**स्वतंत्र भारत नानपारा बहराइच।** विकास खंड नवाबगंज अंतर्गत बख्तावर गांव में सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमराई हुई है। गांव में जगह-जगह कूड़ा-कचरा जमा है, नालियां जाम हैं और भीषण गर्मी में उठती दुर्गंध से ग्रामीणों का जीना दूभर हो गया है। हालात ऐसे हैं कि संक्रामक बीमारियों के फैलने का गंभीर खतरा मंडरा रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि नियुक्त सफाई कर्मचारी महीनों से गांव में दिखाई नहीं देता। जब इस संबंध में सफाई कर्मचारी से बात की गई तो वह नशे की हालत में मिला और संतोषजनक जवाब देने के बजाय इधर-उधर की बातें करता रहा। ग्रामीणों का कहना है कि न तो नियमित सफाई होती है और न ही कूड़ा उठान– परिणामस्वरूप नालियों में गंदगी सड़ रही है, मच्छर-मक्खियों का प्रकोप बढ़ गया है और बदबू से लोग परेशान हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि कई बार शिकायत के बावजूद विकासखंड नवाबगंज के प्रशासनिक अधिकारियों ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया। अधिकारियों की उदासीनता के चलते लापरवाह और गैर-जिम्मेदार सफाई कर्मचारी की मनमानी जारी है, जिससे गांव में गंदगी फैलती जा रही है।ग्रामीणों ने मांग की है कि तत्काल प्रभाव से सफाई अभियान चलाया जाए, जिम्मेदार सफाई कर्मचारी के विरुद्ध कार्रवाई हो और नियमित निगरानी सुनिश्चित की जाए, ताकि गांव को बीमारियों से बचाया जा सके। अब देखना यह है कि खबर प्रकाशित होने के बाद जिम्मेदार अधिकारी क्या निर्णय लेते हैं और कब तक बख्तावर गांव को बदहाली से राहत मिलती है।

### अवैध वाहनों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 10 वाहन किए सीज, 35 वाहनों का चालान

**स्वतंत्र भारत रूपईडीहा बहराइच।** रूपईडीहा पुलिस ने डग्गामार एवं अवैध वाहनों के खिलाफ कार्यवाही करते हुए 10 वाहन सीज कर 35 वाहनों का चालान किया है।रूपईडीहा थाना प्रभारी रमेश सिंह रावत ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस अधीक्षक बहराइच के निर्देशन में यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से थाना रूपईडीहा पुलिस द्वारा सोमवार को सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान अवैध डग्गामार वाहनों तथा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करते हुए 10 वाहनों को सीज कर दिया गया, जबकि 35 वाहनों का ई-चालान किया गया। उन्होंने बताया कि मेरे नेतृत्व में चलाए गए इस अभियान में लखनऊ-रूपईडीहा मार्ग एवं कस्बा क्षेत्र में विशेष जांच की गई। पुलिस ने अवैध रूप से संचालित डग्गामार वाहनों के साथ-साथ यातायात नियमों की अनदेखी करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए कुल 38,500 रुपये का ई-चालान किया।वाहन चेकिंग अभियान में उपनिरीक्षक जितेश कुमार सिंह, उपनिरीक्षक राहुल सरोज, उपनिरीक्षक आशुतोष चंद, कांस्टेबल अभिषेक राय, जयचंद्र गौड़ एवं विकास प्रजापति सहित पुलिस बल मौजूद रहा। यह अभियान सुबह से रात 10 बजे तक चलाया गया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि सड़क सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए आगे भी इस प्रकार की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध सख्त कदम उठाए जाएंगे।

### मुख्य आरोपी पुलिस की पकड़ से दूर

**उतरौला बलरामपुर।** मारपीट की घटना में शामिल आरोपियों को गिरफ्तार करने व घटना में प्रयुक्त हथियार को बरामद करने में पुलिस की निष्क्रियता के चलते ग्रामीणों में आक्रोश पनपना स्वाभाविक है। हांलाकि पुलिस घटना मे शामिल सात नामजदों में से छह को गिरफ्तार करने का दावा कर रही है। लेकिन छह दिन बीत जाने के बाद मुख्य आरोपी वाजिद अली खां अभी तक पुलिस की पकड़ से दूर है। भुक्त भोगियों ने बताया कि मारपीट की घटना मे लोहे की राड का प्रयोग किया गया था। जिसके ऊपरी सिरे पर बाइक की चेन स्पाकेट का धारदार टुकड़ा लगा हुआ था। इस मामले में गैंड़ास बुजुर्ग पुलिस की भूमिका लीपापोती करने का आरोप ग्रामीण व परिजन ऐसे ही नहीं लगा रहे हैं। रविवार को भी थाना प्रभारी ने परिजनों का उत्पीड़न करने में कोई कसर भी नहीं छोड़ी थी। ग्रामीणों का कहना है कि आरोपियों ने अभी दो महीने पहले बक्सरिया में एक ढाबे पर तोड़ फोड़ भी की थी, मामले का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था, लेकिन प्रभारी निरीक्षक ने बिना कोई कार्यवाही के मामला को रफा दफा कर दिया गया था। आरोपियों ने लगभग चार महीनों से लगातार आतंक फैलाने का काम कर रहे थे, लेकिन एक प्रापर्टी डीलर के दबाव में हर बार पुलिस आरोपियों का बचाव करती चली आ रही थी, जिसका परिणति इतनी बड़ी घटना के रूप में हुई। क्षेत्राधिकारी राघवेन्द्र सिंह का कहना है कि उन्हें आरोपियों के पूर्व मे किए गये कुकृत्यों की जानकारी नहीं है लेकिन इस बार आरोपियों और उनके संरक्षकों पर ऐसी कार्यवाही होगी, कि भविष्य मे कोई दबंग सिर उठाने का साहस नहीं करेगा।

### मारपीट करने वालों पर केस दर्ज

**स्वतंत्र भारत संवाद कुंडा प्रतापगढ़।** महेशगंज थाना अंतर्गत माईराम का पुरवा मजरे डीहबलई निवासी शैलेन्द्र यादव पुत्र लालबहादुर यादव ने तहरीर देकर बताया कि 30 मई की शाम चार बजे अपने चचेरे भाई प्रियांशु के साथ रायगढ़ गैस एजेंसी से गैस लेकर घर वापस आते समय जमीनी विवाद के कारण गांव के अनिल यादव,अवधेश यादव,आंशू यादव व शनि यादव रास्ते में एनजीएस पब्लिक स्कूल के पास रोककर गलौज करते हुए लात घूसों व प्लास्टिक की पाइप से मारा-पीटा,हल्ला गुहार मचाने पर आस पास के लोगों को आता देख विपक्षी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले,जिससे हम दोनों को गंभीर चोटें आई है।पुलिस अनिल यादव,अवधेश यादव,आंशू यादव व शनि के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

## सड़क दुर्घटनाओं मे आठ लोग घायल

**स्वतंत्र भारत संवाद कुंडा प्रतापगढ़।** अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं मे महिला समेत आठ लोग घायल हो गए।हथिगवां थाना के मिश्रा दयालपुर निवासी निखिल कुमार पांडे 25 पुत्र साहिल कुमार पांडे अपनी चचेरी बहन श्वेता पांडेय 22 पुत्री दिनेश पांडेय के साथ बाइक से जाते समय रास्ते में अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे पेड़ से टकराकर भाई-बहन घायल हो गए।महेशगंज थाना के अहलादगंज घोसियाना रायगढ़ निवासिनी सविता देवी 51 पत्नी ओमप्रकाश मौर्य सड़क दुर्घटना मे घायल हो गई।कुंडा कोतवाली के चौसा निवासी सुशील कुमार 22 पुत्र छोटेलाल बाइक से जाते समय दुर्घटनाग्रस्त हो गया।खेमीपुर निवासिनी शांति देवी 60 पत्नी रामभरत रविवार की देर शाम सड़क दुर्घटना में घायल हो गई।महेशगंज थाना के राय असकरनपुर निवासी पुनीत मिश्रा बाइक से जाते समय वाहन की टक्कर मे घायल हो गए।

# भारत-नेपाल सीमा पर एसएसबी द्वारा लगाए गए नए नियमों से बढ़ीं परेशानियां



**स्वतंत्र भारत रूपईडीहा बहराइच।** भारत-नेपाल सीमा स्थित रूपईडीहा एस एस बी चेक पोस्ट पर लागू किए गए नए सुरक्षा नियमों के कारण सीमा पार आवागमन करने वाले लोगों और व्यापारियों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय व्यापारियों का कहना है कि पहले सीमा पार करने के लिए केवल पहचान पत्र (आईडी) दिखाना पर्याप्त होता था, लेकिन पिछले कुछ दिनों से यात्रियों को अपनी आईडी कैमरे के सामने प्रदर्शित करने के साथ-साथ चेहरे का सत्यापन भी कराना पड़ रहा है। इसके अलावा नेपाल आने-जाने वाले दोपहिया एवं चारपहिया वाहनों की भी विस्तृत जांच की जा रही है तथा वाहन संबंधी दस्तावेजों की जांच के बाद ही प्रवेश की अनुमति दी जा रही है। इस प्रक्रिया के कारण पहले जहां लोग मात्र पांच मिनट में चेक पोस्ट पार कर लेते थे, वहीं अब उन्हें 20 से 25 मिनट तक इंतजार करना पड़ रहा है। इससे यात्रियों के साथ-साथ स्थानीय व्यापार भी प्रभावित हो रहा है।व्यापारियों का कहना है कि पहले ही नेपाल सरकार द्वारा भारतीय सामान नेपाल ले जाने पर 100 रुपये से अधिक मूल्य के सामान पर कस्टम शुल्क लगाए जाने के निर्णय से रूपईडीहा का व्यापार बुरी तरह प्रभावित हुआ है। अब सीमा पर बढ़ी सख्ती के कारण बचा-खुचा व्यापार भी प्रभावित होने लगा है। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल, रूपईडीहा के अध्यक्ष अनिल अग्रवाल उर्फ डब्बू भैया तथा उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के अध्यक्ष शैलेश जायसवाल ने कहा कि देश की सुरक्षा सर्वोपरि है और सुरक्षा एजेंसियों को अपने दायित्वों का निर्वहन करना चाहिए, लेकिन अनावश्यक रूप से लोगों को परेशान कर आवागमन बाधित करना उचित नहीं है। जबकि नेपाल के अन्य सीमाओं पर इस तरह की चेकिंग व्यवस्था नहीं है।उनका कहना है कि बढ़ती जटिलताओं के कारण नेपाली ग्राहक अब रूपईडीहा बाजार में खरीदारी करने आने से कतराने लगे हैं। व्यापारिक संगठनों के पदाधिकारियों ने बताया कि एक समय रूपईडीहा बाजार में करोड़ों रुपये का कारोबार होता था, जिससे सरकार को लाखों रुपये का राजस्व प्राप्त होता था, लेकिन वर्तमान परिस्थितियों में व्यापार समाप्ति की कगार पर पहुंच गया है। उन्होंने यह भी कहा कि एस एस बी चेक पोस्ट पर वाहनों की लंबी कतारें लगने से लोगों को अतिरिक्त परेशानी उठानी पड़ रही है। व्यापारियों ने केंद्र सरकार तथा संबंधित सुरक्षा एजेंसियों से मांग की है कि सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखते हुए सीमा पर आवागमन की प्रक्रिया को सरल बनाया जाए, ताकि लोगों को राहत मिल सके और रूपईडीहा का व्यापार पुनः सुचारू रूप से संचालित हो सके।

# मेधावी छात्राओं को डीएम एवं विधायक ने किया सम्मानित



**स्वतंत्र भारत संवाददाता प्रतापगढ़।** योगी सरकार हाईस्कूल व इंटर की परीक्षा मे उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों व अभिभावकों एवं प्रधानाचार्यों को सम्मानित कर रही है।उसी क्रम मे सोमवार को जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय मे कलेक्टर अभिषेक पांडेय, विधायक सदर राजेंद्र मौर्य भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव आदि के द्वारा सजीव प्रसारण का अवलोकन करते हुए हाईस्कूल के दस छात्राओं मे अमित कुमार विश्वकर्मा पल्लवी सिंह आंचल पांडेय प्रतिमान सिंह अंशिका वैश्य प्रियंका सिंह शिवी श्रीवास्तव शिवम पांडेय वर्षा मंडल रुचिका तिवारी व इण्टर मीडिएट के नौ मेधावी छात्राओं मे संस्कृति सिंह आदित्य विश्वकर्मा सपना द्विवेदी यश मौर्या पलक अकिब हुसैन हंशवाहिनी विश्वकर्मा अनामिका काजल यादव को प्रमाण पत्र व 21-21 हजार का डेमो चेक प्रदान करते हुए सम्मानित किया गया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई।इस अवसर पर कलेक्टर ने कहा कि विद्यार्थियों की सफलता केवल परीक्षा में प्राप्त अंकों तक सीमित नहीं होती,बल्कि यह उनके परिश्रम अनुशासन आत्मविश्वास व निरंतर सीखने की प्रवृत्ति का परिणाम होती है।कलेक्टर ने कहा कि विद्यार्थियों को सोशल मीडिया के अत्यधिक प्रयोग से परहेज अर्थात बचना चाहिए।इस अवसर पर डीआईओएस ओंकार राणा पीडी डीआरडीए दयाराम यादव आदि उपस्थित रहे।

# चित्रकला प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**बलरामपुर।** एमएलके पीजी कॉलेज बलरामपुर में संचालित पंडित बिरजू महाराज कल्चरल क्लब की ओर से 01 से 06 जून तक चलने वाले साप्ताहिक कार्यक्रम के अंतर्गत प्रथम दिन सोमवार को चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में सुरेन्द्र यादव को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में उपस्थित प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए प्राचार्य एवं क्लब अध्यक्ष प्रो0 जेपी पाण्डेय ने कहा कि चित्रकला प्रतियोगिता के आयोजन का मुख्य उद्देश्य प्रतिभागियों, विशेष रूप से छात्रों में रचनात्मकता, कल्पनाशीलता और आत्म-अभिव्यक्ति को प्रोत्साहित करना है। इसके माध्यम से छिपी हुई कलात्मक प्रतिभाओं को मंच मिलता है और बच्चों में कम उम्र से ही स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित होती है। क्लब की प्रभारी प्रो0 रेखा विश्वकर्मा ने सभी का स्वागत करते हुए कहा कि प्रतियोगिताओं में भाग लेने और पुरस्कृत होने से बच्चों का आत्मविश्वास बढता है। क्लब के सचिव लेफ्टिनेंट डॉ देवेन्द्र कुमार चौहान ने सभी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह छात्रों को अपनी कल्पना को रंगों और आकृतियों के माध्यम से कागज पर उतारने का अवसर देता है। प्रतियोगिता के निर्णायक समन्वयक डॉ अनामिका सिंह व कोषाध्यक्ष स्वदेश भट्ट ने कहा कि कई बार जो बातें शब्दों से नहीं कही जा सकतीं, वे कला और रंगों के माध्यम से आसानी से व्यक्त हो जाती हैं। प्रतियोगिता में सुरेन्द्र यादव को प्रथम, महक को द्वितीय व दिव्यांशी को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। इस अवसर पर महाविद्यालय के कई शिक्षक व छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# पर्यावरण संरक्षण जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**बलरामपुर।** शिक्ष संस्कृति उत्थान न्यास (पर्यावरण शिक्षा,अवध प्रान्त) नई दिल्ली एवं एमएलके पीजी कॉलेज बलरामपुर के संयुक्त तत्वावधान में पर्यावरण संरक्षण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान उपस्थित लोगों को पर्यावरण संरक्षण हेतु शपथ दिलाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य प्रो0 जेपी पाण्डेय,मुख्य नियन्ता प्रो0 वीणा सिंह,आई क्यूएसी को ऑर्डिनेटर प्रो0 एसपी मिश्र व सांस्कृतिक निदेशक प्रो0 रेखा विश्वकर्मा व कार्यक्रम संयोजक लेफ्टिनेंट(डॉ) देवेन्द्र कुमार चौहान ने दीप प्रज्वलित एवं मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण करके किया। प्राचार्य प्रो0 जेपी पाण्डेय ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण का अर्थ है प्राकृतिक संसाधनों (वायु, जल, भूमि, और वनों) की सुरक्षा करना और पारिस्थितिकी तंत्र में संतुलन बनाए रखना। यह आज के समय में हमारे अस्तित्व, बेहतर स्वास्थ्य और आने वाली पीढियों के सुरक्षित भविष्य के लिए बेहद आवश्यक है। सभी जीव-जंतुओं और पेड-पौधों का धरती पर अपना महत्व है। पर्यावरण संरक्षण से लुप्तप्राय प्रजातियों और जैव विविधता की रक्षा होती है। उन्होंने उपस्थित शिक्षकों व छात्र-छात्राओं को एक जिम्मेदार नागरिक के रूप में, प्रकृति को स्वच्छ और हरा-भरा बनाए रखने में अपना हर संभव योगदान का सभी को शपथ दिलाया। कार्यक्रम संयोजक व संचालक लेफ्टिनेंट डॉ देवेन्द्र कुमार चौहान ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए छात्र-छात्राओं को बढ़ते पर्यावरण असंतुलन के प्रति सचेत किया। उन्होंने कहा कि यदि हम सभी समय रहते इसके लिए प्रयास नहीं करेंगे तो आने वाले दिनों में इसके गंभीर परिणाम भुगतने पड़ेंगे। इस अवसर पर डॉ लवकुश पाण्डेय,डॉ राम रहीस,डॉ जितेन्द्र कुमार, डॉ ऋषि रंजन पाण्डेय,डॉ बीएल गुप्त, डॉ अरुण कुमार, डॉ अनुज सिंह,डॉ सुनील शुक्ल व सिद्धार्थ मोहन्ता सहित कई लोग मौजूद रहे।

## दुकान पर बैठकर शराब पीने से मना करने पर शराबियों ने मचाया उत्पात

**स्वतंत्र भारत संवाद जेठवारा प्रतापगढ़।** मनचले युवकों को दुकान पर बैठकर शराब पीने से रोकना दुकानदार को भारी पड़ गया।शराबियों ने मिलकर दुकानदार और उसके सहयोगी को न केवल मारपीट कर घायल कर दिया,बल्कि दुकान मे तोड़-फोड़ और लूटपाट भी किया।घटना जेठवारा थाने के जूड़ापुर धनसारी गाँव की है।मांधाता के बुजहा निवासी विजय कुमार पटेल पुत्र माता प्रसाद पटेल का होटल जूड़ापुर धनसारी तिराहे पर है।रविवार की शाम करीब आठ बजे सराय नाहर राय गांव के सोनू,गोविंद,रविन्द्र,सुभान सुरेंद्र,विजय के होटल पर बैठकर शराब पीने लगे।उसने ऐतराज किया तो सभी ने मिलकर विजय कुमार और उसके सहयोगी जोखू लाल को मारपीट कर लहूलुहान कर दिया।आरोप है,कि दुकान में तोड़फोड़ और लूटपाट भी किया।गांव के लोगों ने दौड़कर बीच-बचाव किया तो आरोपी जान से मार देने की धमकी देते हुए भाग गए।घटना का पूरा वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।फिलहाल दुकानदार ने घटना की लिखित तहरीर जेठवारा पुलिस को देकर जानमाल की सुरक्षा के साथ आरोपियों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई की गुजारिश किया है।

## पिता का तथाकथित हत्यारोपी बेटा गिरफ्तार

**स्वतंत्र भारत संवाद कुंडा प्रतापगढ़।** बेटे की प्रताड़ना व बेटे की मारपीट से तंग आकर पिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया।बाघराय थाना के काशीपुर डुबकी भोले का पुरवा निवासी राज कुमार सरोज अपने बेटे सुनील कुमार सरोज की मारपीट व प्रताड़ना से तंग आकर 19 अप्रैल की रात्रि में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया।परिजनों की तहरीर पर बेटा सुनील कुमार के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने की धारा 108 व 238 ए बीएनएस का मुकदमा दर्ज कर लिया गया।जानकारी पर बेटा सुनील कुमार घर से फरार हो गया।पुलिस ने फरार चल रहे सुनील कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

## दबंगों ने मारपीट कर दंपत्ति को किया घायल

**स्वतंत्र भारत संवाद कुंडा प्रतापगढ़।** महेशगंज थाना अंतर्गत नगर पंचायत हीरागंज बाजार के फतूहाबाद मोहल्ला निवासी धर्मेंद्र कुमार की पत्नी प्रीती शर्मा ने तहरीर दिया है कि 30 मई की रात लगभग नौ बजे पारिवारिक विवाद के चलते पारिवारिक पड़ोसी ओमप्रकाश,विकास मास्टर व विवेक दरवाजे पर आकर हमारे पति को लाठी डंडों से मार रहे थे,तभी मैं बीच-बचाव करने गई तो उक्त लोगों ने मुझे भी पीटा और मोबाइल फोन तोड़ दिया।हल्ला गुहार सुनकर लोगों को आता देख हमलावर जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले।पुलिस ने ओमप्रकाश,विकास मास्टर व विवेक पर मुकदमा दर्ज किया है।




# महिला कल्याण संगठन/उत्तर मध्य रेलवे की अध्यक्षा हिमा चौहान सिंह द्वारा सिलाई प्रशिक्षण केंद्र का उद्‌घाटन

**स्वतंत्र भारत प्रयागराज।** सोमवार को महिला कल्याण समिति/प्रयागराज मण्डल द्वारा रेलवे ट्रैफिक कॉलोनी में संचालित 'सिलाई - द टेलरिंग सेंटर' नामक सिलाई प्रशिक्षण केंद्र का उद्घाटन महिला कल्याण संगठन, उत्तर मध्य रेलवे की अध्यक्षा, हिमा चौहान सिंह द्वारा किया गया। इस पहल का मुख्य उद्देश्य महिलाओं एवं युवाओं को कौशल विकास के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाना तथा उन्हें रोजगार एवं स्वरोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराना है। यह केंद्र प्रशिक्षणार्थियों को सिलाई एवं परिधान निर्माण से संबंधित व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान कर उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाने में सहायक सिद्ध होगा।



इस अवसर पर महिला कल्याण समिति, प्रयागराज मण्डल की अध्यक्षा, वंदना अग्रवाल उपाध्यक्षा, मती प्रज्ञा दीपक कुमार, गुलशन वारिस, वंदना सिंह, सचिव निहारिका सिंह सदस्या प्रवीणा सिंह, प्रिया तिवारी, पूर्वी कन्नौजिया, महनिशा उपस्थित रहे ।

समिति द्वारा संचालित यह प्रशिक्षण केंद्र उन इच्छुक महिलाओं एवं युवाओं के लिए विशेष रूप से लाभकारी होगा, जो सिलाई एवं टेलरिंग के क्षेत्र में व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त कर अपने भविष्य को सशक्त बनाना चाहते हैं। केंद्र में अनुभवी एवं प्रशिक्षित प्रशिक्षकों द्वारा सिलाई, कटिंग एवं आधुनिक टेलरिंग तकनीकों का व्यवस्थित प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा, जिससे प्रशिक्षणार्थी अपने कौशल का विकास कर आत्मविश्वास के साथ कार्य कर सकें।

महिला कल्याण समिति का मानना है कि कौशल आधारित प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूर्ण करने वाले योग्य अभ्यर्थियों को केंद्र में कार्य करने का अवसर भी प्रदान किया जाएगा। इससे प्रशिक्षणार्थियों को न केवल रोजगार प्राप्त करने में सहायता मिलेगी, बल्कि वे स्वरोजगार के माध्यम से भी अपनी आजीविका सुदृढ़ कर सकेंगे। प्रशिक्षण केंद्र का पता - 407/ABC, ट्रैफिक रेलवे कॉलोनी, खबंदा मार्केट के सामने, नवाब यूसुफ रोड, प्रयागराज है। महिला कल्याण समिति ने अधिक से अधिक महिलाओं एवं युवाओं से इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का लाभ उठाकर आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में सहभागी बनने का आह्वान किया है।

## इन्फिनिटी लर्न का हाइब्रिड एडवांटेज, जेईई एडवांस्ड 2026 में शानदार प्रदर्शन

**वाराणसी।** श्री चैतन्या द्वारा संचालित इन्फिनिटी लर्न, भारत का अग्रणी हाइब्रिड लर्निंग प्लेटफॉर्म, ने जेईई एडवांस्ड 2026 परीक्षा में एक बार फिर बेहतरीन परिणाम हासिल किए हैं। ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों लर्निंग फॉर्मेट्स में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए, इन्फिनिटी लर्न ने यह साबित किया है कि उसका हाइब्रिड मॉडल देश के सबसे कठिन और प्रतिष्ठित प्रवेश परीक्षाओं में से एक जेईई एडवांस्ड में छात्रों को सफलता दिलाने में बेहद प्रभावी है। यह परीक्षा IIT२ और IIIT२ जैसे शीर्ष इंजीनियरिंग संस्थानों में प्रवेश के लिए आयोजित की जाती है। शीर्ष प्रदर्शन करने वाले छात्रों में, इन्फिनिटी लर्न के ऑनलाइन छात्र जय सोमानी ने शानदार ऑल इंडिया रैंक (AIR) 377 हासिल की। संस्थान की उपलब्धियों में और इजाफा करते हुए, श्री चैतन्या अकादमी वाराणसी के ऑफलाइन छात्र शशांक मौर्य ने AIR 500 प्राप्त की, जबकि श्री चैतन्या अकादमी बेंगलुरु के छात्र निशांक व्यास ने AIR 769 हासिल की। ये लगातार मिल रहे परिणाम इस बात का प्रमाण हैं कि श्री चैतन्या की चार दशकों की शैक्षणिक उत्कृष्टता और इन्फिनिटी लर्न के टेक्नोलॉजीआधारित हाइब्रिड मॉडल का संयोजन छात्रों को ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों में सफलता दिला रहा है। निरंतर विकास की इस यात्रा पर टिप्पणी करते हुए, सुषमा बोप्पना, सीईओ एंड डायरेक्टर, श्री चैतन्या एजुकेशनल इंस्टीट्यूशंस और इन्फिनिटी लर्न की फाउंडर ने कहा: "हमें बेहद गर्व है कि इन्फिनिटी लर्न शिक्षा जगत में एक भरोसेमंद नाम के रूप में उभर रहा है, जो हर साल डिजिटल और क्लासरूम दोनों वातावरणों में लगातार परिणाम दे रहा है और छात्रों की सफलता की कहानियाँ बना रहा है। हमारे छात्रों का असाधारण प्रदर्शन उनकी गहरी मेहनत और हमारे फैकल्टी की अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाता है।



## अधिवक्ताओं के हितों की लड़ाई रहेगी जारी : मनीष द्विवेदी

**प्रयागराज।** उच्च न्यायालय के अधिवक्ता कक्ष एवं पार्किंग भवन में नवनिर्मित चैंबरों के आवंटन हेतु निर्धारित अत्यधिक शुल्क के विरोध में अधिवक्ताओं की ओर से महानिबंधक मंजीत सिंह श्योरण को सौंपे गए ज्ञापन के उपरांत उच्च न्यायालय प्रशासन द्वारा संशोधित दरों की सूची जारी की गई है। यह अधिवक्ताओं की एकजुट आवाज का प्रारंभिक परिणाम है। हालांकि, संशोधित दरों में कुछ कमी अवश्य की गई है, लेकिन यह दरें अभी भी युवा, संघर्षशील एवं सामान्य अधिवक्ताओं की आर्थिक क्षमता के अनुरूप नहीं है। ज्ञापन में स्पष्ट रूप से मांग की गई थी कि चैंबर आवंटन की दरें न्यायसंगत, व्यावहारिक एवं अधिवक्ताओं के हितों के अनुरूप निर्धारित की जाएं। इस संबंध में अधिवक्ता मनीष द्विवेदी ने कहा कि अधिवक्ताओं के हितों की यह लड़ाई अभी समाप्त नहीं हुई है। जब तक चैंबरों का आवंटन वास्तव में उचित एवं वहनीय दरों पर नहीं किया जाता, तब तक आंदोलन को और व्यापक एवं प्रभावी रूप से जारी रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि उच्च न्यायालय की रीढ़ युवा एवं कार्यरत अधिवक्ता हैं और उनकी उपेक्षा किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं की जाएगी। अधिवक्ताओं के अधिकारों एवं हितों की रक्षा हेतु हर लोकतांत्रिक और वैधानिक प्रयास जारी रहेगा।

# मलमास के तीसरे सोमवार को पांडेश्वर नाथ मंदिर में उमड़ी भारी भीड़

**पांडेश्वर नाथ धाम दर्शन करने पहुंचे डीसीपी कुलदीप गुनावत**

**स्वतंत्र भारत फाफामऊ।** प्रयागराज जिले के प्राचीन शिव मंदिर पांडेश्वर नाथ धाम पंडिला में मलमास के तीसरे सोमवार को शिव भक्तों के भारी भीड़ रही रात दो बजे से मंदिर के कपाट खोल दिए गए और बोल बम हर हर महादेव के नारों से पांडेश्वर नाथ धाम गूंज उठा महिलाएं बच्चे बुजुर्ग फूलमाला बेलपत्र धतूरा चढ़कर पूजा अर्चना किया दिन भर में करीब लाखों शिव भक्तों ने मंदिर में दर्शन किए सैकड़ो की तादाद में कांवरियों का जत्था भी जलाभिषेक किया। मलमास के तीसरे सोमवार को गंगानगर डीपी कुलदीप गुनावत भी मंदिर में पूजा अर्चना किए मौके पर एसीपी थरवई अरुण पराशर और थरवईं थाना प्रभारी मौजूद रहे।



# अपना दूरदर्शन, सत्संग केन्द्र, खुशरू बाग का डायमण्ड जुबली समारोह मना



**प्रयागराज।** केन्द्र खुशरू बाग का डायमण्ड जुबली अपना दूरदर्शन सत्संग समारोह सोमवार को ऐतिहासिक वढवृक्ष के नीचे मनाया गया। कार्य क्रम श्री कृष्ण माधो शमी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम मे सर्वश्री माखन लाल, नारायण, मेवा लाल पटेल, राजीव वर्मा सतीश चन्द्र केसरवानी, उदय भान सिंह लालजी गुशा एवं रमेश चन्द सोनकर आदि सहयोगी रहे।

## आधा दर्जन के खिलाफ एससी एसटी एक्ट में मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** मऊआइमा इलाके के एक महिला का कहना है कि पड़ोसी पुरानी रंजिश को लेकर एक राय हो कर घर पर चढ़ आये परिजनों को लाठी डंडो से मारे पीटे तथा जाति सूचक गालिया दी गई तथा पतरा तोड़ दिए। महिला ने थाने में तहरीर दे कर आधा दर्जन के खिलाफ एस सी एस टी एक्ट सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज करा दी है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम सिंसई सिपाह निवासनीय सीता देवी पत्नी राहुल कुमार का आरोप है कि पुरानी रंजिश को लेकर पड़ोसी एक राय होकर घर पर चढ कर परिजनों को लाठी डंडा से मारे पीटे और जाति सूचक गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए सीमेंट का पतरा तोड दिए। सीता देवी ने गांव के अजीत कुमार, अंकित कुमार, अभिषेक कुमार, अखिलेश कुमार,रिंकू, मीरा देवी के खिलाफ मार पीट सहित एससी एसटी एक्ट में मुकदमा दर्ज करा दी है।

# आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (AESL), प्रयागराज के 27 छात्रों ने JEE Advanced 2026 में क्वालिफाई किया; अरुणाव वेदांत अग्रहरि ने AIR 223 रैंक हासिल की

**स्वतंत्र भारत प्रयागराज।** आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (AESL), भारत का अग्रणी टेस्ट तैयारी संस्थान, देश की सबसे कठिन इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षाओं में से एक, JEE Advanced 2026 में अपने छात्रों के असाधारण प्रदर्शन की गर्व के साथ घोषणा करता है। परिणाम आज घोषित किए गए।

प्रयागराज क्षेत्र से कुल 27 छात्रों ने JEE Advanced 2026 में सफलतापूर्वक क्वालिफाई किया है, जो उनकी कड़ी मेहनत, लगन और शैक्षणिक उत्कृष्टता के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। यह उपलब्धि AESL के व्यवस्थित शिक्षण तंत्र, अनुभवी फैकल्टी और परीक्षा की तैयारी के लिए छात्र-केंद्रित दृष्टिकोण की प्रभावशीलता को भी रेखांकित करती है।

केंद्र के शीर्ष प्रदर्शन करने वालों में, आकाश इंस्टीट्यूट प्रयागराज के छात्रों ने JEE Advanced 2026 में सराहनीय प्रदर्शन किया; अरुणाव वेदांत अग्रहरि ने AIR 223, राजश्री राय ने AIR 1853, आकर्ष माहेश्वरी ने AIR 2294, अनुपम पाल ने AIR 3949, और प्रत्ययन मिश्रा ने AIR 4454 रैंक हासिल की, जिससे संस्थान और शहर का गौरव बढ़ा।



ये छात्र AESL के क्लासरूम प्रोग्राम में नामांकित थे, जो JEE Advanced जैसी अत्यधिक प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए आवश्यक वैचारिक स्पष्टता, विश्लेषणात्मक सोच और समस्या-समाधान कौशल विकसित करने पर केंद्रित है।

अपनी खुशी व्यक्त करते हुए छात्रों ने कहा, ‶हम अपनी तैयारी की पूरी यात्रा के दौरान लगातार मार्गदर्शन, शैक्षणिक सहयोग और मेंटरशिप के लिए आकाश के आभारी हैं। अध्ययन सामग्री, क्लासरूम सत्र, मॉक टेस्ट और नियमित मूल्यांकन ने हमें अपनी अवधारणाओं को मजबूत करने और अपने प्रदर्शन को बेहतर बनाने में मदद की। यह उपलब्धि हमारे शिक्षकों और माता-पिता के सहयोग के बिना संभव नहीं थी।'

छात्रों को उनकी शानदार उपलब्धि पर बधाई देते हुए, आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (AESL) के रीजनल डायरेक्टर, डी.के. मिश्रा ने कहा, 'हमें अपने छात्रों पर बहुत गर्व है कि उन्होंने JEE Advanced 2026 में बेहतरीन प्रदर्शन किया है। उनकी सफलता उनकी अटूट लगन, अनुशासित तैयारी और आगे बढ़ने की पक्की चाहत का नतीजा है। AESL में, हम प्रतिभा को निखारने और छात्रों को उनके शैक्षिक सपनों को पूरा करने के लिए सशक्त बनाने के लिए हमेशा प्रतिबद्ध हैं। हम सभी सफल उम्मीदवारों को उनके शैक्षिक सफर के अगले पड़ाव के लिए शुभकामनाएँ देते हैं।'

JEE Advanced, प्रतिष्ठित इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (IITs) में एडमिशन पाने का जरिया है और इसे दुनिया की सबसे कठिन इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षाओं में से एक माना जाता है।

JEE Main पास करने के बाद उम्मीदवार JEE Advanced के लिए योग्य हो जाते हैं और IITs तथा देश भर के अन्य प्रमुख इंजीनियरिंग संस्थानों में एडमिशन के लिए मुकाबला करते हैं।

**आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (AESL) के बारे में**

आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (AESL) भारत की अग्रणी टेस्ट तैयारी कंपनी है, जो मेडिकल (NEET) और इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षाओं (JEE) जैसी बड़ी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्रों के लिए व्यापक तैयारी सेवाएँ देने में माहिर है; इसके साथ ही यह ठळरए और ओलंपियाड जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी भी करवाती है। AESL का पूरे भारत में 415 से ज्यादा केंद्रों का नेटवर्क है, जिसमें अभी 400,000 से ज्यादा छात्र पढ़ रहे हैं; पिछले 37 सालों में इसने बाजार में अपनी मजबूत जगह बनाई है और अपनी ब्रांड वैल्यू बढ़ाई है। AESL टेस्ट की तैयारी के लिए छात्र-केंद्रित तरीका अपनाती है, जिसमें उच्च योग्य फैकल्टी, लचीले प्रोग्राम और टेक्नोलॉजी-आधारित शिक्षण विधियों का सहयोग मिलता है, ताकि छात्रों को अपनी असली शैक्षिक क्षमता को पहचानने में मदद मिल सके। वेबसाइट : www.aakash.ac.in

# तालाब में डूबे मासूम भाई बहन की देर रात हुआ अंतिम संस्कार

**पुलिस की गाड़ी में तोड़फोड़ करने वालों के खिलाफ होगी कार्यवाही : एसीपी अरुण पराशर**

**स्वतंत्र भारत फाफामऊ।** थरवई थाना क्षेत्र के कटियाही गांव में रविवार को तालाब में डूबे भाई बहन के शव का पोस्टमार्टम देर रात होने के बाद अंतिम संस्कार पुलिस की मौजूदगी में लीला पुर कछार गंगा घाट में परिजन ने किया। कटियाही गांव में रविवार को सुबह तालाब में मधु और सचिन को तालाब में डूबने से मौत हो गई थी जो अपने नानी मालती देवी के यहां रहते थे परिजन शव पोस्टमार्टम के लिए पुलिस को नहीं सौंप रहे थे दिनभर हंगामा करने के बाद देर शाम गांव के जगदीश कुमार कल संतोष के खिलाफ पानी में डूबा कर करने का आरोप लगाकर हत्या का मुकदमा दर्ज होने के बाद लाश को पोस्टमार्टम हाउस भेजा गया जहां देर रात पोस्टमार्टम होने के बाद मृतक के पिता अवधेश कुमार ने अपने घर उतराव ले गए वहां से रात करीब एक बजे लीला पुर गंगा जी के घाट कछार में पुलिस की मौजूदगी में अंतिम संस्कार किया गया। मासूमों के डूबने और तालाब में शव मिलने से नाराज गांव वालों ने पुलिस की बोलोरो गाड़ी में पथराव करके शीशा तोड़ दिए थे। एक दिन बीत जाने के बाद पुलिस उन उपद्रियों के खिलाफ कार्रवाई करने के मूड में है। एसपी थरवईं अरुण पाराशर ने बताया कि घटना की वीडियो से उन लोगों को चिन्हित किया जा रहा है जिन्होंने गाड़ी में तोड़फोड़ किया था। चिन्हित होने के बाद उनके ऊपर काफी कार्यवाही किया जाएगा ।उधर पोस्टमार्टम रिपोर्ट में सचिन मधु का मृत्यु पानी में डूबने से हुई थी आया है। कुछ गांव वालों के सूत्रों से पता चला कि मधु और सचिन घूमते हुए तालाब में आए और नहाने का प्रयास में डूब गए कुछ देर बाद नानी मालती उन बच्चों को ढूंढते हुए तालाब के पास आई और देखा कि उन दोनों का शव पानी में उतरा रहा था। तो हल्ला मचाने लगी मौके पर जगदीश अपने साथियों के साथ पहुंचा और बाहर निकाल कर मालती के घर तक दोनों शव को पहुंचाया। लेकिन परिजन ने जगदीश और उनके साथियों के खिलाफ पानी में धकेल कर हत्या कर देने का मुकदमा दर्ज कराया है । पुलिस आरोपियों को गिरफ्तार करके पूछ ताछ कर रही है । आरोपी घटना करने से इनकार कर रहे हैं पुलिस हर एंगल से जांच और कर रही है। उधर कई पार्टी के राजनीतिक लोग अवधेश के घर शोक संवेदना प्रकट करने पहुंच रहे है।मधु और सचिन की मां सुषमा देवी को लोग ढाढस बधा रहे है वह अपनी बच्चों को याद करके बेसुध हो जा रही है पूरे घर में शोक व्याप्त है।

# बिजली,गैस सिलेण्डर के बढ़े दामों व अनियमित बिजली कटौती के खिलाफ कांग्रेस का चरवा में प्रदर्शन

**स्वतंत्र भारत चरवा कौशाम्बी।** जनपद में नगर पंचायत चरवा में विगत दिनों सरकार के द्वारा बिजली के 10% सरचार्ज बढ़ाये जाने व व्यवसायिक गैस सिलेण्डर एवं छोटे गैस सिलेण्डर और अघोषित अनियमित बिजली कटौती के विरोध में कांग्रेस ने आज चरवा में जोरदार प्रदर्शन किया इस दौरान जिलाध्यक्ष कांग्रेस गौरव पाण्डेय ने कहा कि भाजपा सरकार ने यह सिद्ध कर दिया कि वो गरीबों एवं आम जनता की पार्टी नहीं बल्कि अमीरों की सरकार है वो केवल अमीरों का उद्धार चाहती है बिजली के दामों के 10% वृद्धि कर आमजनता की जेबों पर गहरा प्रभाव डाला है गैस सिलेंडर के दाम को बढ़ाकर व्यापारियों की रोजी रोटी पर चोट दे रही है। इसके साथ ही आमजनता बिजली के अनियमित कटौती एवं बिना किसी रोस्टर के बिजली से परेशान हो चुकी है इस भयंकर गर्मी में। भाजपा सरकार केवल जनता से पैसा लेना जानती है न कि उसके उद्धार चाहती हो। यह भाजपा सरकार ने सिद्ध कर दिया कि वो अमीरों को और अमीर एवं गरीबों को और गरीब करने वाली सरकार चल रही है । जनता अब इनके मनसूबे को कभी कामयाब नहीं होने देगी । इस दौरान जिलाध्यक्ष गौरव पाण्डेय ने यह भी बताया कि चरवा में टाटा फीडर,काजू फीडर और समूचे नगर में बिना रोस्टर के बिजली दी जा रही है जब चाहते है तब काटते हैं जब चाहते है तब बिजली देते है। लेकिन अब इनकी मनमानी की सीमा पार हो चुकी है अगर इन नियमों में सुधार नहीं हुआ तो हम बड़ा जन आन्दोलन करेंगे और जनता को उसका अधिकार दिलायेंगे। और भाजपा सरकार को आम जनता अब इनको इन्हीं के भाषा में जवाब देगी।

इस मौके पर पूर्व प्रदेश सचिव रामबहादुर त्रिपाठी,जिला उपाध्यक्ष राम सूरत रैदास,उदय यादव,जिला महासचिव सुरेन्द्र शुक्ला, श्याम सिंह भदौरिया,जिला सचिव जयप्रकाश जायसवाल, सोशल मीडिया जिलाध्यक्ष सचिन पाण्डेय,ब्लाक अध्यक्ष नेवादा रावेंद्र यादव,ब्लाक अध्यक्ष मंझनपुर प्रदीप सिंह पटेल,नगर अध्यक्ष चरवा निक्की पाण्डेय, हेमंत रावत, इंद्रपाल रैदास, बिफई लाल,राकेश पाल, व्यापार मंडल अध्यक्ष कैलाश केसरवानी,रोहित पाल, प्रियांशु त्रिपाठी,आलोक त्रिपाठी, अनिल यादव, बड़का रैदास, मंजीत सिंह,अवधेश कुमार,संदीप कुमार, प्रदीप गौतम, राहुल यादव,सहित तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# पूर्व सक्रिय कार्यकारिणी सदस्य आलोक कुमार राय सहित उच्च न्यायालय में विभिन्न वर्गों के अधिकारियों को पदोन्नति

**प्रयागराज।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय में विभिन्न वर्गों के अधिकारियों को पदोन्नति प्रदान की गई है। उच्च न्यायालय के महानिबंधक मंजीत सिंह श्योरान ने इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी है। पदोन्नति आदेश के तहत निजी सचिव संवर्ग में ओम कृष्ण चौधरी को निबंधक सह प्रमुख निजी सचिव, राजेश कुमार को संयुक्त निबंधक सह निजी सचिव ग्रेड-4 तथा इमरान अहमद सिद्दीकी को उप निबंधक सह निजी सचिव ग्रेड-3 के पद पर पदोन्नत किया गया है।

इसी प्रकार न्यायपीठ सचिव संवर्ग में आलोक कुमार राय को संयुक्त निबंधक सह न्यायपीठ सचिव ग्रेड-4 तथा मुहम्मद अबरार को उप निबंधक सह न्यायपीठ सचिव ग्रेड-3 के पद पर पदोन्नति मिली है। ज्ञात हो कि आलोक कुमार राय उच्च न्यायालय कर्मचारी अधिकारी संघ के पूर्व कार्यकारिणी सदस्य भी रहे हैं।

वहीं सामान्य कार्यालय संवर्ग में देवेश को निबंधक, धर्मेन्द्र वर्मा को संयुक्त निबंधक तथा तश्मिम को उप निबंधक के पद पर पदोन्नत किया गया है। इस अवसर पर उच्च न्यायालय कर्मचारी अधिकारी संघ के महासचिव निखिल कुमार सिंह ने माननीय मुख्य न्यायाधीश अरुण भंसाली, संघ के अध्यक्ष माननीय न्यायमूर्ति महेश चंद्र त्रिपाठी एवं विद्वान महानिबंधक मंजीत सिंह श्योराण एवं निबंधक (चयन एवं नियुक्ति) मानवर्धन के प्रति आभार प्रकट किया. इस अवसर पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष विजयानंद द्विवेदी, कनिष्ठ उपाध्यक्ष आशीष प्रताप सिंह, संयुक्त सचिव बृजेश यादव, सहायक सचिव अंकुर, कोषाध्यक्ष प्रकर्ष मालवीय एवं खेल सचिव जुनैद अहमद के साथ उच्च न्यायालय कर्मचारी अधिकारी कार्यकारिणी सदस्य आदिल शमीम, अभिलाषा कटियार, नवनीत सिंह, अखलेश कुमार, उर्मिला सिंह, खुशबू केवलानी कंदरु, राज कुमार मिश्रा , चंद्र भूषण भारतीय, शिवम् गुप्ता, कुणाल राज, धनीराम वर्मा, सुशील डिमरी एवं विक्रम ने हर्ष व्यक्त किया।

# एसडीएम ने ग्राम ख्वाचकीमई में भूमि विवाद की शिकायतों का मौके पर ही कराया निस्तारण

**स्वतंत्र भारत संवाददाता कौशाम्बी।** राजस्व टीम कौशाम्बी द्वारा ह्लटॉप 10 भूमि विवादों का मौके पर समाधानह्व अभियान के अन्तर्गत उप जिलाधिकारी, सिराथू योगेश कुमार गौड़ ने आज ग्राम ख्वाचकीमई में कैम्प आयोजित कर राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा भूमि विवाद से सम्बन्धित 04 शिकायतों का ग्राम स्तर पर ही त्वरित निस्तारण सुनिश्चित कराया।

कैम्प में राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा ग्राम की गाटा संख्या-155, चकमार्ग की पैमाइश कर चिन्हित किया गया एवं मौके पर ही अवैध अतिक्रमण को हटवाया गया। शिकायतकर्ता चन्द्रावती की शिकायत पर उभयपक्षों के मध्य आपसी सुलह समझौते के आधार पर गाटा संख्या-197, भूमि विवाद का समाधान किया गया।



उप जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि भविष्य में भी इसी प्रकार संवेदनशीलता एवं तत्परता के साथ जनता की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित किया जाये।

# मेधावी विद्यार्थियों को किया गया सम्मानित

**जिला पंचायत अध्यक्ष एवं सदस्य, उ.प्र. राज्य महिला आयोग ने मेधावी विद्यार्थियों को प्रशस्ति-पत्र, मेडल व रुपए-21 हजार धनराशि की डमी चेक किया प्रदान**

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो कौशाम्बी।** जनपद में आज जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना सोनकर एवं सदस्य,उ.प्र. राज्य महिला आयोग प्रतिभा कुशवाहा ने उदयन सभागार में आयोजित माध्यमिक शिक्षा परिषद उ.प्र, प्रयागराज द्वारा संचालित हाईस्कूल/इण्टरमीडिएट परीक्षा-2026 में जनपद स्तरीय टॉप 10 सूची में सम्मिलित मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान समारोह का दीप प्रज्वलित कर शुभारम्भ किया।

अध्यक्ष जिला पंचायत एवं सदस्य,उ.प्र. राज्य महिला आयोग ने हाईस्कूल/इण्टरमीडिएट परीक्षा-2026 में जनपद स्तरीय टॉप 10 सूची में सम्मिलित मेधावी विद्यार्थियों को प्रशस्ति-पत्र, मेडल व रुपए-21 हजार धनराशि की डमी चेक प्रदान कर सम्मानित किया।

समारोह में हाईस्कूल परीक्षा-2026 में जनपद स्तरीय टॉप-10 सूची में स्थान प्राप्त करने वाले धर्मा देवी इण्टर कॉलेज के विद्यार्थियों-सौरभ कुमार मौर्य, रिया यादव, खुशी देवी, आर्थिक द्विवेदी, विपिन सिंह व नेहा देवी एवं धनपत्ति देवी श्याम नारायण इण्टर कॉलेज थूलगुला की विद्यार्थी-अंकिता व अनुष्का श्रीवास्तव, रणजीत पण्डित इण्टर कॉलेज शहजादपुर के विद्यार्थी सत्यम कुमार, दिलीप सिंह इण्टर कॉलेज के विद्यार्थी अभय विश्वकर्मा, यू0एस0 इण्टर कॉलेज सिराथू की विद्यार्थी जान्हवी तथा हनुमान इण्टर कॉलेज अजुहा के विद्यार्थी श्रेष्ठ कुमार को सम्मानित किया गया।



समारोह में इण्टर मीडिएट परीक्षा-2026 में जनपद स्तरीय टॉप-10 सूची में स्थान प्राप्त करने वाले धर्मा देवी इण्टर कॉलेज के विद्यार्थियों- अंजली देवी, सिद्धार्थ सिंह, अर्पित सिंह व रश्मि यादव, यू0एस0 इण्टर कॉलेज सिराथू की विद्यार्थियों सेजल देवी, गरिमा कुशवाहा व काव्या केसरवानी, विट्ठल भाई पटेल शिक्षा सदन इण्टर कॉलेज की विद्यार्थी काजल केसरवानी, सम्पत्ति देवी लघु ग्रामीण उद्योग इण्टर कॉलेज के विद्यार्थी अंकुर सिंह एवं एम0एस0 इण्टर कॉलेज सिराथू के विद्यार्थी लवकुश कुमार को सम्मानित किया गया।

जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना सोनकर ने समारोह को सम्बोधित करते हुए विद्यार्थियों को उनकी उपलब्धियों के लिए हार्दिक शुभकामनाएं व बधाई दी । उन्होंने विद्यार्थियों की इस उपलब्धि में उनके माता-पिता के साथ ही उनके अध्यापकों को भी महत्वपूर्ण योगदान के लिए बधाई दी। उन्होंने विद्यार्थियों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आप लोग ऐसे ही जनपद, प्रदेश एवं देश का नाम रोशन करें।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम का सजीव प्रसारण उदयन सभागार में किया गया तथा तथा उपस्थित लोगों ने मुख्यमंत्री के सम्बोधन को सुना।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी विनोद राम त्रिपाठी एवं प्रभारी जिला विद्यालय निरीक्षक नीरज केसरी सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

स्वतंत्र भारत

यदा यदाहि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत।
अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्।।

## अर्थव्यवस्था के लिए

पिछले कुछ समय से वैश्विक रेटिंग एजेंसियों द्वारा भारत की विकास दर में कमी आने के संकेतों के बीच भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा बेहद आशाजनक तस्वीर पेश किया जाना एक अच्छी खबर है। शीर्ष बैंक का कहना है कि मजबूत घरेलू बुनियादी ढांचे के दम पर भारत आर्थिक विकास की राह पर तेजी के साथ आगे बढ़ता रहेगा। उसने वित्त वर्ष 2026-27 के लिए देश की वास्तविक जीडीपी वृद्धि 6.9 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है। वहीं चेतावनी भी दी है कि पश्चिम एशिया विवाद 2026 में ग्लोबल विकास दर के लिए सबसे बड़ी रुकावट बनकर उभरा है जिसमें व्यापार और वित्तीय बाजारों के लिए जोखिम पैदा हो रहा है। कच्चे तेल की ऊंची कीमतों और आपूर्ति श्रंखला में रुकावटों से महंगाई का दबाव बढ़ सकता है। यह बात अन्य संस्थाएं भी कह चुकी हैं। जैसे यूएन और विश्व बैंक की रिपोर्टों में कहा गया है कि पश्चिम एशिया संकट के कारण कच्चे तेल के ऊंचे दाम, व्यापार मार्ग और सप्लाई चेन की बाधा, महंगाई, राजकोषीय घाटा और रुपए के मूल्य में गिरावट जैसे कारण भारत की तेज विकास दर के सामने चुनौती बन गए हैं। इसलिए भारत को इस समय एफटीए और द्विपक्षीय व्यापार समझौतों का अधिकतम लाभ उठाने की जरूरत है। इस समय व्यवहार में आ रही नई विश्व अर्थव्यवस्था भारत के पक्ष में झुकी दिखाई दे रही है। इसलिए यह भी जरूरी है कि इसके लिए नए आयाम भी खोजे जाएं। उदाहरण के लिए वर्तमान समय में भारत से कुल निर्यात का अधिकांश हिस्सा अमेरिका, यूएई, ब्रिटेन, सऊदी अरब और चीन जैसे प्रमुख देशों पर निर्भर है। इसलिए अब अन्य देशों में भी बाजार तलाशने होंगे ताकि किसी एक या कुछ देशों में आर्थिक सुस्ती का सीधा असर भारत पर न पड़े। निर्यात विविधीकरण पर भी ध्यान देना होगा ताकि नए उत्पादों को उसमें शामिल किया जा सके। उधर, आरबीआई का भी कहना है कि भविष्य में दुनियाभर के केंद्रीय बैंकों के लिए बार-बार आने वाले सप्लाई झटकों और भू-राजनीतिक अस्थिरता के बीच विकास दर की चिंताओं और महंगाई नियंत्रण के बीच संतुलन बनाना बड़ी चुनौती होगी। फिर भी, शीर्ष बैंक की ताजा रिपोर्ट का आशय यही है कि पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष और बढ़ते वैश्विक तनाव के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था अपनी मजबूती बनाए रखने के लिए तैयार है। यह निष्कर्ष देश के आर्थिक भविष्य को लेकर निश्चित रूप से आशा जगाता है।

## बालिका शिक्षा

समाज के हर क्षेत्र में महिलाओं के बढ़ते कदमों के साथ उनकी स्थिति में बदलाव का नया संदेश आता जा रहा है। अब वे घर की चहारदीवारी तक सीमित नहीं रह गई हैं बल्कि उससे बाहर आकर अपनी योग्यता एवं जुझारू शक्ति का प्रदर्शन कर रही हैं। ऐसे में जरूरी है कि जीवन के शुरुआती स्तर से ही उन्हें समुचित शिक्षा के अवसर सुलभ करा कर उनके व्यक्तित्व को संवारा जाए। यूपी सरकार इस दिशा में लगातार कदम उठा रही है। इनके तहत अब प्रदेश में अस्सी आवासीय बालिका विद्यालयों का निर्माण कराए जाने की योजना बनाई गई है। जिन ब्लॉकों में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय नहीं हैं, वहां ये विद्यालय बनेंगे और इनमें कक्षा छह से कक्षा बारह तक की शिक्षा दी जाएगी। इनमें दो सौ छात्राओं के रहने की व्यवस्था होगी तथा इनके निर्माण पर लगभग छह सौ करोड़ रुपए खर्च होंगे। बालिका शिक्षा को प्रोत्साहित करने की दिशा में यह निश्चित रूप से बड़ा कदम है। आज भी गांवों से लेकर नगर क्षेत्रों तक कई परिवारों की लड़कियों की पढ़ाई केवल इसलिए नहीं हो पाती कि वे आवासीय सुविधा से वंचित हैं। ऐसे में उन्हें शिक्षा तो नहीं ही मिलती, उनके व्यक्तित्व का समग्र-संपूर्ण विकास भी नहीं हो पाता। इस व्यवस्था के अंतर्गत छात्राओं को निःशुल्क शिक्षा, छात्रावास में रहने एवं खाने की व्यवस्था शिक्षा के अतिरिक्त खेलकूद एवं अन्य गतिविधियों की सुविधाएं आदि उपलब्ध होंगी जिनसे उनके जीवन में उत्तरोत्तर प्रगति का मार्ग प्रशस्त हो सकेगा। पिछड़े क्षेत्रों की बालिकाओं को इससे खासतौर पर लाभ पहुंचेगा और वे भी अपनी रुचि एवं योग्यता के अनुसार आगे बढ़ने के अवसर प्राप्त कर सकेंगी। उम्मीद तो की जानी चाहिए कि आगे चलकर ऐसे आवासीय विद्यालयों की संख्या और बढ़ेगी जिससे अधिकाधिक बालिकाओं को इससे लाभ मिल सके और वे भी शहरों की बालिकाओं की तरह अपने जीवन की राह चुन सकें।

## काँव-काँव

♦♦♦

**आरसीबी लगातार दूसरी बार आईपीएल चैंपियन**
भुखमरी, बीमारी, बेरोजगारी की समस्याएं खत्म!

**वियतनाम खरीदेगा भारत की ब्रह्मोस मिसाइलें**
हमारा देश विश्वशांति का घनघोर समर्थक है!

**यूपी के पूर्णकालिक डीजीपी बने राजीव कृष्ण**
अब गांजा चरस के धंधेबाजों का क्या होगा?

**देश के बड़े तालाबों में मात्र चौबीस प्रतिशत पानी**
वहां भी तालाब पाटकर हाईकोर्ट बनाये जायें!

**गर्मी से लड़ने का तरीका हमारी रसोई में है-मोदी**
महंगी गैस ने लाखों घरों की रसोई ठंडी कर दी!

**विश्व तंबाकू जागरूकता दिवस पर निकली रैली**
धुआं उड़ाते युवा नये लखनऊ की पहचान हैं!

♦♦♦

# सिस्टम : न्याय, सत्ता और संवेदनाओं के बीच की बेचैनी

**– पंकज दुबे**

भारतीय सिनेमा में अदालतों और न्याय व्यवस्था पर आधारित फ़िल्में हमेशा से दर्शकों को आकर्षित करती रही हैं। ऐसी फ़िल्मों की सबसे बड़ी चुनौती यह होती है कि वे केवल कानूनी बहसों तक सीमित न रह जाएं, बल्कि इंसानी भावनाओं, सामाजिक यथार्थ और सत्ता की जटिलताओं को भी अपने भीतर समेट सकें। अश्विनी अय्यर तिवारी द्वारा निर्देशित नई हिंदी फ़िल्म 'सिस्टम' इसी चुनौती को स्वीकार करती है। आज के सिने-सोहबत में इसी फ़िल्म पर चर्चा करते हैं। 'सिस्टम' केवल एक कोर्टरूम ड्रामा नहीं है, बल्कि उस व्यवस्था की पड़ताल है जिसमें सच, शक्ति और विशेषाधिकार अक्सर एक-दूसरे से टकराते दिखाई देते हैं। फ़िल्म में सोनाक्षी सिन्हा और ज्योतिका मुख्य भूमिकाओं में हैं, जबकि आशुतोष गोवारिकर जैसे अनुभवी कलाकार कहानी को अतिरिक्त वजन देते हैं।

'सिस्टम' की कहानी दो महिलाओं के इर्द-गिर्द घूमती है। एक ओर है नेहा राजवंश, जो विशेषाधिकार प्राप्त दुनिया से आने वाली सरकारी वकील है, और दूसरी ओर है सारिका रावत, जो अदालत की दुनिया में अपेक्षाकृत निचले पायदान पर खड़ी एक स्टेनोग्राफर है। दोनों अलग-अलग सामाजिक पृष्ठभूमियों से आती हैं, लेकिन न्याय व्यवस्था के भीतर मौजूद असमानताओं और सत्ता के खेल से उनका सामना उन्हें एक साझा संघर्ष की ओर ले जाता है। फ़िल्म का मूल प्रश्न यही है कि क्या न्याय वास्तव में सबके लिए समान है, या फिर व्यवस्था केवल शक्तिशाली लोगों के पक्ष में काम करती है?

निर्देशक अश्विनी अय्यर तिवारी ने अपने करियर में अक्सर साधारण लोगों की असाधारण कहानियां कही हैं। 'निल बट्टे सन्नाटा', 'बरेली की बर्फी' और 'पंगा' जैसी फ़िल्मों में उन्होंने छोटे शहरों, पारिवारिक रिश्तों और व्यक्तिगत संघर्षों को बड़ी संवेदनशीलता के साथ प्रस्तुत किया था। 'सिस्टम' में वह पहली बार अपेक्षाकृत गहरे और गंभीर कोर्टरूम स्पेस में प्रवेश करती हैं। यह बदलाव दिलचस्प है क्योंकि यहां उनका परिचित मानवीय दृष्टिकोण तो मौजूद है, लेकिन उसके साथ एक राजनीतिक और संस्थागत आलोचना भी जुड़ जाती है।

फ़िल्म का सबसे मजबूत पक्ष इसका वातावरण है। अदालत की कार्यवाही, कानूनी प्रक्रियाएं और उनके पीछे छिपी शक्ति संरचनाएं काफी विश्वसनीय लगती हैं। कैमरा अक्सर पात्रों के चेहरों पर ठहरता है, जिससे उनके भीतर चल रहे संघर्ष दर्शकों तक पहुंचते हैं। कई दृश्यों में संवादों से अधिक मौन काम करता है। अश्विनी अय्यर तिवारी यहां शोर मचाने वाली फ़िल्म नहीं बनातीं; वह दर्शकों को धीरे-धीरे उस दुनिया में ले जाती हैं जहां सच और झूठ के बीच की रेखा धुंधली होती जाती है।

सोनाक्षी सिन्हा ने नेहा राजवंश के किरदार में अपने करियर के सबसे परिपक्व अभिनय में से एक दिया है। यह किरदार केवल एक वकील का नहीं, बल्कि उस व्यक्ति का है जो अपने विशेषाधिकारों और नैतिक जिम्मेदारियों के बीच फंसी हुई है। सोनाक्षी ने इस आंतरिक संघर्ष को बड़े संयम से निभाया है। कई जगह उनके चेहरे के भाव संवादों से अधिक प्रभाव पैदा करते हैं। पिछले कुछ वर्षों में 'दहाड़' जैसी परियोजनाओं में उन्होंने जिस गंभीर अभिनय क्षमता का परिचय दिया था, 'सिस्टम' उसे और आगे बढ़ाती है। वहीं ज्योतिका फ़िल्म की भावनात्मक धुरी बनकर उभरती हैं। सारिका रावत के रूप में उनका प्रदर्शन अत्यंत स्वाभाविक और प्रभावशाली है। उनके किरदार में गुस्सा भी है, विवशता भी और आत्मसम्मान भी। ज्योतिका अपने अभिनय से यह महसूस करा देती हैं कि व्यवस्था के सबसे निचले स्तर पर खड़े लोग किस तरह रोज़ अन्याय का सामना करते हैं। कई दृश्यों में उनका अभिनय फ़िल्म को नई ऊंचाई देता है। अशुतोष गोवारिकर का काम भी उल्लेखनीय है। उनका अनुभव स्क्रीन पर साफ़ दिखाई देता है। वह कहानी में स्थिरता और गंभीरता जोड़ते हैं। सहायक कलाकारों ने भी अपने हिस्से का काम ईमानदारी से किया है, जिससे फ़िल्म का संसार विश्वसनीय बनता है।

फ़िल्म का लेखन महत्वाकांक्षी है। यह केवल एक मुकदमे की कहानी नहीं कहना चाहता, बल्कि पूरे न्यायिक ढांचे पर टिप्पणी करना चाहता है। कई दृश्य ऐसे हैं जहां फ़िल्म महत्वपूर्ण सवाल उठाती है कि क्या कानून और न्याय एक ही चीज़ हैं? क्या सच हमेशा अदालत में जीतता है? क्या सामाजिक हैसियत फैसलों को प्रभावित करती है? इन प्रश्नों के कारण फ़िल्म विचारोत्तेजक बनती है। हालांकि, यहीं फ़िल्म की कुछ कमजोरियां भी सामने आती हैं। कई बार ऐसा महसूस होता है कि फ़िल्म के पास अच्छे विचार तो हैं, लेकिन वह उन्हें पूरी गहराई तक विकसित नहीं कर पाती। कुछ उपकथाएं अधूरी लगती हैं और कुछ महत्वपूर्ण संघर्ष सतही स्तर पर ही रह जाते हैं। कोर्टरूम ड्रामा के रूप में फ़िल्म कई बार उतनी तीखी नहीं बन पाती जितनी उसकी विषयवस्तु मांग करती है।

फ़िल्म का दूसरा भाग विशेष रूप से मिश्रित प्रभाव छोड़ता है। शुरुआती हिस्से में जो रहस्य और तनाव निर्मित होता है, वह बाद में थोड़ी गति खो देता है। कुछ दृश्य अनावश्यक रूप से लंबे महसूस होते हैं। दर्शकों को यह भी लग सकता है कि फ़िल्म अपने सबसे साहसी राजनीतिक निष्कर्षों तक पहुंचने से पहले ही रुक जाती है। व्यवस्था की आलोचना मौजूद है, लेकिन वह कई बार सुरक्षित दायरे में रहती है। तकनीकी पक्ष की बात करें तो फ़िल्म का कैमरावर्क काफ़ी प्रभावशाली है। अदालतों के बंद कमरों, गलियारों और वेटिंग क्षेत्र को जिस तरह फिल्माया गया है, वह कहानी के दबाव और घुटन को महसूस कराता है। बैकग्राउंड स्कोर भी संयमित है। संगीत कभी भी कहानी पर हावी नहीं होता, बल्कि उसके भावनात्मक स्वर को मजबूत करता है।

'सिस्टम' की एक और विशेषता इसकी महिला दृष्टि है। यह फ़िल्म महिलाओं को केवल पीड़ित या आदर्शवादी पात्रों के रूप में नहीं दिखाती। यहां महिलाएं जटिल हैं, महत्वाकांक्षी हैं, गलतियां भी करती हैं और कठिन फैसले भी लेती हैं। अश्विनी अय्यर तिवारी का यह दृष्टिकोण हिंदी सिनेमा में अक्सर दिखाई नहीं देता। फ़िल्म की सबसे बड़ी उपलब्धियों में से एक यही है कि वह अपने महिला पात्रों को पूर्ण मनुष्य की तरह प्रस्तुत करती है।

अश्विनी अय्यर तिवारी के फ़िल्मी सफर को देखें तो 'सिस्टम' उनके लिए एक महत्वपूर्ण मोड़ की तरह दिखाई देती है। यह उनकी सबसे परिपक्व या सबसे प्रभावशाली फ़िल्म नहीं है, लेकिन यह निश्चित रूप से उनकी रचनात्मक महत्वाकांक्षा को दर्शाती है। वह अपने परिचित भावनात्मक क्षेत्र से बाहर निकलकर एक बड़े सामाजिक और संस्थागत विषय को छूने की कोशिश करती हैं। यह प्रयास सम्मान के योग्य है, भले ही परिणाम पूरी तरह निर्दोष न हो।

मिलाजुला कर 'सिस्टम' ऐसी फ़िल्म है जो अपने विचारों की वजह से याद रहती है, भले ही हर जगह समान रूप से प्रभावशाली न हो। यह दर्शकों को आसान जवाब नहीं देती, बल्कि उन्हें सवालों के साथ छोड़ती है। न्याय, सत्ता और नैतिकता के बीच मौजूद जटिल संबंधों पर सोचने के लिए मजबूर करती है। सोनाक्षी सिन्हा और ज्योतिका के मजबूत अभिनय, अश्विनी अय्यर तिवारी की संवेदनशील दृष्टि और फिल्म का सामाजिक सरोकार इसे देखने योग्य बनाते हैं। यदि आप तेज़ रफ्तार थ्रिलर की उम्मीद लेकर बैठेंगे तो शायद 'सिस्टम' आपको पूरी तरह संतुष्ट न करे। लेकिन अगर आप ऐसी फ़िल्में पसंद करते हैं जो समाज और व्यवस्था के भीतर छिपी परतों को खोलने की कोशिश करती हैं, तो यह फ़िल्म आपके समय की हकदार है। यह एक परफेक्ट कोर्टरूम ड्रामा नहीं है, लेकिन एक ईमानदार और विचारशील सिनेमाई प्रयास अवश्य है।




## ।। यथार्थ गीता ।।


स्वामी अड़गड़ानंद

### अथैकादशोऽध्यायः

(गतांक से आगे

साधक तो निमित्तमात्र होकर उसके संकेत और आदेश पर चलता भर रहता है। साधक की विजय उसकी देन है। ऐसे अनुरागी के लिये ईश्वर अपनी दृष्टि से देखता है, दिखाता है और अपने स्वरूप तक पहुँचाता है। यही श्रीकृष्ण कहते हैं कि मेरे द्वारा मारे हुए इन बैरियों को मार। निश्चय ही तुम्हारी विजय होगी, मैं जो खड़ा हूँ।

सञ्जय उवाच एतच्छ्रुत्वा वचनं केशवस्य कृताञ्जलिर्वेपमानः किरीटी। नमस्कृत्वा भूय एवाह कृष्णं सगद्गदं भीतभीतः प्रणम्य ।। 35।।

संजय बोला- (जो कुछ अर्जुन ने देखा, ठीक वैसा ही संजय ने देखा है। अज्ञान से आच्छादित मन ही अन्धा धृतराष्ट्र है; लेकिन ऐसा मन भी संयम के माध्यम से भली प्रकार देखता, सुनता और समझता है) केशव के इन (उपर्युक्त) वचनों को सुनकर किरीटधारी अर्जुन भयभीत होकर काँपता हुआ हाथ जोड़कर नमस्कार करके, फिर श्रीकृष्ण से इस प्रकार गद्गद वाणी में बोला-

अर्जुन उवाच - स्थाने हृषीकेश तव प्रकीर्त्या
जगत्प्रहृष्यत्यनुरज्यते च । रक्षांसि भीतानि दिशो द्रवन्ति
सर्वे नमस्यन्ति च सिद्धसङ्घाः ।। 36 ।।

हे हृषीकेश! यह उचित ही है कि आपकी कीर्ति से संसार हर्षित होता है और अनुराग को प्राप्त होता है। आपकी ही महिमा से भयभीत हुए राक्षस दिशाओं में भागते हैं और सब सिद्धगणों के समुदाय आपकी महिमा को देखकर नमस्कार करते हैं। कस्माच्च ते न नमेरन्महात्मन् है। गरीयसे ब्रह्मणोऽप्यादिकर्ते। अनन्त देवेश जगन्निवास त्वमक्षरं सदसत्तत्परं यत् ।। 37 ।। हे महात्मन् ! ब्रह्मा के भी आदिकर्त्ता और सबसे बडे आपके लिये ये सब कैसे नमस्कार न करें- क्योंकि हे अनन्त ! हे देवेश ! हे जगन्निवास। क्रमशः...

## ।। चाणक्य नीति ।।

♦♦♦

**पठन्ति चतुरो वेदान् धर्मशास्त्राणनेकशः।**
**आत्मानं नैव जानन्ति दर्वी पाकरसं यथा।।**

जिस प्रकार पाक में घुसी हुई कलछी उस पाक के रस को नहीं जानती, उसी प्रकार आजकल के विद्वान भी वेदों और शास्त्रों को पढ़ तो लेते हैं, परन्तु आत्मतत्त्व को नहीं जानते।

♦♦♦

# वीआईपी अपराधियों के लिए जेल मानो होटल?

**– रजनीश कपूर**

सवाल है कि पैरोल का सिलसिला कानून है या विशेषाधिकार? हरियाणा गुड कंडक्ट प्रिजनर्स एक्ट के तहत कैदियों को पैरोल और फरलो का प्रावधान है। इस कानून के अनुसार, एक साल की सजा पूरी करने के बाद कोई भी कैदी प्रति वर्ष 10 सप्ताह की पैरोल और 21 दिन की फरलो का हकदार है। राम रहीम को 2020 से 2026 तक 16 बार से ज्यादा पैरोल/फरलो मिल चुकी है। कुल मिलाकर 430 से अधिक दिन वे जेल से बाहर रहे।

भारत में कानून की समानता का सिद्धांत संविधान का मूल आधार है। अनुच्छेद 14 कहता है कि कानून के समक्ष सब समान हैं। लेकिन वास्तविकता अक्सर इसके उलट दिखती है। बलात्कार और हत्या के मामलों में सज़ा काट रहे डेरा सच्चा सौदा प्रमुख गुरमीत राम रहीम सिंह का मामला इसका स्पष्ट उदाहरण है। रोहतक की सुनारिया जेल, जहां वे बंद हैं, उनके लिए लगभग होटल जैसी सुविधाओं का केंद्र बन गई है, जबकि आम कैदी कठिन परिस्थितियों में सजा काटते हैं। उल्लेखनीय है कि 2017 में दो साध्वियों के साथ बलात्कार के मामले में 20 वर्ष की सजा पाने के बाद राम रहीम रोहतक जेल में बंद हैं। बाद में पत्रकार रामचंद्र छत्रपति और रंजीत सिंह हत्याकांड में आजीवन कारावास भी मिला। जेल में उनके लिए विशेष सेल, बोतलबंद पानी, सहायक कर्मी और अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं। एक पूर्व कैदी ने आरोप लगाया था कि राम रहीम को अन्य कैदियों से ज्यादा समय मुलाकात के लिए मिलता है। जबकि सामान्य कैदियों को मात्र 20 मिनट मिलते हैं, वहीं राम रहीम को घंटों की छूट दी जाती रही।

जेल प्रशासन ने इन आरोपों से इनकार किया, लेकिन राम रहीम को बार-बार मिलने वाली पैरोल और फरलो ने संदेह बढ़ाया है। रोहतक जेल में उनका रहना आम कैदियों के लिए कठिनाइयों के बीच विपरीत तस्वीर पेश करता है। जहां सामान्य कैदी भीड़भाड़, सीमित संसाधनों और सख्त नियमों में रहते हैं, वहीं राम रहीम को लगातार रिहाई और आरामदायक व्यवस्था मिलती रही। ऐसे में सवाल उठता है कि पैरोल का सिलसिला कानून है या विशेषाधिकार? हरियाणा गुड कंडक्ट प्रिजनर्स एक्ट के तहत कैदियों को पैरोल और फरलो का प्रावधान है। इस कानून के अनुसार, एक साल की सजा पूरी करने के बाद कोई भी कैदी प्रति वर्ष 10 सप्ताह की पैरोल और 21 दिन की फरलो का हकदार है। फरलो को कैदी का अधिकार माना जाता है, जो सामाजिक और पारिवारिक संबंध बनाए रखने के लिए दी जाती है, जबकि पैरोल के लिए विशिष्ट कारणों की आवश्यकता होती है। लेकिन राम रहीम के मामले में इसका दुरुपयोग स्पष्ट दिखता है। 2020 से 2026 तक उन्हें 16 बार से ज्यादा पैरोल/फरलो मिल चुकी है। कुल मिलाकर 430 से अधिक दिन वे जेल से बाहर रहे। मई 2026 में मिली 30 दिन की पैरोल पर वे जेल से बाहर निकले और सिरसा डेरे पहुंचे। यह उनकी 2026 की दूसरी पैरोल थी। कथित तौर पर ये रिहाइयां अक्सर बिना किसी ठोस कारण के दी गई हैं। क्योंकि ये रिहाइयां अक्सर चुनावों, धार्मिक कार्यक्रमों या त्योहारों के आसपास दी गईं। 2022 पंजाब, 2023 राजस्थान, 2024 हरियाणा चुनावों से पहले भी ऐसी छूट मिली। डेरे के लाखों अनुयायी एक बड़ा वोट बैंक हैं, जिसका राजनीतिक फायदा उठाने के आरोप लगते रहे। बलात्कार और हत्या के अपराधी राम रहीम की बार-बार रिहाई पीड़ित परिवारों के लिए अपमानजनक है। 2017 में सजा के बाद हुए दंगे में 40 लोगों की मौत हुई थी। गवाहों पर दबाव पड़ने की आशंका बनी रहती है। शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक समिति समेत कई संगठन इन पैरोलों की निंदा करते हैं। पत्रकार अंशुल छत्रपति ने इसे 'कानून का मजाक' बताया। आम कैदियों के लिए पैरोल मिलना मुश्किल होता है। हरियाणा के आंकड़ों के अनुसार, जेलों में हजारों कैदी हैं, लेकिन सीमित संख्या को ही ऐसी छूट मिलती है। ऐसे में ये कहना ग़लत नहीं होगा कि राम रहीम को मिलने वाली लगातार रिहाइयां अन्य कैदियों में असंतोष पैदा करती हैं। गौरतलब है कि रोहतक की सुनारिया जेल सामान्य रूप से क्षमता से अधिक भरी रहती है। कैदियों को बुनियादी सुविधाएं भी मुश्किल से मिलती हैं। लेकिन राम रहीम के लिए यहां विशेष इंतजाम किए जाते रहे। आरामदायक रहन-सहन, बेहतर भोजन और लगातार बाहर जाने की छूट। यह जेल उनके लिए सजा की जगह आरामगाह बन गई है। एक तरफ़ तो जेल सुधार की बातें होती रहती हैं, लेकिन वहीं दूसरी ओर उच्च प्रभाव वाले कैदियों को मिलने वाली सुविधाएं व्यवस्था की कमजोरी उजागर करती हैं। जहां गरीब या सामान्य अपराधी सालों जेल में सड़ते हैं, वहीं प्रभावशाली व्यक्ति यहाँ एक लक्ज़री होटल जैसी जिंदगी जीते दिखते हैं। सवाल उठता है कि इस का क्या समाधान संभव है? पैरोल और फरलो जैसे प्रावधानों का उद्देश्य पुनर्वास है, न कि दुरुपयोग। इसलिए पुलिस प्रशासन व सरकार को इनमें पारदर्शिता लानी चाहिए। जैसे कि, रिहाई के फैसले स्वतंत्र समिति से करवाए जाएं। चुनाव के समय पैरोल पर रोक लगे। सभी कैदियों के लिए समान नियम लागू हों। जेलों में सीसीटीवी और मैन्युअल निगरानी की सख्ती बढ़े। गुरमीत राम रहिम के मामले में हरियाणा सरकार को ख़ुद पर लगे आरोपों का जवाब देना चाहिए। शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक समिति और अन्य संगठनों की आलोचना को गंभीरता से लिया जाना चाहिए। गुरमीत राम रहीम जैसे प्रभावशाली अपराधियों को मिलने वाले ऐशो-आराम का मामला सिर्फ एक व्यक्ति की कहानी नहीं है। यह न्याय व्यवस्था की निष्पक्षता पर सवाल है। रोहतक जेल अगर एक कैदी के लिए होटल बन जाती है, तो कानून की गरिमा कहां रह जाती है? पैरोल का प्रावधान सभी के लिए समान होना चाहिए, न कि चुनिंदा प्रभावशालियों के लिए विशेषाधिकार। समाज को इस भेदभाव के खिलाफ आवाज उठानी होगी। ताकि कानून वाकई सबके लिए समान हो। राम रहीम की लगातार रिहाइयां न केवल पीड़ितों का अपमान हैं, बल्कि पूरे न्याय तंत्र पर सवालिया निशान लगाती हैं। जेल सजा की जगह होनी चाहिए, न कि आराम की।



## प्रेरक प्रसंग

### सहनशीलता

एक दरोगा संत दादू की ईश्वर भक्ति और सिद्धि से बहुत प्रभावित था। उन्हें गुरु मानने की इच्छा से वह उनकी खोज में निकल पड़ा। लगभग आधा जंगल पार करने के बाद दरोगा को केवल धोती पहने एक साधारण-सा व्यक्ति दिखाई दिया। वह उसके पास जाकर बोला, क्यों बे तुझे मालूम है कि संत दादू का आश्रम कहां है?

वह व्यक्ति दरोगा की बात अनसुनी कर के अपना काम करता रहा।

भला दरोगा को यह सब कैसे सहन होता? लोग तो उसके नाम से ही थर-थर कापते थे उसने आव देखा न ताव लगा ग़रीब की धुनाई करने। इस पर भी जब वह व्यक्ति मौन धारण किए अपना काम करता ही रहा तो दरोगा ने आग बबूला होते हुए एक ठोकर मारी और आगे बढ़ गया।

थोड़ा आगे जाने पर दरोगा को एक और आदमी मिला। दरोगा ने उसे भी रोक कर पूछा, क्या तुम्हें मालूम है संत दादू कहां रहते है? उन्हें भला कौन नहीं जानता, वे तो उधर ही रहते हैं जिधर से आप आ रहे हैं। यहां से थोड़ी ही दूर पर उनका आश्रम है। मैं भी उनके दर्शन के लिए ही जा रहा था। आप मेरे साथ ही चलिए। वह व्यक्ति बोला।

दरोगा मन ही मन प्रसन्न होते हुए साथ चल दिया। राहगीर जिस व्यक्ति के पास दरोगा को ले गया उसे देख कर वह लज्जित हो उठा क्योंकि संत दादू वही व्यक्ति थे जिसको दरोगा ने मामूली आदमी समझ कर अपमानित किया था। वह दादू के चरणों में गिर कर क्षमा मांगने लगा। बोला, महात्मन् मुझे क्षमा कर दीजिए, मुझसे अनजाने में अपराध हो गया। दरोगा की बात सुनकर संत दादू हंसते हुए बोले, भाई, इसमें बुरा मानने की क्या बात? कोई मिट्टी का एक घड़ा भी ख़रीदता है तो ठोक बजा कर देख लेता है। फिर तुम तो मुझे गुरु बनाने आए थे।

संत दादू की सहिष्णुता के आगे दरोगा नतमस्तक हो गया।

## आपका पत्र मिला

### दो जून रोटी और हमारी सरकार

सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास के सिद्वान्त पर हमारी सरकार चल रही है. लगभग 12 साल हो गए हैं चलते-चलते। काफी सुधार हुए हैं ग़रीबों के जीवन स्तर को ऊपर उठाने में. लक्ष्य पाने के लिए मूलभूत सुविधाओं के साथ ही रोटी-कपड़ा-मकान के लिए भी सरकार ने काम किये हैं. फिर भी लक्ष्य अभी काफी दूर है. जगह-जगह सुबह से शाम तक झुण्ड में मजदूरों को काम की तलाश में रोजाना देखा जा सकता है. उन्हें कभी काम मिलता है तो कभी नहीं भी. इससे कभी-कभी उनको दो जून रोटी की कमाई भी नहीं मिल पाती है. देश में बेतहाशा गरीबी और बेरोजगारी से इंकार नहीं किया जा सकता. मजदूर तो मजदूर पढ़े-लिखे भी बेरोजगारों की भी लम्बी-लम्बी लाइन एक नौकरी के लिए हजारों आवेदन होने के कारण लगी मिल रही है. युवकों को बेरोजगारी भत्ता और मजदूरों के दो हाथों को काम ये लक्ष्य भी सरकार की योजनाओं में होना चाहिए।

एक बात और है यदि राजनीतिक फ्री रेवड़ियों की बजाय काम के बदले दाम देने की आम योजना अगर सरकार बनाये तो काम भी होगा, दाम का भी सदुपयोग होगा, गरीब युवाओं में आलस्य भी खत्म होगा जिससे सबके साथ सबका विकास तो होगा साथ ही सरकार के प्रति विश्वास तो बढ़ेगा व जिन्हें फ्री रेवड़ी की पात्रता नहीं आ पाती है उनका मनोबल भी नहीं गिरेगा।

**शकुंतला महेश नेनावा**
**वाया ई-मेल**

**इस पेज पर प्रकाशित लेखकों के विचार निजी हैं। समाचार पत्र से इनका कोई लेना-देना नहीं है।**
आपके विचार व सुझाव भी आमंत्रित हैं।

संपादक,
स्वतंत्र भारत
1, जॉपलिंग रोड,
लखनऊ-226001
E-mail : swatantrabharat77@gmail.com




# 'संकट कटै मिटै सब पीरा। जो सुमिरै हनुमत बलबीरा॥



# हनुमान जी को क्यों प्रिय है सिंदूर?

नुमान जी को सिंदूर चढ़ाने को विशेष रूप से महत्वपूर्ण बताया गया है। ऐसी मान्यता है कि हनुमान जी को नारंगी सिंदूर सिन्दूर चढ़ाने से भक्तों की समस्त मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं और उनकी भक्ति का पूर्ण फल मिलता है। आमतौर पर लोग पूजन के साथ हनुमान जी को नारंगी सिंदूर चढ़ाकर सभी कामनाओं की पूर्ति की प्रार्थना करते हैं और साथ ही ऐसा कहा जाता है कि इससे बजरंगबली प्रसन्न होकर सभी इच्छाओं की पूर्ति करते हैं। पौराणिक कथा के अनुसार, लंका से लौटने के बाद एक दिन जब माता सीता अपनी मांग में सिंदूर भर रही थीं उस समयत भी हनुमान जी ने उनसे इसका कारण पूछा। हनुमान जी के इस प्रश्न का जवाब देते हुए माता सीता ने कहा कि प्रभु श्रीराम की लंबी उम्र की कामना के लिए वो मांग में सिंदूरलगाती हैं। माता सीता की यह बात सुनकर हनुमान जी ने सोचा कि अगर थोड़ा सा सिंदूर लगाने से प्रभु को इतना लाभ है तो पूरे शरीर पर सिंदूर लगाने से प्रभु



श्रीराम अमर हो जाएंगे। उस दिन से हनुमान जी ने अपने शरीर में सिंदूर का लेप लगाना शुरू कर दिया। उसी समय से हनुमान जी को सिंदूर चढ़ाने की प्रथा भी प्रचलित हो गई। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार यदि कोई भक्त किसी संकट से जूझ रहा है तो हनुमान जी को सिंदूर का चोला चढ़ाने से उसके सभी संकट दूर होते हैं। इससे हनुमान जी प्रसन्न होकर अपने भक्तों पर कृपा बरसाते हैं। इसके अलावा यह भी कहा जाता है कि सिंदूर चढ़ाने से हनुमान जी अपने भक्त के जीवन में आ रही सभी बाधाओं को दूर करते हैं और सुख-समृद्धि का आशीर्वाद देते हैं।

### हनुमान जी को सिंदूर चढ़ाने से कई लाभ मिलते हैं

हनुमान जी प्रसन्न होते हैं और भक्तों की इच्छाएं पूरी करते हैं।
व्यक्ति को बल और बुद्धि की प्राप्ति होती है।
रूके हुए काम धीरे-धीरे बनने लगते हैं।
नकारात्मक शक्तियों से छुटकारा मिलता है। एकाग्रता बनी रहती है।
मंगल दोष से छुटकारा मिलता है।
सैभाग्य में वृद्धि होती है।

**हनुमान जी को सिंदूर चढ़ाने के बारे में कुछ और बातें:**
हनुमान जी को नारंगी सिंदूर चढ़ाना चाहिए, क्योंकि लाल सिंदूर सुहाग का प्रतीक है। वहीं, नारंगी सिंदूर समर्पण का प्रतीक है। हनुमान जी को सिंदूर के साथ चमेली का तेल या फूल चढ़ाना चाहिए। चमेली का तेल या फूल नकारात्मक ऊर्जा को दूर करता है। हनुमान जी को प्रसन्न करने के लिए मंगलवार का दिन विशेष महत्व रखता है।

# हनुमान चालीसा का नियमित पाठ करने से मिलते हैं कई फायदे



वीर बजरंग बली आज भी सशरीर मौजूद हैं। मान्यता है कि बजरंगबली सभी भक्तों की परेशानियों को पलक झपकते दूर कर देते हैं। इसलिए उन्हें संकटमोचक कहा जाता है। उनके समक्ष कोई भी शक्ति नहीं टिक पाती है। बजरंगबली को प्रसन्न करने के लिए हनुमान चालीसा का पाठ भी किया जाता है। सभी जानते हैं कि, हनुमान चालीसा के पाठ में बहुत शक्ति है। यह मन से डर को दूर करने में सहायता करता है। माना जाता है कि हनुमान चालीसा का पाठ करने से व्यक्ति को अपने जीवन में कई लाभ भी मिलते हैं। साथ ही कुंडली में मंगल दोष समेत राहु और केतु दोष से भी छुटकारा मिलता है। इसी कड़ी में आइए जानते हैं कि, हनुमान चालीस का पाठ करने से और क्या लाभ मिलते हैं।

**मानसिक अशांति होती है दूर :** मान्यता है कि हनुमान चालीसा का पाठ करने से मानसिक शांति की प्राप्ति होती है। साथ ही व्यक्ति के मन से भी हर तरह का डर भी दूर होता है। इसके अलावा चालीसा का पाठ करने से नकारात्मकता भी दूर होती है।

**मिलती है सफलता :** हनुमान चालीसा का पाठ करने से हनुमान जी प्रसन्न होते हैं। इसलिए जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए सच्चे दिल से चालीसा का पाठ करना चाहिए। ऐसा करने से आपकी तरक्की के नए मार्ग भी खुल सकते हैं।

**बीमारियों से मिलेगी मुक्ति :** यदि आप बीमारियों से घिरे हैं, तो सच्चे मन से हनुमान चालीसा का पाठ करना चाहिए। ऐसा करने से सेहत में सुधार देखने को मिल सकता है। साथ ही आपकी परेशानियों में भी कमियां आएंगी।

**आर्थिक स्थिति होती है बेहतर :** मान्यता है कि, दिन में 7 बार हनुमान चालीसा का पाठ करने से व्यक्ति की आर्थिक स्थिति बेहतर होती है। उसके काम और व्यापार में भी प्रगति होती है। रोजाना चालीसा का पाठ करने से प्रमोशन और तरक्की के योग बनते हैं।

**डर को दूर भगाएं हनुमान :** जी के सामने कोई भी शक्ति नहीं टिक पाती है। वह बहुत ही बलवान और ताकतवर है। इसलिए हनुमान चालीसा का पाठ करने की सलाह दी जाती है ताकी मनुष्य के मन से डर निकल सके।

**मंत्र-** इस दिन 'ॠहनु हनुमते नमः' मंत्र का जाप करने से मानसिक तनाव और जीवन में आने वाले संकटों से मुक्ति मिलती है।

**उपाय-** -बजरंग बाण का पाठ अवश्य करें। आर्थिक परेशानियों को दूर करने के लिए तीसरे बड़े मंगल को हनुमान जी के साथ प्रभु श्रीराम की भी पूजा करें. रामायण का पाठ करना भी फलदायी रहेगा। --हनुमान मंदिर में नारियल अर्पित करें और लाल रंग का झंडा (ध्वज) चढ़ाएं। ऐसा करने से मनोकामनाएं पूरी होने की मान्यता है। बड़ा मंगल के शुभ अवसर पर भंडारे या प्रसाद वितरण का आयोजन करें। इस दिन जरूरतमंदों को भोजन कराना विशेष पुण्य का कार्य माना जाता है।

**पूजा-विधि-** प्रातःकाल स्नान के बाद स्वच्छ लाल वस्त्र धारण करें. फिर हनुमान जी को लाल पुष्प अर्पित करें, सिंदूर में चमेली का तेल मिलाकर चोला चढ़ाएं, साथ ही चना, गुड़ और नारियल चढ़ाएं. हनुमान जी को बेसन या बूंदी के लड्डू का भोग लगाएं. फिर घी का दीपक जलाकर सुंदरकांड या हनुमान चालीसा का पाठ करें और आरती करें। व्रत का संकल्प लें और श्रीराम-सिता जी के साथ हनुमान जी की उपासना करें. पूजा के अंत में क्षमा याचना करना न भूलें।

# खाना खाने से लेकर सोने तक इन दिशाओं का रखें ध्यान
## तो नही होगी कोई परेशानी



वास्तु शास्त्र को हिंदू धर्म में विशेष महत्व दिया गया है। यह हिंदू प्रणाली के सबसे पुराने विज्ञानों में से एक माना गया है। वास्तु शास्त्र में हर दिशा का महत्व माना गया है। ऐसे में चलिए जानते हैं कि वह कौन-से वास्तु नियम हैं, जिनका ध्यान रखने पर आपको जीवन में सकारात्मक परिणाम देखने को मिल सकते हैं। **खाते समय रखें इस दिशा का ध्यान-** इतना ही नहीं, अगर आप भोजन करते समय भी वास्तु नियमों का ध्यान रखते हैं, तो इससे आपको जीवन में सकारात्मक परिणाम देखने को मिल सकते हैं। इस बात का ध्यान रखें कि खाना खाते समय आपका मुख उत्तर-पूर्व दिशा में होना चाहिए। ऐसा करने से मां लक्ष्मी आपसे प्रसन्न रहती है, जिससे घर में धन-धान्य की कोई कमी नहीं होती। **सोने की सही दिशा-** सोते समय भी व्यक्ति को वास्तु नियमों का ध्यान जरूर रखना चाहिए, क्योंकि इसका प्रभाव व्यक्ति के स्वास्थ्य पर भी पड़ता है। सोते समय आपका सिर पूर्व या दक्षिण दिशा की ओर होना चाहिए। इससे स्वास्थ्य पर अच्छा प्रभाव देखने को मिलता है। वहीं उत्तर और पश्चिम दिशा में सिर करके सोने से स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव भी देखने को मिल सकते हैं। इसके साथ ही घर के मुख्य द्वार के सामने नहीं सोना चाहिए और न ही दरवाजे की तरफ आपके पैर होने चाहिए। **इन नियमों का भी रखें ध्यान-** घर में कभी भी बंद घड़ी को नहीं रखना चाहिए, क्योंकि वास्तु शास्त्र में इसे दुर्भाग्य का प्रतीक माना गया है। इसी के साथ घर के दक्षिण-पूर्व दिशा में कोई भी भारी सामान रखने से बचना चाहिए। आपके घर का मंदिर ईशान कोण यानी उत्तर-पूर्व दिशा की ओर होना चाहिए।



# ईश्वर के प्रति समर्पण निष्काम बना देता है



भगवान ही सब लोकों के एकमात्र ईश्वर हैं और वे भगवान जीवमात्र के परम सुहृदय होने के कारण मेरे भी परम सुहृदय हैं। यह जानते ही उसे शांति मिल जाती है। उसे निश्चय हो जाता है कि अब मैं सब प्रकार से सुरक्षित और पूर्ण काम हो गया। जब सर्वशक्तिमान भगवान मेरे परम सुहृदय हैं, तब मुझे किसका डर।

मनुष्य के मन में नाना प्रकार के मनोरथ हैं। संसार में वह सदा ही अपने को किसी-न-किसी अभाव से ग्रस्त पाता है। किसी भी अवस्था में वह यह अनुभव नहीं करता कि मुझको सब कुछ मिल गया, अब और कुछ भी नहीं चाहिए। बड़ी-से-बड़ी दुर्लभ वस्तु के पाने पर भी वह उसमें किसी कमी का अनुभव करता है और यह सोचता है कि जब मेरी यह कमी पूरी होगी, तब मुझे शांति मिलेगी। यह अभाव का अनुभव कभी मनुष्य के चित्त को शांत नहीं होने देता। शांति की दो ही स्थितियां हैं। एक तो वह, जिसमें पहुंचने पर वह स्वयं शांतिस्वरूप हो जाता है । फिर उसे किसी वस्तु की कमी का कभी बोध होता ही नहीं। वह सभी में सर्वत्र, सर्वथा और सर्वदा एकमात्र परमात्मा को देखता है और अपने को उनसे अभिन्न पाता है। उसकी यह पूर्णता उसकी स्वरूपभूता होती है, इसी का नाम मुक्ति है। दूसरी वह स्थिति है, जिसमें वह अपने को सदा-सर्वदा भगवान के संरक्षण में पाता है, जहां भगवान अनंत हाथों और अनंत शक्तियों से उसकी कमी को पूरा करने के लिए सदा प्रस्तुत रहते हैं, परंतु उसे भगवान को पाकर किसी कमी का अनुभव होता ही नहीं, वह कृतार्थ हो जाता है। यहां तक कि मुक्ति की ओर भी उसकी दृष्टि भूलकर भी कभी नहीं जाती। वह इस बात को पहले ही जान चुका होता है कि जगत में जितने भी यज्ञ-तप किए जाते हैं, विभिन्न देवताओं के रूप में एकमात्र भगवान ही उन सबके भोक्ता हैं; अतएव देवोपासनारूप कर्म से जिनको जो कुछ भी फल मिलता है, सब भगवान के अपरिमित भंडार से ही आता है। भगवान ही सब लोकों के एकमात्र ईश्वर हैं और वे भगवान जीवमात्र के परम सुहृदय होने के कारण मेरे भी परम सुहृदय हैं। यह जानते ही उसे शांति मिल जाती है। उसे निश्चय हो जाता है कि अब मैं सब प्रकार से सुरक्षित और पूर्ण काम हो गया। जब सर्वशक्तिमान भगवान मेरे परम सुहृदय हैं, तब मुझे किसका डर और किस बात का अभाव। ऐसी अवस्था में वह सब प्रकार से भगवान पर निर्भर करके निश्चिंत और शांतचित्त हो जाता है। इसी प्रकार सकाम भक्तों में तीन तरह के भक्त माने गये हैं– अर्थार्थी, आर्त और जिज्ञासु ('आर्त्तो जिज्ञासुरर्थार्थी')। इनमें एक तो वह है, जो किसी भी अर्थ की सिद्धि के लिए– धन, जन, मान, यश, भोग, स्वर्ग आदि की प्राप्ति के लिए भगवान को भजता है। दूसरा वह है, जो प्रारब्धवश किसी संकट में पड़कर उससे त्राण पाने के लिए भगवान की भक्ति करता है और तीसरा वह है, जो भगवान की प्राप्ति का सरल और सहज पथ जानने के लिए भगवान को याद करता है। इन तीनों सकाम भक्तों की सकाम भक्ति को भी तभी पूर्ण समझना चाहिए, जब कि वे भगवान को ही एकमात्र आश्रय मानकर उन्हीं पर निर्भर रहें। तभी उन्हें अनायास फल भी मिलता है। ध्रुव अर्थार्थी भक्त थे; वे ज्यों ही भगवान पर निर्भर हुए, त्यों ही उन्हें उनका इच्छित फल मिल गया। द्रौपदी और गजराज आर्त भक्त थे और जब तक वे दूसरों से त्राण की जरा भी आशा करते रहे, तब तक उनके संकट दूर नहीं हुए; जब एकमात्र भगवान पर निर्भर करके उनको पुकारा, तब उसी क्षण भगवान ने स्वयं प्रकट होकर उनके दुख दूर कर दिए। जिज्ञासु भक्त तो ऐसे बहुत हुए हैं, जो भगवान पर निर्भर करके भगवत प्रेरणा से भगवान के पथ पर सहज ही आरूढ़ हो गए हैं। सकाम भाव की इस निर्भरता के लिए बंदर के बच्चे से तुलना कर संत लोग बिल्ली के बच्चे का दृष्टांत दिया करते हैं। बंदर का बच्चा भूखा होने पर स्वयं कूदकर मां को पकड़ लेता है। परंतु भूखा बिल्ली का बच्चा मां की प्रतीक्षा करता हुआ अपने स्थान पर बैठा रहता है; स्वयं मां उसकी चिंता करती है और उसके पास आकर जहां ले जाना होता है, अपने मुंह से उठाकर उसे वहां ले जाती है। इसी प्रकार जो मनुष्य किसी भी काम की सिद्धि के लिए श्रद्धा-विश्वासपूर्वक भगवत कृपा की प्रतीक्षा करते हुए भगवान पर निर्भर रहते हैं, उनके काम को भगवान स्वयं पधार कर पूरा कर देते हैं। नरसी मेहता आदि अनेक भक्तों के उदाहरण इसके प्रमाण हैं।

# घर के मंदिर में रखें इन वास्तु नियमों का ध्यान

हिंदू धर्म में विशेष महत्व रखने वाले वास्तु शास्त्र के नियमों का यदि आप पालन करते हैं, तो इससे घर में सुख-समृद्धि बनी रहती है। घर के मंदिर में भी वास्तु नियमों का ध्यान रखना जरूरी है, जिससे आपको काफी लाभ देखने को मिल सकते हैं। साथ ही इससे घर में सकारात्मक ऊर्जा का संचार भी बना रहता है।

**ये होनी चाहिए दिशा-**
वास्तु में मंदिर के लिए घर का उत्तर-पूर्वी कोना जिसे ईशान कोण भी कहा जाता है, सबसे बेहतर माना गया है। साथ ही मंदिर का मुख पूर्व की ओर होना चाहिए। इससे घर-परिवार में सुख-समृद्धि और शांति का वास बना रहता है। इस बात का विशेष रूप से ध्यान रखें कि



मंदिर कभी भी बेडरूम या बाथरूम के पास नहीं होना चाहिए। वरना आपको नकारात्मक परिणाम भी मिल सकते हैं।

**इन बातों का रखें ध्यान**
घर के मंदिर में साफ-सफाई का विशेष रूप से ध्यान रखना चाहिए। साथ ही इस बात का ध्यान रखें कि मंदिर का सीधे फर्श पर रखना उचित नहीं माना जाता। ऐसे में इसे थोड़ी ऊंचाई पर किसी मेज या स्टैंड पर रख सकते हैं। साथ ही आपका मंदिर हवादार होना चाहिए और उसमें प्रकाश की पर्याप्त व्यवस्था होनी चाहिए। इससे सकारात्मक ऊर्जा का संचार बना रहता है। मंदिर शांत जगह पर होना चाहिए, जिससे पवित्रता बनाए रखने में मदद मिलती है।

**कैसा होना चाहिए मंदिर**
घर में लकड़ी या फिर संगमरमर का मंदिर बनवाना शुभ माना जाता है। अपने मंदिर में जितना हो सके सफेद, क्रीम या हल्के पीले रंग का इस्तेमाल करें और गहरे रंगों के प्रयोग से बचें। आप अपने मंदिर में घंटी भी लगा सकते हैं। साथ ही घर के मंदिर में मंगल कलश और गंगाजल भी रखना शुभ माना जाता है।



-ज्योतिषाचार्य-पंडित आशीष शुक्ल

## दैनिक पंचांग लखनऊ
## मंगलवार, 2 जून 2026

श्री शुभ सम्वत् 2083 शके1948 श्री सूर्य उत्तर अयने पृथ्वी उत्तर गोलगते ग्रीष्म ॠतौ प्रथम मासोत्तमे कृष्ण पक्षे, द्वितीया तिथौ मंगल वासरे 19/02/ मूल नक्षत्रे 22/07/ साध्य योग 07/16/ तैतिल करणे 05/50/ धनु राशिगत चन्द्रमा घं. मि. पर।

**व्रत एवं त्यौहार-** बुध आर्द्रा नक्षत्र में घं.06मि.11पर। गुरू पुनर्वसु नक्षत्र कर्क राशि में घं.25 मि.47 पर।

**मेष :** अधिकारी से विरोध होगा। कार्य क्षेत्र की स्थिति तनावपूर्ण होगी। कार्य की आलोचना संभव है। पारिवारिक व्यय बढ़ेगा।

**तुला :** व्यापार में सावधानी से कदम उठाएं। हानि संभावित है। कार्यक्षेत्र में अधिकारी से व्यवहार में सावधानी रखें। मतभेद की संभावना है।

**वृष :** दैनिक कार्यों में व्यस्त रहेगे। आर्थिक कमी के चलते पारिवारिक तनाव धैर्य से विपरीत परिस्थितियों में सुधार होगा।

**वृश्चिक :** घरेलू निर्णय के विषय में किसी सूचना से विचलित होंगे। वातावरण में सुधार होगा। असंतोष दूर होगा। जीवनसाथी के व्यवहार से परेशान होंगे

**मिथुन :** किसी शुभ सूचना से स्थिति में सुधार होगा। आमोद प्रमोद में रुचि लेंगे। संतान की ओर से प्रसन्नता रहेगी।

**धनु :** अधीनस्थों से उपेक्षा मिलेगी। संभव है कुछ खोना पड़े। महत्वपूर्ण परिचय तथा आर्थिक आश्वासन का लाभ उठा सकते हैं। अधूरे काम पूरे होंगे।

**कर्क :** विरोधी शिथिल होंगे। किसी पड़ोसी के विषय में कानूनी उलझन कष्ट देंगी। बिना सोचे कार्य में पछतावा होगा।

**मकर :** पारिवारिक जीवन में सुख सहयोग विशेष रहेगा। विरोधी के व्यवहार में सुधार आएगा। शुभ मांगलिक कार्यों में सम्मिलित होने से प्रसंन्नता भी बढ़ेगी।

**सिंह :** अधूरे काम पूरे होंगे। महत्वपूर्ण चर्चाएं होंगी। अपने विचारों के अनुरूप वातावरण का निर्माण करना चाहेंगे।

**कुंभ :** स्वास्थ्य नरम होगा। काम में स्थिरता रहेगी। निकट के मित्रों से मेलजोल होगा। शत्रु सक्रिय होंगे। शत्रुओं से निपटना पड़ सकता है।

**कन्या :** कार्य व्यापार में सामान्य प्रगति। पुरानी समस्याओं का समाधान। आर्थिक योजना में पूंजी निवेश कर सकते हैं।

**मीन :** संचित धन में कमी होगी लेकिन लाभ अन्य वस्तु के रूप में प्राप्त होगा। एकाएक बनते हुए कार्यों में व्यवधान पैदा होंगे। मेहनत से आय होगी।



स्वतंत्र भारत
लखनऊ मंगलवार, 2 जून, 2026



# आजाद हत्याकांड में निष्पक्ष जांच की मांग, सौंपा ज्ञापन

**जौनपुर।** आजाद हत्याकांड में नामजद मेडिकल स्टोर संचालक डॉ. अविनाश सिंह चौहान के परिजन सोमवार को न्याय की मांग को लेकर जनपद मुख्यालय पहुंचे। परिजनों ने जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र सौंपकर मामले की निष्पक्ष एवं उच्चस्तरीय जांच कराने की मांग की। इस दौरान डॉ. अविनाश की पत्नी ईशा सिंह अपने पति के लिए न्याय की गुहार लगाते हुए भावुक हो गईं और जिलाधिकारी कार्यालय परिसर में अचानक बेहोश होकर गिर पड़ीं। मौके पर मौजूद परिजनों और अन्य लोगों ने उन्हें संभाला। डॉ. अविनाश की बहन काजल किरण सिंह ने आरोप लगाया कि उनके भाई को राजनीतिक रंजिश के कारण झूठे मामले में फंसाया जा रहा है। उनका कहना था कि ग्राम बढ़उर की प्रधानी से जुड़ी राजनीति के चलते उनके भाई का नाम आजाद हत्याकांड में शामिल किया गया है। उन्होंने



बताया कि पुलिस ने 2 से 4 मई तक डॉ. अविनाश से पूछताछ की थी और उसके बाद उन्हें घर भेज दिया गया था, लेकिन बाद में उनका नाम फिर से मामले में जोड़ दिया गया। परिजनों ने दावा किया कि डॉ. अविनाश के खिलाफ किसी भी थाने में कोई आपराधिक मुकदमा दर्ज नहीं है। उनका कहना है कि घटना के दिन के सीसीटीवी फुटेज भी अधिकारियों को उपलब्ध कराए गए हैं, जिनकी जांच से वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकती है। ईशा सिंह ने कहा कि उनके पति को पर्याप्त साक्ष्यों के बिना मामले में फंसाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि उनके तीन छोटे बच्चे हैं और पूरा परिवार उनके पति पर आश्रित है। परिवार ने प्रशासन से निष्पक्ष जांच कर सच्चाई सामने लाने तथा न्याय सुनिश्चित करने की मांग की है।

## पॉक्सो समेत विभिन्न मामलों में वांछित व वारंटी अभियुक्त गिरफ्तार

**स्वतंत्रभारत मऊ।** पुलिस अधीक्षक कमलेश बहादुर के निर्देशन में अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत जनपद के विभिन्न थानों की पुलिस ने प्रभावी कार्रवाई करते हुए वांछित एवं वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया।थाना दक्षिण टोला पुलिस ने पॉक्सो एक्ट से संबंधित मामले में वांछित अभियुक्त सागर जायसवाल को गिरफ्तार किया। वहीं थाना सरायलखन्सी पुलिस ने पॉक्सो एक्ट के एक अन्य मामले में वांछित अनिल राजभर को दबोच लिया। इसके अलावा थाना मधुबन पुलिस ने वारंटी अभियुक्त सत्यम गुप्ता तथा थाना कोतवाली नगर पुलिस ने वारंटी अभियुक्त अमरजीत को गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्रवाई करते हुए न्यायालय में पेश किया।

# आचार्य चाणक्य जयंती पर धूमधाम से मनाया गया विश्व ब्राह्मण दिवस, हुआ 1100 हनुमान चालीसा पाठ

**स्वतंत्र भारत मऊ।** आचार्य चाणक्य जयंती के पावन अवसर पर सोमवार सायंकाल कोपागंज स्थित गौरीशंकर मंदिर परिसर में विश्व ब्राह्मण दिवस श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाया गया। बीएसएस परशुराम सेना के तत्वावधान में आयोजित इस भव्य कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ब्राह्मण समाज के श्रद्धालुओं ने सहभागिता कर अपनी सांस्कृतिक एवं धार्मिक आस्था का परिचय दिया।कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भगवान परशुराम के प्रतीक फरसा पूजन तथा आचार्य चाणक्य एवं भगवान परशुराम के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर विधिवत पूजन-अर्चन के साथ हुआ। इसके उपरांत मंदिर परिसर में 1100 हनुमान चालीसा पाठ का सामूहिक आयोजन किया गया, जिसमें



श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए समाज, राष्ट्र एवं विश्व कल्याण की मंगलकामना की।हनुमान चालीसा पाठ के बाद श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरित किया गया। पूरे आयोजन के दौरान मंदिर परिसर भक्ति, उल्लास और आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर रहा।इस अवसर पर बीएसएस परशुराम सेना के प्रदेश अध्यक्ष अजीत कुमार पाण्डेय ने कहा कि आचार्य चाणक्य भारतीय ज्ञान, नीति और संस्कृति के अद्वितीय प्रतीक हैं। उनके जन्मदिवस पर विश्व ब्राह्मण दिवस का आयोजन समाज के लिए गौरव और प्रेरणा का विषय है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन सामाजिक एकता, सांस्कृतिक चेतना और नैतिक मूल्यों को सुदृढ़ करने का कार्य करते हैं।उन्होंने ब्राह्मण समाज से अपनी गौरवशाली परंपराओं एवं महापुरुषों के आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान करते हुए राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लेने का आग्रह किया।कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष मुनेंद्र मिश्रा, जिला मीडिया प्रभारी पवन उपाध्याय, ममता पाण्डेय, मनीषा, रीना, दीनानाथ दुबे, मनोज पाण्डेय, अरुण पाण्डेय, अरविंद पाण्डेय, वाचस्पति उपाध्याय, आलोक तिवारी, वायुनन्दन मिश्र, धनंजय दुबे, दुर्गा पाण्डेय, राज पाण्डेय, विनोद पाण्डेय, सत्य प्रकाश दुबे, राम विजय पाण्डेय, शशांकमणि त्रिपाठी सहित सैकड़ों श्रद्धालु एवं समाज के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## खबर एक नजर

### शिलापट्टों पर नाम अंकित करने की मांग

**स्वतंत्रभारत मऊ।** मोहम्मदाबाद गोहना के वलीदपुर नगर पंचायत क्षेत्र में विकास कार्यों के शिलापट्टों पर मनोनीत सभासदों एवं जनप्रतिनिधियों के नाम अंकित किए जाने की मांग को लेकर सोमवार को प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा।ज्ञापन में कहा गया कि विकास कार्यों में सभासदों की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है, इसलिए उनके नाम भी शिलापट्टों पर शामिल किए जाएं। साथ ही विकास योजनाओं की जानकारी मनोनीत सभासदों को उपलब्ध कराने की मांग की गई। इस दौरान मनीष वर्मा, शशि प्रभा सिंह, प्रमोद सोनकर सहित अन्य सभासद उपस्थित रहे। जिलाधिकारी ने मामले की जांच कर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया।

### डीएम ने मिल परिसर का किया निरीक्षण

**स्वतंत्रभारत मऊ।** जिलाधिकारी आनंद वर्द्धन ने सोमवार को मिल परिसर का निरीक्षण कर चल रहे मरम्मत एवं अनुरक्षण कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आगामी पेराई सत्र को ध्यान में रखते हुए सभी कार्य निर्धारित समय सीमा में और गुणवत्ता के साथ पूरा करने के निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान डीएम ने मशीनों एवं उपकरणों की उपलब्धता की समीक्षा करते हुए कहा कि समय पर मरम्मत कार्य पूर्ण होने से पेराई सत्र सुचारु रूप से संचालित होगा और किसानों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होगी। इस अवसर पर जिला गन्ना अधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

### भैंस की धुलाई के पानी को लेकर विवाद

**स्वतंत्र भारत मधुबन।** मऊ जनपद के रामपुर थाना क्षेत्र के हसनपुर गांव में भैंस की धुलाई के दौरान पानी बहाने को लेकर हुए विवाद ने मारपीट का रूप ले लिया। मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।प्राप्त जानकारी के अनुसार, हसनपुर निवासी आफती देवी पत्नी चमली यादव की तहरीर पर रामपुर थाने में मुकदमा संख्या 48/26 दर्ज किया गया है। आरोप है कि 30 मई 2026 को शाम करीब 5 बजे गांव में भैंस की धुलाई के समय पानी बहाने को लेकर विवाद हुआ, जिसके बाद राममिलन यादव पुत्र चमली यादव, सविता यादव पत्नी राममिलन यादव तथा अन्य लोगों ने एक राय होकर वादिनी और उनकी पुत्रियों के साथ मारपीट की, गाली-गलौज की तथा जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने मामले में बीएनएस की धारा 115(2), 352, 351(2) सहित अन्य संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। मामले की विवेचना उपनिरीक्षक प्रमोद कुमार मद्धेशिया द्वारा की जा रही है।

### दुबारी में घर में घुसकर मारपीट, युवक बेहोश

**स्वतंत्र भारत मधुबन।** थाना मधुबन क्षेत्र के भानपुर दुबारी गांव में पुरानी रंजिश को लेकर घर में घुसकर मारपीट करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़िता पूजा यादव पत्नी रामविजय यादव, निवासी भानपुर दुबारी के अनुसार 26 मई 2026 की रात करीब 9 बजे पुरानी रंजिश को लेकर आरोपित उनके घर में घुस आए और उनके साथ तथा उनके भाई सत्येन्द्र यादव के साथ मारपीट की। आरोप है कि मारपीट के दौरान सत्येन्द्र यादव बेहोश हो गए। साथ ही गाली-गलौज और धमकी भी दी गई। इस मामले में पुलिस ने रामसत्य यादव, बृजेश चंद यादव, रमानंद यादव और इन्द्रजीत यादव निवासी नई बस्ती मल्लाह टोला दुबारी के खिलाफ मुकदमा संख्या 183/2026 में बीएनएस की विभिन्न धाराओं 115(2), 352, 333 और 110 के तहत केस दर्ज किया है। मामले की विवेचना उपनिरीक्षक उमाशंकर यादव द्वारा की जा रही है। पुलिस का कहना है कि जांच के आधार पर आगे की आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### यातायात अभियान में 19,309 चालान, 189 वाहन सीज

**स्वतंत्रभारत मऊ।** सड़क सुरक्षा को लेकर मई माह में चलाए गए विशेष अभियान के तहत यातायात पुलिस एवं जनपद के सभी थानों ने मॉडिफाइड साइलेंसर, प्रेशर हॉर्न, हूटर, सायरन, फॉल्ट नंबर प्लेट तथा नशे में वाहन चलाने वालों के खिलाफ सघन कार्रवाई की। अभियान के दौरान कुल 19,309 चालान कर 2.76 करोड़ रुपये से अधिक का जुर्माना लगाया गया तथा 189 वाहन सीज किए गए। पुलिस ने साइलेंसर, हूटर व प्रेशर हॉर्न की खरीद-बिक्री करने वाले दुकानदारों को भी सख्त चेतावनी दी है।

### स्थगन आदेश के बावजूद कब्जा कराने का आरोप

**स्वतंत्रभारत मऊ।** घोसी तहसील क्षेत्र के औलियापुर गांव में भूमि विवाद को लेकर एक किसान ने राजस्व कर्मियों पर कोर्ट के स्थगन आदेश की अवहेलना कर जबरन कब्जा कराने और खड़ी फसल नष्ट कराने का आरोप लगाया है। पीड़ित रमाकांत ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर मामले की निष्पक्ष जांच एवं दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।किसान का कहना है कि विवादित भूमि का मामला उपजिलाधिकारी न्यायालय घोसी में विचाराधीन है तथा न्यायालय द्वारा यथास्थिति बनाए रखने का आदेश दिया गया था। इसके बावजूद लेखपाल व कानूनगो ने विपक्षी पक्ष से मिलकर कब्जा करा दिया। पीड़ित ने संबंधित कार्रवाई निरस्त कर न्याय दिलाने की मांग की है। मामला क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।

### आधे घंटे की बारिश में जलमग्न हुई कोतवाली

**स्वतंत्रभारत मऊ।** सोमवार को दोपहर में हुई महज आधे घंटे की झमाझम बारिश ने नगर की जलनिकासी व्यवस्था की पोल खोल दी। हल्की बारिश में ही स्थानीय कोतवाली परिसर और मुख्य प्रवेश द्वार पर जलभराव हो गया, जिससे फरियादियों, पुलिसकर्मियों और आम लोगों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।स्थानीय लोगों का कहना है कि कोतवाली परिसर में थोड़ी सी बारिश होते ही जलजमाव की समस्या पैदा हो जाती है। अधिक बारिश होने पर मुख्य सड़क से लेकर परिसर के अंदर तक पानी भर जाता है। वर्षों से बनी इस समस्या के समाधान को लेकर लोग सवाल उठा रहे हैं और स्थायी व्यवस्था की मांग कर रहे हैं।

# प्रेमिका से शादी की जिद में 33 हजार वोल्ट के हाईटेंशन खंभे पर चढ़ा युवक

**स्वतंत्र भारत मऊ।** मऊ। जिले के कोपागंज थाना क्षेत्र स्थित इंदारा के पश्चिमी केबिन के पास सोमवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया, जब एक युवक अपनी प्रेमिका से शादी कराने की मांग को लेकर 33 हजार वोल्ट के हाईटेंशन बिजली के खंभे पर चढ़ गया। युवक को खंभे पर चढ़ा देख आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई और देखते ही देखते मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जुट गई।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, युवक खंभे पर चढ़कर अपनी प्रेमिका से शादी कराने की मांग कर रहा था। घटना की सूचना मिलते ही कोपागंज पुलिस मौके पर पहुंची और युवक को सुरक्षित नीचे उतारने के लिए समझाने-बुझाने का प्रयास शुरू किया। करीब दो घंटे तक चले हाईवोल्टेज ड्रामे के बाद पुलिस और ग्रामीणों की कोशिश रंग लाई और युवक को सकुशल नीचे उतार लिया गया।खंभे पर चढ़ने वाले युवक की पहचान इंदारा शाहपुर निवासी अवनीश मौर्या, पुत्र संतोष मौर्या, के रूप में हुई है। अवनीश इंटरमीडिएट तक शिक्षित है और गांव में ही रहता है। उसके पिता खेती-किसानी कर परिवार का पालन-पोषण करते हैं।परिजनों और ग्रामीणों के मुताबिक, अवनीश की रिश्तेदारी में एक युवती से दोस्ती थी। दोनों पिछले चार वर्षों से एक-दूसरे के संपर्क में थे। युवक उसी युवती से विवाह करने की मांग को लेकर सोमवार सुबह करीब आठ बजे हाईटेंशन बिजली के खंभे पर चढ़ गया था।घटना के दौरान पुलिस और ग्रामीण लगातार युवक को समझाने में जुटे रहे। काफी मशक्कत के बाद जब युवक नीचे उतरा तो पुलिस उसे अपने साथ कोपागंज थाने ले गई। वहां उससे पूछताछ की जा रही है। मामले की जानकारी जुटाने के लिए संबंधित युवती को भी थाने बुलाया गया है।फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। वहीं क्षेत्र में यह घटना दिनभर चर्चा का विषय बनी रही।

## विवाहिता की तहरीर पर पति समेत पांच नामजद

**बरसठी जौनपुर।** थाना क्षेत्र के भदरांव गांव की एक विवाहिता ने ससुराल पक्ष के पांच लोगों पर दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित करने और धमकी देने का आरोप लगाया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। उक्त गांव निवासी खुशबू यादव ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी शादी 14 मई 2024 को मीरगंज थाना क्षेत्र के इमलियां गांव निवासी रिंकू यादव के साथ हुई थी। शादी में उपहार स्वरूप 1.50 लाख रुपये नकद, चेन, अंगूठी आदि दिए गए थे। आरोप है कि शादी के बाद पति, देवर, सास, ननद और जेठानी एक लाख रुपये नकद व मोटरसाइकिल की मांग करने लगे। मांग पूरी न होने पर उसे प्रताड़ित किया जाता रहा तथा जान से मारने की धमकी दी जाती रही।थानाध्यक्ष जय प्रकाश यादव ने बताया कि तहरीर के आधार पर पति रिंकू यादव, देवर पिंटू समेत पांच लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 85, 351(3) तथा दहेज प्रतिषेध अधिनियम की धारा 3/4 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है।

# जनपद में एक माह चलेगा ‘खेत बचाओ अभियान’

**जौनपुर।** प्रधानमंत्री के आह्वान पर जनपद जौनपुर में 1 जून से 30 जून तक ÷खेत बचाओ अभियान÷ चलाया जाएगा। इस विशेष अभियान का उद्देश्य किसानों को वैज्ञानिक खेती, मृदा संरक्षण तथा संतुलित उर्वरक उपयोग के प्रति जागरूक करना है। अभियान के दौरान कृषि विज्ञान केंद्र बक्शा एवं अमहित के कृषि वैज्ञानिकों के साथ कृषि विभाग के अधिकारी, कर्मचारी, जनप्रतिनिधि और प्रगतिशील किसान गांव-गांव पहुंचकर किसानों को आवश्यक जानकारी देंगे। अभियान के तहत किसानों को मृदा परीक्षण के आधार पर उर्वरकों के संतुलित प्रयोग, नकली कीटनाशकों की पहचान तथा आधुनिक कृषि तकनीकों के बारे में जागरूक किया जाएगा। साथ ही किसानों को जैविक एवं प्राकृतिक खेती अपनाने के लिए भी प्रेरित किया जाएगा, जिससे भूमि की उर्वरता लंबे समय तक बनी रहे और उत्पादन में वृद्धि हो सके। उप परियोजना निदेशक (आत्मा) कृषि प्रसार सुधार डॉ. रमेश चंद्र यादव ने किसानों से इस अभियान में सक्रिय भागीदारी की अपील की है। उन्होंने कहा कि वैज्ञानिक सलाह के अनुसार खेती करने से लागत कम होगी और बेहतर उत्पादन प्राप्त होगा। अभियान के दौरान पात्र किसानों को केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कृषि योजनाओं की जानकारी देकर लाभान्वित भी किया जाएगा। उन्होंने कहा कि नवीन तकनीकों और सरकारी योजनाओं का लाभ उठाकर किसान अपनी आय बढ़ा सकते हैं तथा कृषि को अधिक लाभकारी और टिकाऊ बना सकते हैं। यह अभियान किसानों की समृद्धि और कृषि के सतत विकास की दिशा में महत्वपूर्ण पहल साबित होगा।

## पुरानी रंजिश में युवक से मारपीट, चौदह नामजद

**बरसठी जौनपुर।** थाना क्षेत्र के सहरमा (दुर्गागंज) गांव में पुरानी रंजिश को लेकर हुई मारपीट में एक युवक घायल हो गया। पुलिस ने 14 नामजद समेत अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। उक्त गांव निवासी अरबाज खान की तहरीर पर दर्ज प्राथमिकी के अनुसार, रविवार पूर्वाह्न पुरानी रंजिश को लेकर पड़ोसी पक्ष के लोग लाठी-डंडा और लोहे की रॉड लेकर पहुंच गए। इस दौरान उसके चचेरे भाई करीम रहमानी की पिटाई कर दी गई, जिससे उसके सिर में चोट आई और वह बेहोश होकर गिर पड़ा। बीच-बचाव करने पहुंचे अरबाज खान को भी चोटें आईं। शोर सुनकर मौके पर पहुंचे परिजनों और ग्रामीणों ने किसी तरह मामला शांत कराया तथा घायल को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया। थानाध्यक्ष जय प्रकाश यादव ने बताया कि तहरीर के आधार पर सकील, सद्दाम, मोहम्मद तस्लीम, इजहार, आश मोहम्मद, नवाब, आफताब, अफजल, रेहान, सलामत, इरफान, नादिर और आरिफ समेत 14 नामजद तथा अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ बीएनएस की विभिन्न धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर विवेचना की जा रही है।

## ईओ बदले, अंजनी मिश्रा को शाहगंज की कमान

**शाहगंज जौनपुर।** नगर विकास विभाग ने नगर पालिका परिषद शाहगंज को नई अधिशासी अधिकारी दिया है। शासन की ओर से जारी आदेश के अनुसार उत्तर प्रदेश पालिका (केंद्रीकृत) प्रशासी सेवा की अधिकारी अंजनी मिश्रा को नगर पालिका परिषद बिल्हौर (कानपुर) से स्थानांतरित किया गया है। वहीं अधिशासी अधिकारी रहे प्रदीप गिरी को बरेली जनपद के आंवला नगर पालिका परिषद की नई जिम्मेदारी सौंपी गई है। नगर निकाय निदेशालय, उत्तर प्रदेश, लखनऊ द्वारा जारी कार्यालय ज्ञाप में कहा गया है कि अंजनी मिश्रा को जनहित एवं शासकीय कार्यहित में तत्काल प्रभाव से नई तैनाती स्थल पर कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्हें वर्तमान तैनाती से कार्यमुक्त करते हुए शाहगंज में पदभार संभालने को कहा गया है।आदेश में यह भी स्पष्ट किया गया है कि कार्यभार ग्रहण करने के बाद इसकी सूचना शासन एवं नगर निकाय निदेशालय को तत्काल उपलब्ध कराई जाए। निर्देशों की अवहेलना को अनुशासनहीनता माना जाएगा तथा नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

# नुरूल्लाहपुर की देशी शराब दुकान पर छापा, लाइसेंस निलंबित

**स्वतंत्र भारत मधुबन।** जनपद में अवैध शराब के कारोबार के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत आबकारी विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए राजू चौक (नुरूल्लाहपुर) स्थित देशी शराब दुकान पर आकस्मिक छापेमारी की। निरीक्षण के दौरान कई गंभीर अनियमितताएं सामने आने पर दुकान के अनुज्ञापन को निलंबित कर दिया गया तथा संबंधित लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी गई है। जिला आबकारी अधिकारी मोहम्मद असलम ने बताया कि आबकारी विभाग की संयुक्त टीम द्वारा की गई इस कार्रवाई में नेहा यादव, आबकारी निरीक्षक तथा मो. अदनान खान, आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-2 घोसी समेत अन्य कर्मचारी शामिल रहे। टीम ने दुकान का गहन निरीक्षण किया, जिसमें पाया गया कि जनपद आजमगढ़ स्थित एक देशी शराब दुकान से शराब लाकर राजू चौक (नुरूल्लाहपुर) की दुकान पर अवैध रूप से संग्रहित एवं विक्रय की जा रही थी। छापेमारी के दौरान मौके से बड़ी मात्रा में देशी शराब बरामद की गई। जांच में अनियमितताओं की पुष्टि होने पर दुकान के आवंटी/अनुज्ञापी एवं विक्रेता के विरुद्ध उत्तर प्रदेश आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्रवाई की गई। जिलाधिकारी एवं लाइसेंस प्राधिकारी, मऊ द्वारा मामले को गंभीरता से लेते हुए देशी शराब दुकान राजू चौक (नुरूल्लाहपुर) के अनुज्ञापन को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। साथ ही संबंधित पक्ष को कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब तलब किया गया है।जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अवैध शराब के निर्माण, भंडारण और बिक्री के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा। कानून का उल्लंघन करने वाले किसी भी व्यक्ति या संस्था को बख्शा नहीं जाएगा तथा दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## डीडीयू से गाजीपुर सिटी तक ट्रेन चलाने की उठी मांग

**स्वतंत्र भारत ग़ाज़ीपुर।** जमानियां (गाजीपुर)। पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन से जमानियां, दिलदारनगर होते हुए गाजीपुर सिटी रेलवे स्टेशन तक प्रतिदिन ट्रेन सुबह और शाम चलाए जाने की मांग उठी है। इसके लिए स्टेशन बाजार निवासी अधिवक्ता राकेश कुमार सिंह ने सोमवार को जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला को पत्रक सौंपा है। अधिवक्ता राकेश कुमार सिंह ने पत्रक के माध्यम से मांग करते हुए कहा कि गाजीपुर में गंगा पुल पर रेल ब्रिज बनकर तैयार है, जिसपर दिलदारनगर व डीडीयू स्टेशन से ट्रेन का संचालन होता है। जिसका समय दोपहर में निर्धारित है, इस कारण प्रतिदिन नौकरी पेशा या व्यापारी वर्ग लाभ नहीं उठा पाते। ऐसी स्थिति में डीडीयू जंक्शन से गाजीपुर के लिए सुबह 7÷30 बजे और गाजीपुर से डीडीयू के लिए शाम 4÷30 बजे प्रतिदिन ट्रेन चलाई जाए तो इससे न केवल नौकरी पेशा, व्यापारी, छात्र व मरीजों को लाभ मिलेगा बल्कि प्रधामनंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देशवासियों से पेट्रोल डीजल के बचत के आह्वान को भी बल मिलेगी।

# उपजिलाधिकारी जमानिया ने जनगणना के प्रगति हेतु सुपरवाइजर की बैठक



**स्वतंत्र भारत जमानिया।** उपजिलाधिकारी जमानियाँ मनोज कुमार पाठक द्वारा जनगणना कार्य में अपेक्षित प्रगति हेतु पर्यवेक्षक सर्किल 51 से 100 तक के सभी सुपरवाइजर की बैठक आयोजित की गई, जिसमें चार्ज अधिकारी/तहसीलदार राम नारायण वर्मा, सहायक चार्ज अधिकारी/खण्ड शिक्षा अधिकारी जमानिया श्री सुनील कुमार उपस्थित रहे, सभी को निर्देशित किया गया कि वो प्रतिदिन अपने प्रगणक की मॉनिटरिंग करे तथा उनसे प्रगति रिपोर्ट अवश्य ले, फील्ड में अपने प्रगणक को आवश्यक सहयोग प्रदान करे तथा सभी ॠ का कार्य 05 जून तक 100न्न पूर्ण करें साथ ही उपजिलाधिकारी महोदय द्वारा सुपरवाइजर श्री जयशंकर प्रसाद राय द्वारा कार्य पूर्ण करने पर उनको बधाई दी गई तथा प्रोत्साहन हेतु प्रशस्ति पत्र दिया गया।

## कौड़िया गांव में चला विशेष सफाई अभियान वर्षों पुराना जलजमाव विवाद सुलझा

**शाहगंज जौनपुर।** विकास खण्ड शाहगंज सोंधी के ग्राम पंचायत कौड़िया में सोमवार को विशेष सफाई अभियान चलाकर जल निकासी की समस्या का समाधान किया गया। भादी न्याय पंचायत के सफाई कर्मचारियों का रोस्टर लगाकर गांव की चोक नालियों की सफाई कराई गई, जिससे लम्बे समय से जलजमाव की समस्या से जूझ रहे ग्रामीणों को राहत मिली। ग्रामीणों के अनुसार गांव की मुख्य जल निकासी नाली वर्षों से विवाद के कारण अधूरी पड़ी थी। नाली के अवरुद्ध होने से पानी की निकासी नहीं हो पा रही थी, जिसके चलते नालियां चोक हो गई थीं और सड़कों पर पानी बहता रहता था। इससे लोगों को आवागमन में भी काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। समस्या के समाधान के लिए ग्रामीणों ने तहसील दिवस से लेकर आईजीआरएस पोर्टल तक कई बार शिकायतें दर्ज कराईं, लेकिन कोई स्थायी समाधान नहीं निकल सका। सोमवार को सहायक विकास अधिकारी दीपक यादव ने गांव पहुंचकर मौके का निरीक्षण किया। उन्होंने ग्रामीणों के साथ बैठक कर बातचीत की और वर्षों पुराने विवाद का आपसी सहमति से निस्तारण कराया। इसके बाद सफाई कर्मचारियों का रोस्टर बनाकर नालियों की सफाई कराई गई तथा जल निकासी व्यवस्था को सुचारु कराया गया। ग्रामीणों ने प्रशासन की पहल की सराहना करते हुए उम्मीद जताई कि भविष्य में भी गांव की साफ-सफाई और जल निकासी व्यवस्था पर नियमित ध्यान दिया जाएगा।

# मेधावी विद्यार्थियों ने बढ़ाया जिले का मान

**स्वतंत्र भारत ग़ाज़ीपुर।** गाजीपुर 01 जून, 2026 (सू0वि0)- माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा घोषित हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा-2026 के परिणामों में जनपद गाजीपुर के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जिले सहित प्रदेश स्तर पर अपनी प्रतिभा का परचम लहराया है। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि से पूरे जनपद में हर्ष एवं गौरव का वातावरण है। मेधावी विद्यार्थी सम्मान योजना के अन्तर्गत मा0 मुख्यमत्री योगी आदित्यनाथ जी लखनऊ से लाईव प्रसारण को देखा एवं सुना गया। इसी क्रम में जनपद गाजीपुर के कलेक्टेऊट सभागार में मुख्य अतिथि डा0संगीता बलवन्त मा0 राज्य सभा सांसद, विशिष्ट अतिथि मा0 जखनियॉ विधायक बेदी राम एवं जिलाध्यक्ष भाजपा ओम प्रकाश राय तथा मुख्य विकास अधिकारी की उपस्थिति में जनपद स्तर पर 11 छात्र हाई स्कूल के प्रथम, 10 स्थान प्राप्त एवं 10 छात्र इंटरमीडिएट स्तर के प्रथम 10 स्थान प्राप्त को छात्र/छात्राओ को प्रशस्ति पत्र एवं मेडल देकर सम्मानित किया एवं



प्रदेश स्तर पर सर्वोच्च स्थान प्राप्त 02 मेधावी विद्यार्थी को मा0 मुख्यमंत्री योगी आदित्यना जी के कर कमलो द्वारा सम्मानित किया गया। प्रदेश स्तर के विद्यार्थियों को 01 लाख रूपये की धनराशि एवं जनपद स्तर के विद्यार्थियों को 21 हजार की धनराशि तत्काल उनके खाते में भेजा गया एवं उसके साथ प्रशस्ति पत्र, मेडल, स्मृति चिन्ह तथा उनके गारजियन एवं प्रधानाचार्य को साल देकर सम्मानित किया गया। मा0 राज्य सभा सांसद ने कहा कि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता। कठिन परिश्रम, अनुशासन, समर्पण और निरंतर प्रयास ही सफलता की वास्तविक कुंजी हैं। उन्होंने कहा कि आज सम्मानित होने वाले विद्यार्थी प्रदेश स्तर एवं जनपद स्तर की प्रतिभा के प्रतीक हैं और आने वाले समय में देश एवं समाज को नई दिशा देने का कार्य करेंगे। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि वे अपने लक्ष्य को स्पष्ट रखें और उसे प्राप्त करने के लिए पूरी निष्ठा के साथ प्रयास करते रहें। उन्होने कहा कि शिक्षा केवल रोजगार प्राप्त करने का माध्यम नहीं है, बल्कि यह व्यक्ति के व्यक्तित्व विकास और राष्ट्र के समग्र उत्थान का आधार भी है। उन्होंने विद्यार्थियों से आधुनिक तकनीक, विज्ञान, अनुसंधान एवं नवाचार के क्षेत्र में आगे बढ़ने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए युवाओं की प्रतिभा और ऊर्जा का सकारात्मक उपयोग आवश्यक है। मा0 डॉ0 राज्य सभा सांसद ने कहा कि प्रदेश सरकार शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर सुधार और विद्यार्थियों को आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। सरकार द्वारा स्मार्ट क्लास, डिजिटल शिक्षा, टैबलेट एवं स्मार्टफोन वितरण, छात्रवृत्ति योजनाओं तथा विभिन्न प्रोत्साहन कार्यक्रमों के माध्यम से विद्यार्थियों को आगे बढ़ने के अवसर प्रदान किए जा रहे हैं। उन्होंने आश्वस्त किया कि किसी भी प्रतिभाशाली विद्यार्थी की शिक्षा आर्थिक अभाव के कारण बाधित नहीं होने दी जाएगी। मा0 विधायक जखनियॉ ने इस अवसर पर सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि विद्यार्थियों की यह सफलता अन्य छात्रों के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने कहा कि मुझे खुशी इस बात की है कि जनपद स्तर पर हमारे क्षेत्र जखनियॉ से करीब 10 छात्रो द्वारा अच्छा अंक प्राप्त कर जनपद का नाम रोशन किया है।

# शौचालय विवाद को लेकर भाई ने भाई की कर दी हत्या

## मां-बाप, भाई और बहन के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** कैंट थाना क्षेत्र के ककरही बाजार मोहल्ले में सोमवार की सुबह शौचालय को लेकर हुए विवाद में एक शख्स की हत्या कर दी गई। वारदात चारपाई की पाटी से ताबड़तोड़ वारकर कर हुई। ताबड़तोड़ हमले में शख्स के पेट की आंतड़ियां फट गई और उसकी मौत हो गई। वारदात की खबर पर मौके पर पहुंची पुलिस ने मौके से तीन हमलावरों को गिरफ्तार किया है, जबकि मुख्य आरोपी मृतक का सगा भाई फरार हो गया। थाना क्षेत्र के ककरही बाजार मोहल्ले में मौजीराम यादव पुत्र स्व रामपाल का परिवार निवास करता है। परिवार के पास मोहल्ले में ही आसपास दो मकान है। जिसमें एक मकान मौजीराम यादव और दूसरा उसकी पत्नी मीना यादव के नाम पर है। मौजीराम के नाम मकान में खुद मौजीराम, उसकी पत्नी मीना और अविवाहित बेटा घनश्याम निवास करता है। जबकि बेटी अनीता यादव का विवाह नगर कोतवाली के जनौरा निवासी राजू यादव से हुआ है। घटना के समय वह भी अपने मायके में पिता के घर पर थी। मोहल्लेवालों का कहना है कि शौचालय को लेकर परिवार के बीच काफी दिनों से विवाद चल रहा है। रविवार को भी दोनों पक्षों के बीच विवाद और मारपीट हुई थी। जिसमें पिटाई भी की गई थी। सोमवार को घर का बड़ा बेटा राधेश्याम यादव शौचालय जाने लगा तो विवाद फिर बढ़ गया और चारपाई की पाटी की नोंक से पेट पर ताबड़तोड़ हमला किये जाने से राधेश्याम की मृत्यु हो गयी। राधेश्याम यादव का हाथ फैक्चर हो गया। उसे बचाने की कोशिश में उसकी पत्नी भी बुरी तरह घायल हो गयी। दोनों घायलों को आलोक यादव ने सुबह लगभग छह बजे जिला अस्पताल पहुंचाया तो परीक्षण के बाद डॉक्टर ने राधेश्याम को मृत घोषित कर दिया, जबकि उसकी पत्नी मीना को इलाज के लिए भर्ती किया है। एसपी सिटी के साथ पहुंची पुलिस फोर्स, की जांच मामले की खबर पर प्रभारी निरीक्षक कैंट संदीप कुमार सिंह, सीओ सिटी श्रेयश त्रिपाठी और एसपी सिटी चक्रपाणि त्रिपाठी फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल तथा अग्रिम विधिक कार्रवाई शुरू की। पुलिस ने मौके से मौजीराम, उसकी पत्नी मीना तथा पुत्री अनीता को हिरासत में लिया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजवाया है।

# नगर पंचायत गोसाईंगंज की ईओ सीमा राय का हुआ स्थानान्तरण

**स्वतंत्र भारत गोसाईंगंज (सं.)** नगर पंचायत की ईओ सीमा राय का स्थानान्तरण करके उन्हें जनपद संतकबीरनगर के अंतर्गत बाघनगर, (बखिरा) नगर पंचायत की कमान सौंपी गयी है। अधिशाषी अधिकारी सीमा राय ने करीब डेढ़ वर्ष के कार्यकाल में गोसाईंगंज नगर पंचायत में विकास कार्यों, स्वच्छता व्यवस्था और जनहित के मुद्दों पर सक्रिय भूमिका निभाई है। उन्होंने विभिन्न विकास कार्यों को गति देने का प्रयास किया। उनके कार्यकाल में गोसाईंगंज के सभासद संतुष्ट रहे हैं और उनके वार्डों में विकास कार्य भी तेजी से सम्पन्न हुआ है। गोसाईंगंज में अधिशाषी अधिकारी ने अपने कार्यकाल में स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाने में विशेष पहल की है। जल निकासी, सड़क निर्माण और नागरिक सुविधाओं के विस्तार पर



केन्द्रित कार्य किया है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जब डेढ़ वर्ष पहले उन्होंने नगर पंचायत गोसाईंगंज का कार्यभार संभाला था तो उन्होंने गलियों में सड़क का निर्माण नहीं हुआ था जिसे उन्होंने कराया। अधिशाषी अधिकारी नगर पंचायत गोसाईंगंज रहीं सीमा राय ने स्वतंत्र-भारत के ब्यूरो चीफ सुरेन्द्र कुमार श्रीवास्तव से बातचीत करते हुए बताया कि शासन का आदेश तो मानना ही पड़ेगा। अपने कार्यकाल के दौरान मुझे नगर पंचायत परिवार, जनप्रतिनिधियों और क्षेत्रवासियों का जो सहयोग, स्नेह और विश्वास मिला है उसी से मैंने नगर पंचायत गोसाईंगंज का विकास कार्य सम्पन्न कराया था। उन्होंने कहा कि क्षेत्रवासियों का जो सहयोग मिला उसके लिये मैं सभी की हृदय से आभारी हूं। उनका समर्थन मेरे लिये सदैव प्रेरणा का स्त्रोत रहेगा। मैं नई जिम्मेदारी का भी पूरी निष्ठा व समर्पण से निवर्हन करूंगी। उन्होंने कहा कि गोसाईंगंज की जनता के उज्जवल भविष्य एवं निरन्तर विकास की कामना करती हूं। उन्होंने कहा कि मुझे खुशी है कि मैं डेढ़ वर्ष मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की नगरी में कार्य किया है।

# नगर निगम के पार्षद जोनल कार्यालय पर अपनी मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे

## उन्होंने कहा कि वार्डों की सफाई व्यवस्था चरमराई, निगम ने दिये जांच के आदेश



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** अयोध्या नगर निगम के जोनल कार्यालय पर शहर के कई वार्डों के पार्षद एकजुट होकर धरने पर बैठ गए। भारतीय जनता पार्टी और तमाम पार्टियों एवं निर्दल पार्षदों ने एक स्वर में वार्डों की सफाई व्यवस्था, कूड़ा उठान और नगर निगम की लापरवाही को लेकर नाराजगी जताई। पार्षदों ने चेतावनी दी कि जब तक समस्याओं का स्थायी समाधान नहीं होगा। तब तक अनिश्चितकालीन धरना जारी रहेगा धरने के दौरान पार्षदों द्वारा पूर्व में नगर आयुक्त को ज्ञापन भी सौंपे गया था और इस मुद्दे को बैठक में भी उठाया गया था। आरोप लगाया गया ओम स्वच्छता कंपनी जो डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन कार्य करती है बीते कई दिनों से वार्ड में डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन समय से नहीं हो रहा है। कूड़ा उठान में लापरवाही बरती जा रही है, कई जगहों पर कूड़ा सड़क किनारे पड़ा रहता है और कूड़े के डिब्बे टूटे होने से गंदगी फैल रही है। इससे स्थानीय लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है धरने में वरिष्ठ कुंड वार्ड के पार्षद अनिकेत यादव, अभिराम दास वार्ड के पार्षद सुल्तान अंसारी, अशोक सिंघल वार्ड के पार्षद अंकित त्रिपाठी, सीताकुंड-दशरथ कुंड वार्ड के पार्षद प्रतिनिधि शिवकुमार यादव, देवकली वार्ड के पार्षद अनुज दास, मणिराम दास छावनी वार्ड के पार्षद प्रतिनिधि ऋषु पांडेय, समेत कई पार्षद मौजूद रहे। पार्षद अनिकेत व अंकित त्रिपाठी के नेतृत्व में चले धरने के दौरान पार्षदों ने कहा कि नगर निगम को कई बार शिकायत दी गई, लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों ने गंभीरता नहीं दिखाई। जनप्रतिनिधियों ने कहा कि जनता ने उन्हें अपनी समस्याओं के समाधान के लिए चुना है और जब तक सफाई व्यवस्था समेत अन्य मूलभूत समस्याओं का समाधान नहीं होगा, तब तक आंदोलन जारी रहेगा धरने की सूचना मिलते ही नगर निगम के अधिकारियों में हलचल तेज हो गई। पार्षदों ने साफ कहा कि जनता की समस्याओं को लेकर किसी तरह की अनदेखी बर्दाश्त नहीं की जाएगी फिलहाल अभी भी पार्षद चैनल कार्यालय पर धरने पर बैठे हैं और पार्षदों का कहना है कुल मिला करके ओम स्वच्छता कंपनी को तत्काल प्रभाव से ब्लैकलिस्टेड किया जाए

# यूरिया की कालाबाजारी को लेकर भाकियू ने किया जोरदार प्रदर्शन

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** यूरिया खाद की कालाबाजारी, टैगिंग, थोक दर घोषित करने, यूरिया खाद की कमी को दूर करने की मांग को लेकर भारतीय किसान यूनियन जनपद अयोध्या द्वारा जिला कृषि अधिकारी अयोध्या के कार्यालय पर किसान महापंचायत किया गया महापंचायत में नव आगंतुक जिला कृषि अधिकारी सौरभ वर्मा दलबल के साथ पहुंचकर समस्याओं को जायज ठहराते हुए समाधान के लिए समय मांगा भारतीय किसान यूनियन नेताओं ने इस शर्त पर कि थोक विक्रेताओं की बैठक करके थोक दर घोषित करने हेतु बैठक की तिथि घोषित कर दिया जाए परंतु जिला कृषि अधिकारी द्वारा थोक विक्रेताओं के साथ मीटिंग करने की तिथि ना बताने के कारण आक्रोशित भारतीय किसान यूनियन कार्यकर्ताओं/पदाधिकारियों व किसानों ने प्रदर्शन करते हुए शासन प्रशासन विरोधी नारे लगाते हुए, यूरिया की कालाबाजारी रोकने की मांग करते हुए कमिश्नरी का घेराव किया और 16 सूत्रीय ज्ञापन अपर आयुक्त प्रशासन को सौंप



कर समस्या समाधान करने की मांग किया गया। किसान महापंचायत को संबोधित करते हुए भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय महासचिव घनश्याम वर्मा ने कहा कि थोक विक्रेताओं द्वारा फुटकर विक्रेताओं को फुटकर दर से भी अधिक दाम पर यूरिया बेचने के कारण किसानों को महंगे दामों पर यूरिया मिल रही है और जबरदस्ती गुणवत्ता विहीन वस्तुओं की टैगिंग की जा रही है जो किसी भी दशा में उचित नहीं है घनश्याम वर्मा ने जिला कृषि अधिकारी व जिला प्रशासन से मांग किया कि थोक दर घोषित कर दिया जाए जिससे किसानों को भी फूट कर दर 266.50 पैसे प्रतिबोरी यूरिया मिल सके। और पर्याप्त मात्रा में यूरिया उपलब्ध कराने की मांग करते हुए कहा कि भारत सरकार द्वारा यूरिया खरीदने की ऑनलाइन व्यवस्था किसी भी दशा में उचित नहीं है जिसको लागू नहीं होना चाहिए। जिला अध्यक्ष राम गणेश मौर्य ने स्मार्ट मीटर को पूरी तरह से समाप्त करने की मांग करते हुए प्रतिदिन 20 घंटा लगातार विद्युत आपूर्ति की मांग किया। मध्यांचल सचिव सूर्यनाथ वर्मा ने अपने संबोधन में कहां की जिन-जिन गांवों में विद्युत लाइन नहीं गई है सिंचाई हेतु विद्युत नहीं मिल पा रही है और डीजल इंजन से सिंचाई करना पड़ रहा है उन किसानों के लिए डीजल फ्री होना चाहिए। किसान महापंचायत को जिला उपाध्यक्ष शंकरपाल पांडे, भागीरथी वर्मा, फरीद अहमद, भोला सिंह टाइगर, मोहम्मद अली, सिद्धू भारती, सती प्रसाद वर्मा, सरबजीत वर्मा, राजदेव यादव,राम अवध किसान, रविंद्र मौर्य, तहसील अध्यक्ष रवि शंकर पांडे, महेंद्र वर्मा, संतोष वर्मा, राजेश मिश्रा, जगदीश यादव,रामू चंद्र विश्वकर्मा, जितेंद्र कुमार, मंसाराम वर्मा, वेद प्रकाश पांडे, राम सुमेर भारती, प्रेम शंकर वर्मा, बाबूराम तिवारी, सुनील पाल, राहुल वर्मा, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष विकास वर्मा, विवेक पटेल, विजय प्रकाश, अश्वनी शर्मा, जवाहरलाल तिवारी, लक्ष्मीकांत तिवारी, परशुराम प्रधान, काली प्रसाद मौर्य, मुन्ना कनौजिया, उर्मिला निषाद, आसमानिशा, जमुना देवी, गीता देवी, लालमति, सुनीता देवी आदि लोगों ने संबोधित किया।

# शहीद शोध संस्थान में पद्मश्री शायर बशीर बद्र के निधन पर हुई शोक सभा



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** अशफ़ाक उल्ला खां मेमोरियल शहीद शोध संस्थान ने पद्म श्री शायर बशीर बद्र के निधन पर शोक सभा एवं काव्य गोष्ठी का आयोजन किया। रीडगंज स्थित अज़ीम कम्प्यूटर पर सम्पन्न गोष्ठी को संबोधित करते हुए संस्थान के प्रबंध निदेशक सूर्यकांत पाण्डेय ने उन्हें इंसानियत का शायर बताते हुए कहा कि उन्होंने अपने जीवन में 18000 से अधिक शेरों की अ किया। उनकी दर्जनों पुस्तकों का प्रकाशन हुआ। वरिष्ठ पत्रकार एवं लेखक के पी सिंह की अध्यक्षता तथा एहतेशाम वफ़ा के संचालन में संपन्न गोष्ठी में रामानंद सागर ने पढ़ा, बनकर बशीर बद्र जो चमका था फलक पर, अफसोस आज वह ही सितारा चला गया। कवि रवीन्द्र कबीर ने कहा, मैं ऐसे आसमां को पांव की जुती समझता हूं, मुझे जिनके लिए अपनी जमीं को छोड़ना होगा। संतोष अकेला ने पढ़ा, मुझे अपने दिल में जगह दे दो थोड़ी,भटक मैं रहा हूं ठिकाने की खातिर। संचालक एहतेशाम वफ़ा, अजीम शायर फारुक फैजाबादी, पत्रकार इन्दु भूषण पाण्डेय, भाकपा सचिव अशोक तिवारी, मुस्लिम लीग के नेता डा अब्दुल गनी, अब्दुल रहमान भोलू, विकास सोनकर आदि ने बशीर बद्र को श्रद्धांजलि अर्पित किया।

# अयोध्या में अब सुरक्षा कर्मियों को मिलेगी आधुनिक आवासीय सुविधा

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** अयोध्या में पुलिस सुरक्षा कर्मियों के बेहतर आवास की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल हुई है। बेगमपुरा क्षेत्र में आरजेबी परिसर सुरक्षा में तैनात जवानों के लिए निर्मित 228 क्षमता वाला अत्याधुनिक ट्रांजिट हॉस्टल पूर्ण रूप से तैयार हो गया है। 22.22 करोड़ रुपये की लागत से विकसित यह परिसर अब पुलिस विभाग को सौंपे जाने की प्रक्रिया में है। इससे कुल 228 जवानों को एक साथ रहने की सुविधा उपलब्ध होगी। परिसर में चार ब्लॉक बनाए गए हैं। बेसमेंट में स्टोर और मल्टीपरपज हॉल, दो और चार पहिया वाहन पार्किंग, भूतल पर 18 बैरक, शौचालय ब्लॉक, कमरे, किचन और डाइनिंग हॉल, प्रथम तल पर 20 बैरक, अतिरिक्त शौचालय और आवासीय सुविधाएं, हॉस्टल पूरी तरह से सिविल कार्यों के साथ तैयार है। वर्तमान में कार्य पूर्ण हस्तांतरण हेतु औपचारिक प्रक्रिया चल रही है।

# आकाश एजुकेशनल सर्विसेज के पांच छात्रों को मिली सफलता



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** आकाश एजुकेशनल सर्विसेज़ लिमिटेड भारत का अग्रणी टेस्ट तैयारी संस्थान, है अयोध्या सेंटर के छात्रों ने देश की सबसे कठिन इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षाओं में से एक, जी एडवांस 2026 में असाधारण प्रदर्शन किया है। परीक्षा के नतीजे आज घोषित किए गए। सेंटर से कुल 5 छात्रों ने सफलता पायी, जो उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। यह उपलब्धि एईएसएल के व्यवस्थित शिक्षण तंत्र, अनुभवी फ़ैकल्टी और परीक्षा की तैयारी के लिए छात्र-केंद्रित दृष्टिकोण की प्रभावशीलता को भी रेखांकित करती है। संस्थान के शिवम त्रिपाठी ने जानकारी देते हुए बताया कि सेंटर के शीर्ष प्रदर्शन करने वालों में, अथर्व वेद त्रिपाठी ने 181 अंकों के साथ अखिल भारतीय रैंक 2351 हासिल की, जबकि प्रियांशु श्रीवास्तव ने 155 अंकों के साथ 5006 हासिल की। अन्य उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करने वालों में राघव निगम (11254) शामिल हैं। काबिल फ़ैकल्टी, लचीले प्रोग्राम और टेक्नोलॉजी की मदद से पढ़ाने के तरीके शामिल हैं, ताकि छात्रों को अपनी असली एकेडमिक क्षमता को पहचानने में मदद मिल सके। रिसोर्सेस डॉ दीपक सिंह, विजय पाठक, आयुष गुप्ता, दुर्गेश राय उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी ने यूपी बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों को किया सम्मानित

**स्वतंत्र भारत अम्बेडकरनगर (सं.)** प्रदेश सरकार द्वारा मेधावी विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने एवं उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन को सम्मानित करने के उद्देश्य से आज 01 जून को लोक भवन, लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में आयोजित राज्य स्तरीय सम्मान समारोह का कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्य अतिथि अध्यक्ष जिला पंचायत श्याम सुंदर वर्मा उर्फ़ साधू वर्मा व जिलाधिकारी ईशा प्रिया, मुख्य विकास अधिकारी आनंद कुमार शुक्ला की उपस्थिति में आयोजित जनपद स्तरीय मेधावी छात्रों के सम्मान समारोह कार्यक्रम में सजीव प्रसारण किया गया। तथा मुख्यमंत्री संदेश/उद्बोधन को सुना गया। जिलाधिकारी ने बताया कि आज प्रदेश स्तर पर आयोजित मेधावी विद्यार्थियों के सम्मान समारोह कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के कर कमलों द्वारा प्रदेश स्तरीय रैंकिंग में शामिल जनपद के हाईस्कूल के 05




विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इसी क्रम में जनपद स्तर पर सम्मानित किए जाने वाले हाईस्कूल वर्ग के मेधावी विद्यार्थियों में श्रेया पाण्डेय (चित बहाल आदर्श बालिका इंटर कॉलेज, पुरनपुर), श्रेया श्रीवास्तव (डॉ. अशोक कुमार स्मारक इंटर कॉलेज, तमसा मार्ग अकबरपुर), उन्नति सिंह (रामअधार रामलाल स्मारक इंटर कॉलेज, डिहवा मोहिद्दीनपुर), सौम्या मौर्या (सीताराम सूर्यकुमार इंटर कॉलेज, संतोषपुरम जलालपुर) तथा आर्या सिंह (शिवजी कुशलावती इंटर कॉलेज, परई कल्याणपुर) शामिल रहे। इंटरमीडिएट वर्ग में अमृता वर्मा(डॉ. अशोक कुमार स्मारक इंटर कॉलेज, तमसा मार्ग अकबरपुर), विकास कुमार(पंडित राम अवध स्मारक इंटर कॉलेज मसेना मिर्जापुर), वन्दना वर्मा(सरदार पटेल स्मारक इंटर कॉलेज लारपुर), रैली यादव व भूमि पटेल(जय बजरंग इंटर कॉलेज रामनगर), आनन्द कुमार मौर्य (सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज शास्त्री नगर नेवतरिया मुस्तफाबाद) सहित जनपद के शीर्ष मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।

# टीबी व कैंसर जैसी बीमारियों को आमंत्रित करता है तम्बाकू का सेवन



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के अंतर्गत सेमीनार का आयोजन झुनझुनवाला महाविद्यालय अयोध्या में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ संदीप कुमार शुक्ला जिला क्षय रोग अधिकारी अयोध्या द्वारा की गयी। उन्होंने बताया कि तम्बाकू, बीड़ी और सिगरेट के सेवन से टीबी, कैंसर सहित तमाम बीमारियाँ होती है। दिलीप कुमार पांडेय ने बताया कि विश्व में तंबाकू के सेवन से लाखों लोगों की मौत हो रही है। 31 मई को हर साल विश्व तंबाकू निषेध दिवस मनाया जाता है। इस कार्यक्रम में डॉ अरविंद श्रीवास्तव जिला एपिडेमियो लॉजिस्ट के द्वारा डेंगू, मलेरिया एवं हीट वेव के प्रति बच्चों को जागरूक किया गया। इस अवसर पर डायरेक्ट हेड झुंझुवाला डॉ गिरिजेश त्रिपाठी, फैकल्टी डॉ पूनम सिंह, डॉ अरुण गुप्ता, डॉ अविनाश शुक्ला, नेहा सिंह, राम अनुज सिंह, प्रेम श्रीवास्तव वं अन्य स्कूल स्टॉफ मौजूद थे।

# तीन दिवसीय सालाना उर्स सम्पन्न

**स्वतंत्र भारत अयोध्या (सं)।** अयोध्या के सुटहटी मोहल्ले में स्थित हजरत सैय्यद नवाब अली शाह उर्फ नवाबू दादा का तीन दिवसीय सालाना उर्स रविवार को जवाबी कव्वाली के साथ संपन्न हुआ। जहां गंगा-जमुनी तहजीब की मिसाल को देखने को मिली। इस मौके पर उर्स कमेटी के संरक्षक वरिष्ठ समाजसेवी मोहम्मद इरफान अंसारी उर्फ नन्हे मियां व अख्तर अली मुखिया की देख रेख में सम्पन्न हुआ। उर्स कमेटी के अध्यक्ष अजमेर अली एवं युवा समाजसेवी इमरान अंसारी द्वारा इस तीन दिवसीय कार्यक्रम को बेहतर तरीके से मनाया गया। बता दें कि प्रत्येक वर्ष ये तीन दिवसीय सालाना उर्स बड़े ही अदबो एहतेराम के साथ मनाया जाता है। इस मौके पर स्थानीय लोगों के अलावा दूर-दराज से भी लोगों ने शामिल होकर जवाबी कव्वाली का पूरी रात लुत्फ उठाते नजर आए। इस अवसर पर रामकोट वार्ड पार्षद प्रतिनिधि पहलवान घनश्याम दास, एडवोकेट शिवपूजन माझी समेत तमाम स्थानीय जन मौजूद रहे।

# सहस्त्र कलशों की धाराओं से अभिषिक्त हुए भगवान वेंकटेश

**स्वतंत्र भारत अयोध्या (सं)।** गोविंदा.. गोविंदा.. वेंकटरमणा गोविंदा... के गगनभेदी जयघोषों के बीच श्रीबड़ा भक्तमाल की बगिया अयोध्या धाम में भगवान वेंकटेश का भव्य सहस्त्र कलशाभिषेक संपन्न हुआ। देश की पावन नदियों के जल, सुगंधित द्रव्यों, नारियल जल और विभिन्न फलों के रस से भगवान के श्रीविग्रह का अभिषेक किया गया। इस दिव्य अनुष्ठान के दौरान पूरा परिसर भक्ति, श्रद्धा और वैदिक मंत्रोच्चार से गुंजायमान रहा। यह अवसर था श्री झालरिया मठ बड़ा स्थान, डीडवाना द्वारा विश्वशांति, राष्ट्र समृद्धि एवं सर्वजन कल्याणार्थ आयोजित पुरुषोत्तम मास महोत्सव के चैथे दिन का। श्रीझालरिया पीठाधिपति जगद्गुरु रामानुजाचार्य स्वामी घनश्यामाचार्य महाराज के पावन सान्निध्य एवं स्वामी भूदेवाचार्य के संयोजन में संपन्न इस अनुष्ठान में देश की पवित्र नदियों के जल, सुगंधित द्रव्यों, नारियल जल तथा विभिन्न फलों के रस से भगवान वेंकटेश का सहस्त्राभिषेक किया गया। इस दौरान बड़ा भक्तमाल के



पीठाधीश्वर महंत स्वामी अवधेश कुमार दास भी मौजूद रहे। उन्होंने महाराज श्री का आशीर्वाद लिया। सहस्त्र कलशाभिषेक के मुख्य यजमान धर्माबाद के ओमप्रकाश काकाणी एवं हैदराबाद के धनराज सोनी रहे। प्रातःकालीन आरती-अर्चना के पश्चात मुख्य यजमानों ने अभिषेक का संकल्प लिया। पंचरात्रागम परंपरा के अनुसार भगवान वेंकटेश का श्रीदेवी एवं भूदेवी सहित विशेष आराधन किया गया। दूध, दही, घी, शहद, पंचामृत और विविध फलों के रस से अभिषेक का पुण्य अनुष्ठान संपन्न हुआ। जगद्गुरु स्वामी घनश्यामाचार्य महाराज एवं स्वामी भूदेवाचार्य जी महाराज के कर कमलों से जब अभिषेक की धाराएं भगवान के श्रीविग्रह पर प्रवाहित हुईं। तब पूरा परिसर गोविंदा-गोविंदा के जयकारों से गुंजायमान हो उठा। अभिषेक के दौरान भगवान को पहले हल्दी और बाद में शुद्ध मक्खन का लेपन अर्पित किया गया। अनुष्ठान पूर्ण होने पर श्रद्धालुओं को हल्दी एवं मक्खन प्रसाद स्वरूप वितरित किया गया। सहस्त्राभिषेक के उपरांत भगवान वेंकटेश का मनोहारी श्रृंगार किया गया, जिसके दर्शन कर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे।

# युवाओं को मिलेगी ऑनलाइन अध्ययन की सुविधा



**स्वतंत्र भारत रुदौली (सं.)** नगर पंचायत मां कामाख्या धाम के वार्ड संख्या-14 अटल नगर में आकांक्षी नगर योजना के अंतर्गत 37.05 लाख रुपये की लागत से निर्मित अत्याधुनिक डिजिटल लाइब्रेरी का सोमवार को विधायक रामचन्द्र यादव एवं नगर पंचायत अध्यक्ष शीतला प्रसाद शुक्ल ने फीता काटकर तथा शिलापट्ट का अनावरण कर लोकार्पण किया। कार्यक्रम में अधिशासी अधिकारी निखिलेश मिश्रा ने मुख्य अतिथि विधायक का स्वागत किया। इसके बाद विधायक ने डिजिटल लाइब्रेरी का निरीक्षण कर उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया तथा अधिकारियों को इसके सुचारु संचालन के निर्देश दिए। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि प्रदेश सरकार शिक्षा के क्षेत्र में आधुनिक संसाधनों को बढ़ावा देने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। डिजिटल लाइब्रेरी से प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं, विद्यार्थियों एवं आम नागरिकों को ऑनलाइन अध्ययन सामग्री, ई-पुस्तकों और डिजिटल संसाधनों की सुविधा मिलेगी, जिससे उनके शैक्षिक एवं व्यावसायिक विकास को नई दिशा प्राप्त होगी। कार्यक्रम में नगर पंचायत के सभासद, भाजपा पदाधिकारी, प्रशासनिक अधिकारी, शिक्षक, छात्र-छात्राएं तथा तमाम स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।




# कैंपस प्लेसमेंट और इंटर्नशिप लेटर प्राप्त कर प्रफुल्लित हुए छात्र



**आजमगढ़।** महाराजा सुहेलदेव विश्वविद्यालय, आज़मगढ़ के हॉस्पिटैलिटी एवं पर्यटन प्रबंधन विभाग के विद्यार्थियों के लिए गर्व और खुशी का अवसर तब आया जब उन्हें कैंपस प्लेसमेंट एवं समर इंटर्नशिप के जॉब ऑफर लेटर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. संजीव कुमार महोदय के करकमलों द्वारा प्रदान किया गया। विश्वविद्यालय के मीडिया प्रभारी ने बताया कि हॉस्पिटैलिटी एवं पर्यटन प्रबंधन विभाग द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में कुलपति प्रोफेसर संजीव कुमार जी ने विद्यार्थियों को सम्मानित करने के उपरांत अपने सारगर्भित संबोधन में कहा कि इंटर्नशिप केवल एक औपचारिकता नहीं, बल्कि व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त करने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने बताया कि इंटर्नशिप विद्यार्थियों को उद्योग जगत की वास्तविक कार्यप्रणाली से परिचित कराती है, तथा उनके आत्मविश्वास को बढ़ाती है तथा रोजगार के बेहतर अवसरों के लिए तैयार करती है। उन्होंने विद्यार्थियों को सीखने की भावना के साथ कार्यस्थल पर अपने कौशल और व्यक्तित्व का उत्कृष्ट प्रदर्शन करने की प्रेरणा दी। उन्होंने यह भी कहा कि जो सम्मानित किए गए हैं वे सौभाग्यशाली है जिन्हें आंशिक कारणों से या कम अंकों से यह पुरस्कार नहीं प्राप्त कर सके हैं वह कदापि विचलित न हो क्योंकि हो सकता है प्रकृति ने और बेहतर करने के लिए उन्हें सुरक्षित रखा है।इस अवसर पर विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रण श्री आनंद कुमार मौर्य, प्रभारी हिमांशु शेखर डॉक्टर वंदना गिरि एवं डॉक्टर अर्पित मिश्रा जी के साथ-साथ विश्वविद्यालय के प्राध्यापक गण गैर शैक्षणिक कर्मचारी एवं भारी संख्या में छात्र- छात्राएं उपस्थित रही, कार्यक्रम के अंत में विभाग के सभी शिक्षकों ने चयनित विद्यार्थियों को शुभकामनाएँ देते हुए उनके उज्ज्वल एवं सफल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम का संचालन डॉ. हिमांशु शेखर ने किया ।

## सचिवों की कमी से ग्रामीण परेशान

**स्वतंत्र भारत संवाद बाबागंज प्रतापगढ़।** बाबागंज ब्लॉक मे ग्राम विकास अधिकारियों के स्थानांतरण के बाद कई ग्राम पंचायतों मे प्रशासनिक कार्य प्रभावित हो गए है।ग्रामीणों को परिवार रजिस्टर की नकल,जन्म प्रमाण पत्र,मृत्यु प्रमाण पत्र सहित अन्य आवश्यक दस्तावेज प्राप्त करने के लिए ब्लॉक कार्यालय के चक्कर लगाने पड़ रहे है। ग्राम विकास अधिकारी व्यास कुमार मौर्य,संजय चंद्रा,संजय जायसवाल का अन्य विकास खंडों मे स्थानांतरण कर दिया गया है।स्थानांतरण के बाद सचिवों को एक सप्ताह पूर्व कार्यमुक्त भी कर दिया गया,लेकिन उनकी जगह अब तक नए ग्राम विकास अधिकारियों की तैनाती नहीं की गई।इसके चलते पींग,टांडा,जयचंदपुर,बल्ला,बाबू रायजहांपुर,मुरैनी,रायकाशीपुर,आमीपुर ,सराय छत्ता,चौरंग,नेवादा खुर्द,पुरैली मकदूमपुर,गुजवर,राय असकरनपुर व पुरमई सुल्तानपुर समेत करीब डेढ़ दर्जन ग्राम पंचायतें ग्राम विकास अधिकारी विहीन हो गई है।

# 2 जून तक रहें सतर्क, बिजली कड़कने, मध्यम दर्जे की आंधी, तूफान, बारिश, ओलावृष्टि की संभावना

**आजमगढ़** जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार ने जनपद में ऑरेंज अलर्ट के दृष्टिगत जनपदवासियों से विशेष अपील किया है। जिलाधिकारी ने वज्रपात, मेघगर्जन एवं 40 से 60 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से तेज हवाएं, 70 किमी प्रति घंटा तक के झोंकें आने की संभावना, सावधानी बरतने के निर्देश दिया है । भारत मौसम विज्ञान विभाग द्वारा जारी मौसम पूर्वानुमान के अनुसार जनपद अमेठी, *आजमगढ़* जौनपुर, प्रतापगढ़, सुल्तानपुर में दिनांक 01 जून 2026 को खराब मौसम बने रहने की संभावना व्यक्त की गई है। मौसम विभाग ने इस अवधि के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी करते हुए जनपद में वज्रपात (आकाशीय बिजली), मेघगर्जन तथा 40 से 60 /70 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से तेज झोंकेदार हवाएं चलने की चेतावनी जारी की है। मौसम विभाग द्वारा जारी चेतावनी को गंभीरता से लेते हुए



जिलाधिकारी रविंद्र कुमार ने जनपदवासियों से पूर्ण सतर्कता एवं सावधानी बरतने की अपील की है। उन्होंने कहा कि संभावित खराब मौसम के दौरान अनावश्यक रूप से घरों से बाहर निकलने से बचें तथा प्रशासन एवं मौसम विभाग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें। जिलाधिकारी ने विशेष रूप से किसानों, विद्यार्थियों, वाहन चालकों तथा ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करने वाले नागरिकों से मौसम संबंधी सूचनाओं पर निरंतर नजर बनाए रखने का अनुरोध किया है। उन्होंने कहा कि गरज-चमक एवं वज्रपात के दौरान खुले मैदानों, खेतों, छतों तथा पेड़ों के नीचे खड़े होने से बचें। साथ ही टूटे हुए विद्युत तारों एवं विद्युत उपकरणों के संपर्क में आने से परहेज करें तथा ऐसी किसी भी स्थिति की तत्काल सूचना संबंधित विभाग को दें। किसानों को सलाह दी गई है कि कटाई की गई फसलों को सुरक्षित स्थान पर रखें तथा पशुओं को खुले स्थानों से हटाकर सुरक्षित शेड में रखें। कृषि यंत्रों एवं अन्य आवश्यक सामग्री को भी सुरक्षित रखने के निर्देश दिए गए हैं। विद्यालयों एवं अन्य संस्थानों को मौसम की परिस्थितियों के अनुरूप आवश्यक एहतियाती कदम उठाने को कहा गया है।जिलाधिकारी ने बताया कि संभावित आपदा की स्थिति से निपटने हेतु जनपद प्रशासन पूरी तरह सतर्क एवं तैयार है। सभी संबंधित विभागों को अलर्ट मोड पर रखा गया है तथा राहत एवं बचाव कार्यों के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर ली गई हैं।

## खबर एक नजर

### 2 अदद गुम हुए मोबाइल फोन को किया गया बरामद

**बलिया।** बताया जाता है कि पुलिस अधीक्षक श्री ओमवीर सिंह* द्वारा थाना स्थानीय पर ष्टश्वढ्ढक्र पोर्टल के माध्यम से दर्ज मोबाइल गुमशुदगी की बरामदगी हेतु चलाये जा रहे अभियान में अपर पुलिस अधीक्षक बलिया दक्षिणी श्री संजय वर्मा के निकट पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी सदर श्री राकेश कुमार सिंह के कुशल नेतृत्व में थाना फेफना को मिली सफलता ।उल्लेखनीय है कि अलग अलग स्थानों पर खोये/गुमशुदा हुए मोबाइलों जिसके सम्बन्ध में आवेदको द्वारा अपने मोबाइल की गुमशुदगी ष्टश्वढ्ढक्र पोर्टल पर दर्ज कराया गया था । जिसके उपरान्त थाना फेफना पुलिस द्वारा ष्टश्वढ्ढक्रपोर्टल पर रजिस्टर एवं सर्विलांस सेल बलिया व थाना साइबर हेल्प डेस्क की सहायता से खोज किया जा रहा था । जिसके क्रम में आज दिनांक 01.06.2026 को थाना फेफना पुलिस टीम द्वारा ष्टश्वढ्ढक्र पोर्टल पर रन कराये गये गुमशुदा मोबाइलो को थाना क्षेत्र से कुल 02 अदद मोबाइल (कीमत लगभग कुल 30000/-) बरामद कर स्वामियो को नियमानुसार पुलिस टीम द्वारा सुपुर्द किया गया ।मोबाइल स्वामी ने फेफना पुलिस टीम की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए दिये धन्यवाद ।

### यूपी बोर्ड की टॉप-10 सूची में स्थान बनाने वाली छात्रा आराधना कुमारी को डीएम ने किया सम्मानित

स्वतंत्र भारत देवरिया। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की इंटरमीडिएट परीक्षा में जनपद का नाम रोशन करने वाली छात्रा आराधना कुमारी को सोमवार को जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने कलेक्ट्रेट सभागार में सम्मानित किया। आराधना कुमारी, पुत्री/छात्रा मनोज कुमार, निवासी राघवनगर, देवरिया एवं जोनिया इंटरमीडिएट कॉलेज, देवरिया की कक्षा 12 की छात्रा हैं, जिन्होंने प्रदेश की टॉप-10 सूची में स्थान प्राप्त कर उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है।जिलाधिकारी ने छात्रा को बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा उन्हें 21 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि, मेडल एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि उसकी सफलता जनपद के अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने कहा कि परिश्रम, अनुशासन और लगन के बल पर विद्यार्थी किसी भी लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं।

### बेसिक शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक में डीएम ने दिए गुणवत्ता सुधार के निर्देश

**स्वतंत्र भारत देवरिया।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में बेसिक शिक्षा विभाग से संबंधित जिला टास्क फोर्स, शिक्षा समिति एवं प्रोजेक्ट अलंकार की समीक्षा बैठक की। बैठक में उन्होंने शिक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ एवं गुणवत्तापूर्ण बनाने के लिए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने जनपद स्तरीय अधिकारियों को विद्यालयों का नियमित निरीक्षण करने तथा नामांकन एवं छात्र-छात्राओं की उपस्थिति सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निरीक्षण का उद्देश्य केवल औपचारिकता न होकर शिक्षा व्यवस्था में गुणात्मक सुधार लाना होना चाहिए। उन्होंने शिक्षकों की डिजिटल उपस्थिति की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को इस पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। साथ ही नए शैक्षिक सत्र के प्रारंभ होने पर विद्यालयों में बेहतर शैक्षणिक वातावरण, अनुशासन एवं पठन-पाठन की गुणवत्ता सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया। जिलाधिकारी ने कायाकल्प योजना के अंतर्गत जिन विद्यालयों में कार्य अभी अधूरे हैं, उन्हें शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने खंड विकास अधिकारियों, एडीओ पंचायत एवं खंड शिक्षा अधिकारियों को आपसी समन्वय स्थापित कर सभी विद्यालयों को निर्धारित 19 पैरामीटरों के अनुसार संतृप्त करने को कहा।बैठक में प्रोजेक्ट अलंकार के अंतर्गत विद्यालयों में उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं एवं निर्माण कार्यों की भी समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने कार्यों की गुणवत्ता एवं समयबद्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### तम्बाकू मुक्त के लिए सामूहिक प्रयास की जरूरत : सीएमओ

**स्वतंत्र भारत देवरिया।** सीएमओ कार्यालय के धन्वंतरि सभागार में सोमवार को विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर सीएमओ डॉ अनिल गुप्ता की अध्यक्षता में जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस दौरान चिकित्सकों और पैरामेडिकल कर्मियों को तंबाकू सेवन से दूर रहने तथा समाज को इसके दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने की शपथ दिलाई गई और हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। सीएमओ ने कहा कि युवाओं को तंबाकू और निकोटीन की लत से बचाना वर्तमान समय की सबसे बड़ी चुनौती है और इसके लिए सामूहिक प्रयास की जरूरत है।सीएमओ डॉ. अनिल कुमार गुप्ता ने स्वास्थ्य कर्मचारियों को तंबाकू मुक्त जीवन अपनाने का संकल्प दिलाते हुए कहा कि तंबाकू का सेवन से कैंसर, हृदय रोग, फेफड़ों की बीमारी, उच्च रक्तचाप और श्वास संबंधी कई बीमारियां होने का खतरा बढ़ जाता है। उन्होनें लोगों को तंबाकू सेवन से दूर रहने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि तंबाकू के कारण हर वर्ष बड़ी संख्या में लोग जानलेवा बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं। केवल एक दिन जागरूकता फैलाना नहीं है, बल्कि लोगों के व्यवहार में सकारात्मक बदलाव लाना है और उन्हें स्वस्थ नैतिकता के लिए प्रेरित करना है। इस अवसर पर डॉ डिप्टी सीएम कार्तिक पाण्डेय, डिप्टी सीएमओ आरपी यादव, डिप्टी सीएमओ विपिन रंजन, डॉ आनंद, आदित्य मिश्रा, सहयोगी संस्था सीफार, जेएसआई, पीसीआई के जिला प्रतिनिधि व स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।

# शांति व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन सख्त, सार्वजनिक गतिविधियों पर रहेगी निगरानी

**आजमगढ़** । मुख्य राजस्व अधिकारी/प्रभारी अधिकारी अपर जिला मजिस्ट्रेट (प्रशासन) संजीव ओझा ने बताया है कि जनपद आजमगढ़ में दिनांक 25/26 जून 2026 को मोहर्रम का पर्व मनाया जाना है। इसके अतिरिक्त उ0प्र0 शिक्षा चयन आयोग प्रयागराज द्वारा टीजीटी परीक्षा दिनांक 03 व 04 जून 2026, प्राविधिक शिक्षा विभाग लखनऊ द्वारा यूपीजीईई (प्री) 2026 की सीटीबीटी परीक्षा दिनांक 02 से 09 जून 2026 के मध्य, पुलिस उपमहानिरीक्षक / अपर सचिव (भती), उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड लखनऊ द्वारा उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती-2025 की लिखित परीक्षा क्रमशः दिनांक 08 जून 2026, 09 जून 2026 एवं 10 जून 2026 को, सचिव, उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग, प्रयागराज द्वारा प्रवक्ता (पुरुष / महिला) राजकीय इण्टर कॉलेज (प्रा0) परीक्षा-2025 की परीक्षा दिनांक 14 जून 2026, एन0टी0ए0 द्वारा आयोजित नीट परीक्षा-2026 की परीक्षा 21 जून 2026 एवं परीक्षा नियंत्रक, उत्तर प्रदेश शिक्षा चयन आयोग, प्रयागराज द्वारा यू0पी0 टेट-2026 दिनांक 02, 03 व 04 जुलाई 2026 के मध्य तथा संयुक्त निदेशक, राज्य व्यवसायिक प्रशिक्षण उ0प्र0 लखनऊ द्वारा विभिन्न तिथियों में आयोजित परीक्षा व कुल सचिव, डॉ0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा विभिन्न तिथियों में आयोजित परीक्षा व महानिदेशक राष्ट्रीय परीक्षा एजेन्सी (ह्नञ्) उच्चतर शिक्षा विभाग, शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार, नई दिल्ली द्वारा समय-समय आयोजित परीक्षाओ का आयोजन, महाराजा सुहेलदेव राज्य विश्वविद्यालय आजमगढ़ के स्नातक एवं परास्नातक की परीक्षा, सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय वाराणसी द्वारा आयोजित प्रथमा, मध्यमा आदि की परीक्षा एवं अन्य विभागों / आयोगों की विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाएं एवं विभिन्न कालेजों / विश्वविद्यालय की प्रवेश / अन्य परीक्षाएं संचालित होना सम्भाव्य है।शासनादेश के दृष्टिगत धरना प्रदर्शनों / जुलूसों/आन्दोलनों / सार्वजनिक कार्यक्रमों आदि के सम्बन्ध में दिये गये महत्वपूर्ण दिशा-निर्देशों का भी कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराया जाना है।पुलिस उपमहानिरीक्षक सुरक्षा लखनऊ के क्रम में के अन्तर्गत भारत सरकार के नवीन ड्रोन नियम 2021-22 के दृष्टिगत सुरक्षा के बदलते परिदृश्य में विशिष्ट/अति विशिष्ट महानुभावों की सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित किये जाने के कम में ड्रोन/यूएवी से सम्भावित खतरों के दृष्टिगत नवीन ड्रोन नियम 2021-22 के अनुपालन किये जाने के निर्देश किये गये है।विभिन्न न्यायालयों में विचाराधीन धार्मिक स्थलों से सम्बन्धित वादों की कार्यवाही के परिप्रेक्ष्य में कानून-व्यवस्था की संवेदनशीलता के दृष्टिगत सुरक्षा हेतु समस्त संसाधनों को क्रियाशील/सतर्क दृष्टि बनाये रखते हुए, पर्याप्त चेकिंग एवं पेट्रोलिंग किये जाने एवं असामाजिक गतिविधि को रोके जाने के निर्देश शासन स्तर से प्राप्त है।जनपद में शांति-व्यवस्था बनाये रखने हेतु उपरोक्त वर्जित कारणों से असामाजिक एवं शरारती तत्वों के विरूद्ध निवारक कार्यवाही की त्वरित आवश्यकता हो गयी है। इस हेतु अन्य उपचार सीधे उपलब्ध न होने की दशा में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 की धारा 163 (पूर्ववर्ती में दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा-144) के अंतर्गत आदेश प्रसारित करने के पर्याप्त आधार हैं। संजीव ओझा, मुख्य राजस्व अधिकारी / प्रभारी अपर जिला मजिस्ट्रेट (प्रशासन), आजमगढ़ ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 की धारा 163 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए आदेश पारित किया है, जो आज की तिथि से तात्कालिक प्रभाव से जनपद की सम्पूर्ण सीमा के अन्तर्गत तत्काल प्रभाव से लागू होगा।समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष अपने-अपने थाना क्षेत्र के अन्तर्गत आदेश का प्रभावी माध्यमों के द्वारा व्यापक प्रचार-प्रसार करायेंगे। समस्त उप जिला मजिस्ट्रेट, जनपद आजमगढ़ को अपने-अपने क्षेत्रांतर्गत आदेश का अनुपालन सुनिश्चित कराये जाने हेतु तथा अवहेलना का संज्ञान लेकर यथावश्यक कार्यवाही सुनिश्चित किये जाने हेतु अधिकृत किया जाता है। चूँकि उपरोक्त आदेश को तत्कालिक प्रभाव से पारित करने की आवश्यकता है और समय की कमी है। अतः यह आदर्श एकपक्षीय रूप से पारित किये जा रहे है. यदि कोई व्यक्ति इस आदेश के सम्बन्ध मे आवेदन करना चाहे या छूट या शिथिलता चाहे तो वह जिला मजिस्ट्रेट, मुख्य राजस्व अधिकारी / प्रभारी अपर जिला मजिस्ट्रेट (प्रशासन) या सम्बन्धित उप जिला मजिस्ट्रेट के समक्ष आवेदन कर सकता है, जिस पर सम्यक सुनवाई/विचारोपरांत आवेदन के सम्बन्ध मे समुचित आदेश पारित किये जा सकेगें। इस आदेश का उल्लघंन विभिन्न अधिनियमों में दिये गये प्राविधानों के अन्तर्गत दण्डनीय अपराध के साथ-साथ भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 की धारा-208 के अन्तर्गत भी दण्डनीय अपराध होगा। यह आदेश दिनांक 01 जून 2026 को मुख्य राजस्व अधिकारी / प्रभारी अपर जिला मजिस्ट्रेट (प्रशासन) से निर्गत किया गया, जो दिनॉक 01 जून, 2026 से 31 जुलाई, 2026 तक अथवा शासन से इस सम्बंध में कोई अन्य निर्देश प्राप्त होने तक जो भी पहले हो, प्रभावी रहेगा।

# मेधावी विद्यार्थी सम्मान समारोह 2026 : होनहारों को मिला सम्मान

**बलिया।** बताया जाता है कि माध्यमिक शिक्षा विभाग एवं जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को विकास भवन सभागार में मेधावी विद्यार्थी सम्मान समारोह-2026 का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह तथा मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिलाध्यक्ष संजय मिश्रा ने की। समारोह में जनपद स्तर पर हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले शीर्ष 11-11 मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को उनकी शैक्षिक उपलब्धियों के लिए प्रोत्साहित करना तथा अन्य छात्रों को भी बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित करना रहा।इस अवसर पर चयनित विद्यार्थियों को मंच पर आमंत्रित कर 21 हजार रुपये की प्रोत्साहन धनराशि का प्रतीकात्मक चेक, पदक एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान



किया गया। अधिकारियों ने बताया कि प्रोत्साहन राशि पूर्व में ही विद्यार्थियों के बैंक खातों में भेजी जा चुकी है और समारोह में प्रतीक स्वरूप चेक वितरित किए गए। कार्यक्रम के दौरान प्रदेश मुख्यालय पर आयोजित राज्य स्तरीय मेधावी विद्यार्थी सम्मान समारोह का सीधा प्रसारण भी दिखाया गया। विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं शिक्षकों ने मुख्यमंत्री के संबोधन को सुना और प्रदेश स्तर पर सम्मानित मेधावी छात्रों के समारोह का अवलोकन किया। मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में विद्यार्थियों से शिक्षा के माध्यम से राष्ट्र निर्माण में योगदान देने तथा लक्ष्य प्राप्ति के लिए निरंतर परिश्रम करने का आह्वान किया।मुख्य अतिथि संजय मिश्रा ने सम्मानित विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि जनपद के मेधावी छात्र-छात्राएं जिले और प्रदेश का गौरव हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से अनुशासन, कठिन परिश्रम और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने का आग्रह किया।जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह एवं मुख्य विकास अधिकारी ने भी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि शिक्षा समाज और राष्ट्र के विकास का सबसे सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि ऐसे सम्मान समारोह विद्यार्थियों में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा और उत्कृष्टता की भावना विकसित करते हैं। इस कार्यक्रम में जिला विद्यालय निरीक्षक ओमप्रकाश सिंह यादव, सह जिला विद्यालय निरीक्षक राम आसरे यादव, प्रधानाध्यापक प्रमोद कुमार श्रीवास्तव, प्रभारी जिला समन्वयक समग्र शिक्षा आनन्द प्रकाश मिश्र सहित शिक्षा विभाग के अधिकारी, प्रधानाचार्य, शिक्षक, अभिभावक और बड़ी संख्या में छात्र- छात्राएं उपस्थित रहे। जिला विद्यालय निरीक्षक ओमप्रकाश सिंह यादव ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन प्रधानाचार्य प्रफुल्ल कुमार ने किया।

## पोषण समिति की बैठक में डीएम ने की योजनाओं की समीक्षा

**स्वतंत्र भारत देवरिया।** कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जिला पोषण समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने बाल विकास परियोजना एवं पोषण अभियान से संबंधित विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों की गहन समीक्षा की। बैठक के दौरान उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को शासन की प्राथमिकताओं के अनुरूप कार्यों में अपेक्षित सुधार लाने तथा निर्धारित लक्ष्यों की समयबद्ध पूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने आशा कार्यकर्ताओं, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं एएनएम को नियमित रूप से होम विजिट करने के निर्देश देते हुए कहा कि गर्भवती महिलाओं, धात्री माताओं एवं बच्चों की स्थिति का सतत अनुश्रवण किया जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि समीक्षा के दौरान केवल वास्तविक एवं सही आंकड़े ही प्रस्तुत किए जाएं तथा किसी भी प्रकार की भ्रामक अथवा त्रुटिपूर्ण सूचना न दी जाए। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी खंड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनपद के आंगनबाड़ी केंद्रों को निर्धारित 18 पैरामीटरों पर संतृप्त करने की दिशा में प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करें। उन्होंने आशा एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की ड्यू-लिस्ट में एकरूपता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए तथा कहा कि लाभार्थियों से संबंधित अभिलेखों एवं आंकड़ों में किसी प्रकार का अंतर नहीं होना चाहिए।

## मेधावी छात्र-छात्राएं सम्मानित

**स्वतंत्र भारत देवरिया।** माध्यमिक शिक्षा विभाग के तत्वावधान में सोमवार को विकास भवन स्थित गांधी सभागार में जनपद स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया।समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष गिरीश चंद्र तिवारी उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथियों के रूप में भाटपाररानी विधायक सभा कुंवर कुशवाहा, रुद्रपुर विधायक जयप्रकाश निषाद, मुख्य विकास अधिकारी राजेश कुमार सिंह तथा जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. स्कंद शुक्ल मौजूद रहे।कार्यक्रम के दौरान हाईस्कूल के 7 तथा इंटरमीडिएट के 10 मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र, मेडल एवं 21-21 हजार रुपये की प्रोत्साहन धनराशि प्रदान किए जाने हेतु डेमो चेक देकर सम्मानित किया गया।

# प्रोबेशन विभाग की योजनाओं की डीएम ने की गहन समीक्षा

## कस्तूरबा विद्यालयों में नामांकन बढ़ाने, वन स्टॉप सेंटर की क्षमता विस्तार एवं योजनाओं के व्यापक प्रचार-प्रसार के दिए निर्देश

**स्वतंत्र भारत देवरिया।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने कलेक्ट्रेट सभागार में प्रोबेशन विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों की गहन समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने विभागीय अधिकारियों को आपसी समन्वय एवं टीम भावना के साथ कार्य करते हुए सभी योजनाओं के लक्ष्यों की शत-प्रतिशत पूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रोबेशन विभाग की योजनाएं महिलाओं, बच्चों, निराश्रितों, पीड़ित एवं जरूरतमंद व्यक्तियों के कल्याण से सीधे जुड़ी हैं। ऐसे में यह सुनिश्चित किया जाए कि पात्र लाभार्थियों तक योजनाओं का लाभ समयबद्ध एवं प्रभावी ढंग से पहुंचे। उन्होंने स्पष्ट किया कि योजनाओं के संचालन एवं क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी।बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने बच्चों एवं किशोरियों के बीच सकारात्मक वातावरण विकसित करने




तथा उनके सर्वांगीण विकास के लिए व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक बालिकाओं को कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों में नामांकित कराया जाए। इसके लिए अभिभावकों को विद्यालयों में उपलब्ध निःशुल्क आवास, भोजन, शिक्षा, सुरक्षा, खेलकूद एवं अन्य सुविधाओं की विस्तृत जानकारी दी जाए। साथ ही उन्हें यह भी बताया जाए कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से बालिकाओं के जीवन स्तर, व्यक्तित्व विकास, आत्मविश्वास एवं भविष्य की संभावनाओं में सकारात्मक परिवर्तन आता है। जिलाधिकारी ने वन स्टॉप सेंटर, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, घरेलू हिंसा से संबंधित प्रकरणों, कन्या सुमंगला योजना, रानी लक्ष्मीबाई महिला एवं बाल सम्मान कोष सहित विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने सभी योजनाओं में अपेक्षित सुधार लाने, लंबित प्रकरणों का समयबद्ध निस्तारण करने तथा लाभार्थियों को योजनाओं से शीघ्र आच्छादित किए जाने के निर्देश दिए।वन स्टॉप सेंटर की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने वहां आश्रय प्राप्त करने वाली बालिकाओं एवं महिलाओं के लिए उपलब्ध आवासीय क्षमता बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने घरेलू हिंसा सहित विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार पोस्टर, बैनर, जनजागरूकता कार्यक्रमों एवं अन्य माध्यमों से किए जाने पर विशेष बल दिया। साथ ही निर्देश दिया कि विभागीय योजनाओं का थाना-वार डाटा रखा जाए, जिससे योजनाओं की प्रभावी मॉनिटरिंग एवं समीक्षा सुनिश्चित की जा सके।बैठक में मुख्य विकास अधिकारी राजेश कुमार सिंह, जिला प्रोबेशन अधिकारी अनिल सोनकर, बाल कल्याण समिति की अध्यक्ष डॉ. सावित्री राय, मीनू जायसवाल, नीतू भारती, बाल संरक्षण अधिकारी जयप्रकाश तिवारी, अमित उपाध्याय सहित प्रोबेशन विभाग, बाल संरक्षण इकाई एवं संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# सपा ने प्रदर्शन कर मतदाता सूची को दुरुस्त करने की उठाई आवाज

**स्वतंत्र भारत मीरजापुर।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री श्री अखिलेश यादव जी के निर्देश पर जनपद में

**सपा जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी बोले दोषियों पर हो कार्यवाही**

396 सदर विधानसभा मीरजापुर, 395-छानबे विधानसभा (सुरक्षित), 397-मझवां विधानसभा, 398-चुनार विधानसभा व 399- मड़िहान विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र- 10 अप्रैल 2026 को प्रकाशित अंतिम मतदाता सूची में हजारो की संख्या में डूब्लीकेट (फर्जी) मतदाता सूची में हुई गड़बड़ी को लेकर सोमवार को कलेक्ट्रेट जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद



चौधरी के नेतृत्व में जोरदार प्रदर्शन कर मतदाता सूची को सही करने की मॉग जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार से की। जिलाधिकारी को पॉचो विधानसभा क्षेत्र की डूब्लीकेट और फर्जी नामो की सूची सौपी। इस मौके पर जिलाधिकारी ने कहा कि जॉच में गलती पाये जाने पर दोषियो के खिलाफ कार्यवाही की जायेगी। जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी ने कहा कि जनपद मीरजापुर के पॉचो विधानसभा में एक नाम/एक ही पिता/पति का नाम समउम्र का कई बूथो पर विभिन्न वोटर आई0 डी0 नम्बर का एवं लगभग सेम फोटो का अंतिम मतदाता सूची में प्राप्त पाये जाने पर विरोध जताया और कहा कि 396-मीरजापुर 4353, एवं 398-चुनार में 5475 व 395-छानबे (सुरक्षित) में 5120 एवं 397-मझवां 6403 व 399-मड़िहान 6667 में मतदाता का नाम आया है। विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के राष्ट्रीय दलो की बैठक मे बार-बार कहा जाता था कि गड़बड़ी होने पर लगे कर्मचारियों पर दण्डात्मक कार्यवाही किया जायेगा। कहा कि समाजवादी पार्टी मॉग करती है कि 10 अप्रैल 2026 को प्रकाशित मतदाता सूची में डूब्लीकेट (फर्जी) नाम दर्ज किये जाने से मतदाता विधानसभा सामान्य निर्वाचन 2027 में मतदान नही कर पायेंगे। यह एक गंभीर मामला है मामले को तत्काल संज्ञान मे लेकर जॉच करायी जाय और दोषी संलिप्त कर्मचारियों पर दण्डात्मक कार्यवाही कर कृत कार्यवाही का अवगत कराया जाय।

प्रदर्शन करने वालो में पूर्व विधायक जगतम्बा सिंह पटेल, मुन्नी यादव, आशीष यादव, अशोक यादव, सुरेन्द्र सिंह पटेल, दामोदर प्रसाद मौर्या, रविन्द्र बहादुर सिंह, झल्लू यादव, आशीष कोल, रमाशंकर कोल, बलराम यादव, अभय यादव, मेवालाल प्रजापति, संदेश यादव, रामराज यादव आदि सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

# रोहिणी नक्षत्र की बारिश से किसानों में बढ़ी उम्मीद, घाघ की कहावत हो रही चरितार्थ

स्वतंत्र भारत हलिया (मीरजापुर)। क्षेत्र में बीते दिनों हुई बारिश और उसके बाद निकल रही तेज धूप ने किसानों के चेहरे पर मुस्कान लौटा दी है। लोक परंपरा और कृषि अनुभव के लिए प्रसिद्ध घाघ की कहावत 'रोहिणी बरसे, मृग तपे, कुछ-कुछ आद्रा जाए, घाघ कहें सुन घाघनी, स्वान भात नहीं खाए' इन दिनों किसानों के बीच चर्चा का विषय बनी हुई है। कृषि विशेषज्ञों और ग्रामीण किसानों के अनुसार यदि रोहिणी नक्षत्र में अच्छी वर्षा हो जाए तथा मृगशिरा नक्षत्र में पर्याप्त धूप और गर्मी पड़े तो धान समेत खरीफ फसलों की पैदावार बेहतर होने की संभावना बढ़ जाती है। इसी विश्वास के साथ किसान खेतों की तैयारी में जुट गए हैं। क्षेत्र में लंबे अंतराल के बाद हुई बारिश से खेतों में पर्याप्त नमी आ गई है। इसका लाभ उठाते हुए किसान जुताई, पाटा लगाने तथा खेतों में उगे खरपतवारों को नष्ट करने का कार्य तेजी से कर रहे हैं। किसानों का मानना है कि मृगशिरा नक्षत्र की तपन खेतों की मिट्टी को खरीफ फसलों के लिए और अधिक उपयुक्त बना देगी।

वहीं दूसरी ओर मानसून की दस्तक की संभावना को देखते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में लोग अपने कच्चे मकानों, खपड़ैल घरों, मड़हों और झोपड़ियों की मरम्मत एवं निर्माण कार्य में भी जुट गए हैं, ताकि बरसात के दौरान किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। अगैती खेती की तैयारी कर रहे किसान एक जून से पांच जून के बीच धान की नर्सरी डालने में लगे हुए हैं। खेतों की मेड़बंदी, जुताई और बीज उपचार जैसे कार्य भी तेजी से किए जा रहे हैं। किसानों को उम्मीद है कि मौसम का यही रुख बना रहा तो इस वर्ष धान की फसल बंपर होगी। ग्रामीण बुजुर्गों का कहना है कि घाघ की कहावतें वर्षों के कृषि अनुभव पर आधारित हैं और मौसम के मौजूदा हालात को देखकर लग रहा है कि इस बार उनकी कही बातें एक बार फिर सही साबित हो सकती हैं। यही वजह है कि क्षेत्र के किसानों में अच्छी पैदावार को लेकर उत्साह और उम्मीद दोनों बढ़ गई।

# 2 किलो 15 ग्राम गांजा के साथ तस्कर गिरफ्तार, बाइक भी बरामद

**स्वतंत्र भारत हलिया (मीरजापुर)।** मादक पदार्थों की अवैध बिक्री के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत बरौंधा पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक युवक को दो किलो 15 ग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के कब्जे से गांजा ले जा रही बाइक भी बरामद की गई है। पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन में अपराध एवं मादक पदार्थों की तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के क्रम में रविवार की शाम बरौंधा चौकी प्रभारी नरेंद्र कुमार यादव हेड कांस्टेबल सदानंद तिवारी कांस्टेबल अमित कुमार तथा कांस्टेबल सिद्धार्थ के साथ बेलन नहर से कोरांव मार्ग पर संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की चेकिंग कर रहे थे।

इसी दौरान कोरांव (प्रयागराज) की ओर से एक युवक बाइक पर पिट्ठू बैग लेकर आता दिखाई दिया।

पुलिस चेकिंग देखकर उसने बाइक मोड़कर भागने का प्रयास किया। संदिग्ध गतिविधि पर पुलिस टीम ने घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया। तलाशी लेने पर उसके पिट्ठू बैग से दो किलो 15 ग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ। पूछताछ में गिरफ्तार आरोपी ने अपनी पहचान दिलीप कुमार पुत्र रामधनी निवासी बढ़वारी कला मिश्रपुर थाना कोरांव, जनपद प्रयागराज के रूप में बताई। आरोपी ने पुलिस को बताया कि वह गांजा बिक्री के उद्देश्य से लेकर जा रहा था, लेकिन बीच रास्ते में ही पुलिस के हत्थे चढ़ गया।

पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है।

बरौंधा पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में मादक पदार्थों की तस्करी एवं अवैध बिक्री में संलिप्त लोगों में हड़कंप मचा हुआ है। बरौंधा चौकी प्रभारी नरेंद्र कुमार यादव ने बताया कि पुलिस कप्तान के निर्देश पर क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है। लालगंज थाना प्रभारी निरीक्षक अभय कुमार सिंह के नेतृत्व में अपराधियों पर प्रभावी कार्रवाई जारी रहेगी।

# सीएचओ और टीएसयू की संयुक्त बैठक में स्वास्थ्य रिकॉर्ड दुरुस्त रखने के निर्देश



**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्ज़ापुर)।** उच्चीकृत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के सभागार में स्वास्थ्य विभाग के तहत सीएचओ की बैठक और टीएसयू की बैठक सोमवार को आयोजित की गई। बैठक में एचआरपी, जन्म और मृत्यु पंजीकरण से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई।बैठक में सभी सीएचओ को निर्देश दिया गया कि सब सेंटर स्तर पर रिकॉर्ड मेंटेनेंस को समयबद्ध और त्रुटिरहित रखा जाए। गर्भवती महिलाओं की हाई रिस्क प्रेग्नेंसी यानी एचआरपी की पहचान कर उनका फॉलोअप सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। साथ ही जन्म और मृत्यु के आंकड़ों को तत्काल अपडेट कर शत-प्रतिशत रिपोर्टिंग सुनिश्चित करने को कहा गया, ताकि स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ सही लोगों तक पहुंच सके।स्वास्थ्य अधिकारियों ने कहा कि रिकॉर्ड की शुद्धता और समय पर अपडेटिंग से ही गांव स्तर पर स्वास्थ्य सेवाओं की मॉनिटरिंग बेहतर हो सकेगी।

# एक दिवसीय डेटा एनालटिक्स प्रशिक्षण सम्पन्न



**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्ज़ापुर)।** उच्चीकृत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के सभागार में सोमवार को नियमित टीकाकरण कार्यक्रम के अंतर्गत ब्लॉक स्तरीय एक दिवसीय डेटा एनालटिक्स प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षण में प्रतिभागियों को प्रशिक्षक डॉक्टर सत्यम कुमार द्वारा डेटा कलेक्शन, एनालिस, विज़ुअलाइज़ेशन और रिपोर्टिंग के बेसिक से लेकर एडवांस टूल्स तक की जानकारी दी गई। विशेषज्ञों ने प्रैक्टिकल सेशन के जरिए पावर, एक्सेल और पायथन के उपयोग पर फोकस किया। प्रशिक्षकों ने बताया कि इस तरह के कार्यक्रम युवाओं और प्रोफेशनल्स को जॉब-रेडी स्किल्स देने के लिए कराए जा रहे हैं। प्रतिभागियों ने कहा कि एक दिन का सेशन काफी उपयोगी रहा और इससे डेटा के क्षेत्र में काम करने की समझ बढ़ी। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए।इस दौरान चिकित्सक विवेक खरे, एआरओ संतोष कुमार गौतम मौजूद रहे।


**सूचना**

**पटना, 27 मई बुधवार 2026**

आज पटना में बुद्धिजीवियों, लोकतंत्र सेनानियों, किसानों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने एक नए दल का गठन किया

**'भारतीय राष्ट्रीय लोकतांत्रिक जनता पार्टी'**

**सिंहासन प्रसाद गुप्त को राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया गया**

**केंद्रीय कार्यालय, 66 ज्ञान विहार, कमता चिनहट, लखनऊ-226028, मो.- 9792213212, 7827144283**

सी.आर.-415/ L

**सूचना**

असहायिक स्थायी मान्यता प्राप्त बी.पी. जनता विद्यालय कसरावां में सहायक अध्यापक 01 पद रिक्त है। उक्त पद हेतु अभ्यर्थी आवेदन पत्र पंजीकृत डाक द्वारा 16/06/2026 तक प्रेषित करें। अभ्यर्थियों का साक्षात्कार 17 जून 2026 दिन बुधवार प्रातः 11:00 बजे विद्यालय में संपन्न होगा।

उपर्युक्त पद हेतु उच्च प्राथमिक स्तर की शिक्षक पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण, स्नातक व प्रशिक्षण योग्यता बी.एड./बीटीसी उत्तीर्ण अभ्यर्थी जिनकी न्यूनतम आयु सीमा 21 वर्ष हो वह पंजीकृत डाक से आवेदन करें।

प्रबंधक

बी.पी. जनता विद्यालय कसरावां रायबरेली

सी.आर.-417/ D

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र का सही नाम YUGANSH GOND (युगांश गोंड) पुत्र शिव कुमार है जो कि उसके शैक्षिक अभिलेख में अंकित है। त्रुटिवश मेरे पुत्र के आधार कार्ड संख्या- 2908 7142 2764 में उसका नाम YUGANK (युगंण्क) अंकित हो गया है, जो कि गलत नाम है।

भविष्य में मेरे पुत्र को उसके सही नाम YUGANSH GOND (युगांश गोंड) पुत्र शिव कुमार के नाम से जाना व पहचाना जाये।

एतद्द्वारा प्रमाणित किया जाता है कि उपर्युक्त के सम्बंध में समस्त विधिक औपचारिकतायें स्वयं मेरे द्वारा पूर्ण की गई हैं।

रागिनी गोंड पत्नी शिव कुमार

निवासी कसेरवां, मछलीशहर जौनपुर, उ0 प्र0 - 222165

सी.आर.-419/ D


# मौसम बदलते ही संक्रामक बीमारियों का बढ़ा प्रकोप, झोलाछाप डाक्टरों की चांदी

**स्वतंत्र भारत हलिया (मीरजापुर)।** मौसम के लगातार चढ़ाव-उतार और उमस भरी गर्मी के चलते क्षेत्र में संक्रामक बीमारियों का प्रकोप तेजी से बढ़ता जा रहा है। ग्रामीण इलाकों में सर्दी, जुकाम, खांसी, तेज बुखार, बदन दर्द और डिहाइड्रेशन जैसी बीमारियों से लोग बड़ी संख्या में पीड़ित हैं।नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बरौंधा

**बरौंधा क्षेत्र में दर्जनों अवैध क्लीनिक संचालित**

में पर्याप्त चिकित्सीय सुविधाएं और विशेषज्ञ डाक्टर उपलब्ध न होने के कारण मरीजों को समुचित इलाज नहीं मिल पा रहा है। इसका फायदा उठाकर बरौंधा बाजार और आसपास के क्षेत्रों में दर्जनों झोलाछाप डाक्टरों ने अपनी दुकानें सजा रखी हैं। बिना डिग्री और अनुभव के इलाज करने वाले ये कथित झोलाछाप चिकित्सक भोली-भाली ग्रामीण जनता की मजबूरी का फायदा उठाकर खुलेआम लोगों की जेब पर डाका डाल रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि झोलाछाप डाक्टर महंगी दवाइयां लिखकर और अनावश्यक इंजेक्शन लगाकर मरीजों से मोटी रकम वसूल रहे हैं। कई मामलों में गलत इलाज से मरीजों की हालत और बिगड़ने की शिकायतें भी सामने आती रहती हैं। इसके बावजूद स्वास्थ्य विभाग की ओर से इनके खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है। बरौंधा और उसके आसपास के क्षेत्रों में झोलाछाप डाक्टरों की बढ़ती संख्या स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते स्वास्थ्य विभाग ने अवैध रूप से संचालित क्लीनिकों के खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई नहीं की, तो आने वाले दिनों में स्थिति और गंभीर हो सकती है।ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर बेहतर चिकित्सा व्यवस्था उपलब्ध कराई जाए तथा झोलाछाप डाक्टरों के खिलाफ अभियान चलाकर सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि लोगों को सुरक्षित और बेहतर इलाज मिल सके।

# आज लगेगा युवा उद्यमी शिविर कैंप, 5 लाख तक ब्याज रहित ऋण के लिए होगा ऑनलाइन आवेदन

**स्वतंत्र भारत हलिया (मीरजापुर)।** युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना के तहत हलिया विकास खण्ड मुख्यालय पर 2 जून को सुबह 10:00 बजे से एक दिवसीय कैंप का आयोजन किया जाएगा। कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी हलिया विजय शंकर त्रिपाठी ने पत्र जारी कर शिविर कैंप में युवाओं को 5.00 लाख रुपये तक का ब्याज रहित ऋण उपलब्ध कराने के लिए ऑनलाइन आवेदन कराए जाएंगे। प्रातः 10:00 बजे विकास खण्ड मुख्यालय, हलिया, प्रदेश के युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ना प्रत्येक ग्राम पंचायत से 25-25 ऑनलाइन आवेदन कराना प्रत्येक ग्राम पंचायत सचिव और पंचायत सहायक को अपने-अपने गांव से 25-25 आवेदन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए हैं। कैंप में जिला स्तर के अधिकारी भी उपस्थित रहेंगे। नोडल अधिकारी विजयेश कुमार, उद्योग विभाग ,पोर्टल ऑपरेटर आशीष कुमार आवेदन के लिए जरूरी दस्तावेज आवेदक का फोटो, हस्ताक्षर,आधार से लिंक मोबाइल नंबर, आयु प्रमाण पत्र , जाति व निवास प्रमाण पत्र कक्षा 8 पास या उससे अधिक का शैक्षिक प्रमाण पत्र, पैन कार्ड, शपथपत्र,बैंक पासबुक , कौशल प्रमाण पत्र, कोटेशन, परियोजना रिपोर्ट।

# युवक ने तीन लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करायी

**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्ज़ापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के राजपुर गांव निवासी बृजेश कोल ने सोमवार को थाने में तहरीर देकर गांव निवासी तीन लोगो के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराया है पुलिस प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है दी गई तहरीर में बताया है की रविवार की रात्रि में करीब 11 बजे विपक्षी गांव निवासी जगी नारायण, प्रकाश, राजा मेरे दरवाज़े पर आकर गाली गलौज देने लगे की मना करने पर लाठी डंडे से मारने पीटने लगे जिससे सिर में चोट लगी है बीच बचाव के लिए आई राजकुमारी को भी मारपीट कर घायल कर दिया जान से मारने की धमकी दिया है जिस पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर घायलों को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया भेज दिया है इस संबंध में थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव ने बताया की तहरीर के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल किया जा रहा है।

# धूमधाम से मनाई गई महारानी अहिल्या बाई होलकर जयंती, निकाली गई भव्य रैली

**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्ज़ापुर)।** लोकमाता देवी अहिल्या बाई होलकर की जयंती सोमवार को में पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाई गई।लोक माता देवी अहिल्या बाई होलकर कमेटी, पाल चौराहा रामपुर नौडीहा के तत्वावधान में सुबह भव्य रैली निकाली गई।युवा और ग्रामीण पीले गमछे, साफा बांधकर और हाथों में पीले झंडे लेकर नारे लगाते हुए गांव के मुख्य मार्गों से गुजरे। रैली के दौरान लोकमाता के लोक कल्याण, न्याय और सुशासन के कार्यों को याद किया गया।युवा समाज सेवी रवि शंकर पाल, अनिल पाल, सुरेन्द्र पाल, कृष्ण बहादुर पाल, डॉ. सुनील पाल, श्यामबहादुर पाल, रामेश्वर पाल, डॉ. प्रमोद पाल, ग्राम प्रधान लाल बहादुर पाल, जिला पंचायत सदस्य प्रत्याशी हलिया वार्ड नं. 3 मनीष पाल, राम कृष्ण सिंह, निशु सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण आयोजकों ने कहा कि महारानी अहिल्या बाई का जीवन समाज सेवा और नारी सशक्तिकरण के लिए प्रेरणा है।

## स्वतंत्र भारत वर्गीकृत

**सूचना**

बैंक पासबुक में मेरे बाबा का नाम बचनू तथा मृत्यु प्रमाणपत्र में बुचनू दर्ज है दोनों नाम का एक ही व्यक्ति हैं। अंकुर विशाल पुत्र स्व0 रामसमुझ ग्रा0 शेखरपुर, को0 देहात, बलरामपुर।

सी.आर.-421/ D-25

**सूचना**

मैंने अपने पुत्र सुरेश कुमार व बहू कामिनी देवी को गलत चाल-चलन के चलते अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य से मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता नहीं होगा। श्रीपाल पुत्र श्री गोपाली, उम्र 61 वर्ष, निवासी सरखनपुर, थाना व पोस्ट-खीरी, तहसील-लखीमपुर, जिला-खीरी।

सी.आर.-420/ D-48

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम द्वारा जारी जन्म प्रमाण पत्र संख्या बी 20250 991176 0000 2274 में त्रुटिवश मेरे बेटे का नाम अव्युक्त त्रिपाठी (AVYUKT TRIPATHI) दर्ज हो गया जो गलत है सही नाम अकाय त्रिपाठी (AKAAY TRIPATHI) है जो की सही है। अंकित त्रिपाठी निवासी - 825/ 605 कृष्णा नगर ,कीडगंज, प्रयागराज।

सी.आर.-419/ D-40

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पहले मेरा नाम NEERU GUPTA था जो बदलकर NEERU KESARWANI हो गया है। भविश्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाये। NEERU KESARWANI W/o SHYAM BABU KESHARVANI 60, GARIVAN TOLA KHULDABAD PRAYAGRAJ.

सी.आर.-419/ D-29

**सूचना**

मैंने अपने पुत्र सुरेश कुमार व बहू कामिनी देवी को गलत चाल-चलन के चलते अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य से मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता नहीं होगा। श्रीपाल पुत्र श्री गोपाली, उम्र 61 वर्ष, निवासी सरखनपुर, थाना व पोस्ट-खीरी, तहसील-लखीमपुर, जिला-खीरी।

सी.आर.-420/ D-48

**सूचना**

मैंने अपना नाम ATIKUR RAHMAN से बदलकर ATIKUR RAHMAN KHAN रख लिया है अब मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाए । अतीकुर रहमान खान पुत्र मोहम्मद इब्राहीम, महुवा टेढवा, तप्पाबांक, उतरौला बलरामपुर।

सी.आर.-421/ D-29

**सूचना**

मैं SHRUTI IRAPPA MADIWALAR मेरे पति आर्मी नं 0-4279546F रैंक- Hav, IRAPPA MADIWALAR के सैन्य दस्तावेज में मेरा नाम त्रुटिवश SHRUTI. P. MADIWALAR गलत अंकित हो गया है जबकि वास्तविक सही SHRUTI IRAPPA MADIWALAR है।

सी.आर.-418/ D-27

**NOTICE**

It is hereby informed to the General Public that I have Changed my Name from MOHAMMAD SAIF to MOHD SAIF SIDDIQUI, In the future, I shall be known and recognized by the MOHD SAIF SIDDIQUI. MOHD SAIF SIDDIQUI S/o MATEEN SIDDIQUI, Address: B-25 RING ROAD KALYANPUR, POST VIKAS NAGAR PS GUDAMBA LUCKNOW, UP

सी.आर.-416/ L-25

**सूचना**

मैं शुभम यादव पुत्र राजू यादव निवासी- 426/1083, बी.एस.डी. ॲकडमी वज़ीर बाग, चौक, जिला-लखनऊ का हूँ। मेरे आधार कार्ड सं.- 346438269703 में त्रुटिवश नाम शभाम यादव (SHABHAM YADAV) अंकित हो गया है जोकि गलत है जबकि मेरा सही नाम शुभम यादव (SHUBHAM YADAV) है।

सी.आर.-414/ L-34


**उत्तर रेलवे**

**ई–निविदा सूचना**

**निविदा सूचना संख्या 10-टेण्डर/मु.परि.प्र./नि/वाराणसी दिनाँक 11.05.2026 का पहला शुद्धिपत्र**

दिनांक 12.05.2026 को समाचार पत्रों में प्रकाशित निविदा सूचना संख्या 10–टेण्डर/मु.परि.प्र./नि/वाराणसी दिनांक 11.05.2026 के संबंधित तिथियों में प्रशासनिक आधार पर निम्नलिखित संशोधन किया जाता है:–

| विवरण | पूर्व संशोधित तिथि | संशोधित |
|---|---|---|
| रेलवे द्वारा बिड पूर्व प्रश्नों के उत्तर की तिथि | 02.06.2026 | 12.06.2026 |
| ई–निविदा जमा करने की अंतिम तिथि | 23.06.2026 समय 11:00 बजे तक | 03.07.2026 समय 11:00 बजे तक |
| क्लॉज संख्या 2.2.1 एवं 2.3 के अनुसार दस्तावेजों को भौतिक रूप से प्रस्तुत करने की तिथि | -- | 02.07.2026 तक |
| ई–निविदा खुलने की तिथि | 23.06.2026 समय 15:00 बजे के बाद | 03.07.2026 समय 15:00 बजे के बाद |

अन्य सभी नियम और शर्ते समान रहेंगी। **संख्याः 10-टेण्डर/मु.परि.प्र./नि/वाराणसी, दिनाँक 11.05.2026 का पहला शुद्धिपत्र दिनांक** 30.05.2026

1841/26

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**NATIONAL AGRICULTURAL COOPERATIVE MARKETING FEDERATION OF INDIA LIMITED (NAFED)**

Nafed Warehousing Complex, Chatta Mile Chauraha, (6th Mile) Sitapur Road, Bakshi Ka Talab, Lucknow-226201 UP, Email: naflkn@nafed-india.com

**Nafed Lucknow is commencing sale of Moong procured under PSS Summer 2025, lying across various warehouses in the State of Uttar Pradesh from 29.05.2026 through e-auction platforms empanelled by NAFED.**

**Interested buyers may visit NAFED's website www.nafed-india.com/tenders for the stock locations and sale procedure.**

**State Head, NAFED U.P.**

**उत्तर रेलवे**

**टेंडर नोटिस संख्या-51265214 दिनांक- 01.06.2026**

**इलेक्ट्रानिक निविदा ई-प्रणाली के अन्तर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य सामग्री प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, आलमबाग, लखनऊ-226005 द्वारा इच्छुक फर्मो से निम्नलिखित मद के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती है–

| क्र. सं. | निविदा सं. | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 51265214 | "Cone Calorimeter and smoke density chamber for fire property testing of materials (Cost of basic machine meeting the requirement of attached technical specification including preventive maintenance during warranty period)." | 1 Nos. | 07.07.2026 |

निविदा शर्ते- 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानि www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी। 1844/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**

**ई–निविदा सूचना**

मुख्य कारखाना प्रबंधक, सवारी डिब्बा कारखाना, आलमबाग, लखनऊ निम्न कार्य के लिए ई–निविदा आमंत्रित करते हैं।

| | | |
|---|---|---|
| 01 | कार्य का नाम | मैनुफैक्चर, सप्लाई एंड इंस्टालेशन एंड कमीशनिंग ऑफ बेंचूरी टाइप वेंटिलेशन अरेंजमेंट फॉर लेवेटरी फिटेड विथ बायो टॉयलेट इन आईसीएफ/आरसीएफ/एनएसी कोचेस। |
| 02 | कार्यस्थल | सवारी डिब्बा कारखाना, आलमबाग, लखनऊ |
| 03 | अनुमानित लागत | रु. 69,12,000.00 मात्र। |
| 04 | निविदा प्रपत्र का मूल्य | शून्य |
| 05 | बिड सिक्युरिटी | रु. 1,38,200/– मात्र। |
| 06 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 36 माह। |
| 07 | निविदा जमा करने की तिथि एवं समय | दिनांक– 22.06.2026 समय 15:00 बजे तक |
| 08 | खुलने का समय | निविदा फॉर्म जमा होने के पश्चात निविदा को किसी भी समय खोला जायेगा। निविदाकर्ताओं को निविदा खुलने के दौरान उपस्थित रहने की आवश्यकता नहीं है। |
| 09 | कार्यालय जहां से निविदा प्रपत्र क्रय किया जा सकता है | निविदा सूचना एवं प्रपत्र का पूर्ण विवरण नियम व शर्तो सहित वेबसाइट– www.ireps.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है। |
| 10 | वेबसाइट विवरण जहां निविदा का पूरा विवरण आदि देखा जा सकता है | |

निविदा सूचना सं.: 2026–ए.एम.वी.–सी एंड डब्लू–ईनिविदा–23 दिनांक: 30.05.2026 1839/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**खुली ई–निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक/इंजीनियरिंग/पूर्वोत्तर रेलवे/लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु ऑनलाईन 'खुली' ई–निविदायें आमंत्रित की जाती हैं जिसका विवरण नीचे निम्नवत् है:– **ई–निविदा सं.: NER-LJN-2026-175; कार्य का नाम:** पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल:– वरिष्ठ सहायक मंडल इंजीनियर/पश्चिम/गोरखपुर के अधिकार क्षेत्र में वार्न आउट CMS-Crossing के रिकंडीशनिंग का कार्य। **अनुमानित लागत (₹):** ₹49,43,839.38; **अग्रिम धन (₹):** ₹98,900/-; **समापन अवधि:** 12 माह; **ई–निविदा सं.: NER-LJN-2026-176; कार्य का नाम:** पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल:– वरिष्ठ सहायक मंडल इंजीनियर/पूर्व/गोण्डा के अधिकार क्षेत्र में वार्न आउट CMS-Crossing के रिकंडीशनिंग का कार्य। **अनुमानित लागत (₹):** ₹48,87,013.64; **अग्रिम धन (₹):** ₹97,800/-; **समापन अवधि:** 12 माह; **ई–निविदा सं.: NER-LJN-2026-177; कार्य का नाम:** पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल:– सीनियर सेक्शन इन्जीनियर/कार्य/पूर्व/गोरखपुर के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत, किमी. 390/5–385/0 के बीच गोरखपुर–उनौला खंड में अतिक्रमण और ट्रेसपासिंग को रोकने हेतु RCC बाउंड्री **अनुमानित लागत (₹):** ₹3,74,93,426.65; **अग्रिम धन (₹):** ₹7,49,900/-; **समापन अवधि:** 06 माह; **1.** उपरोक्त ई–निविदा संख्या **NER-LJN-2026-175** व **NER-LJN-2026-176** के लिए ई–निविदा दिनांक 17.07.2026 को 15:00 बजे तक एवं ई–निविदा संख्या **NER-LJN-2026-177** के लिए ई–निविदा दिनांक 21.07.2026 को 15:00 बजे तक अपलोड की जा सकती है तथा उसी दिन समय 15:00 बजे के बाद ई–निविदा खोली जायेंगी। **2.** उपरोक्त ई–निविदा से सम्बन्धित सभी सूचना, निम्नतम अर्हता, नियम एवं शर्तो का पूर्ण विवरण पूर्वोत्तर रेलवे के वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकार ई निविदा प्रपत्र को अपलोड करने से पूर्व इस ई–निविदा सूचना से संबंधित वेबसाइट पर उपलब्ध शुद्धि पत्र (यदि, कोई हो तो) को भी संज्ञान में लेना सुनिश्चित करें।

मंडल रेल प्रबंधक/इंजीनियरिंग

मुजाधि/डब्ल्यू–147 लखनऊ

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें



पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस समाचारपत्र में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले स्वयं उचित जांच-पड़ताल कर लें। समाचारपत्र या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देता तथा ऐसे विज्ञापनों पर विश्वास करके किसी भी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि, परिणाम के लिए जिम्मेदार भी नहीं होंगे।



स्वतंत्र भारत

एग्रो फाइनेन्स एण्ड इन्वेस्टमेन्ट्स प्रा. लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक **अतुल शुक्ला** द्वारा 1, जॉपलिंग रोड, लखनऊ-226001 से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक : **के.के. श्रीवास्तव**

स्थानीय संपादक : **विष्णु मोहन***

फोन : 0522-4043151

swatantrabharat77@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु उत्तरदायी।

**समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा।**

## होर्मुज में अमेरिकी सेना का बड़ा एक्शन

### अब तक 118 व्यापारिक जहाज खदेड़े, पांच को किया पंगु

**वॉशिंगटन।** पश्चिम एशिया के समंदर में तनाव बहुत बढ़ गया है। अमेरिकी सेना ने ईरान के बंदरगाहों को पूरी तरह घेर लिया है। अमेरिकी सैन्य कमान (सेंटकॉम) ने रविवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इसकी जानकारी दी। अमेरिकी सेना ने ईरान जाने और वहां से आने वाले 118 व्यापारिक जहाजों का रास्ता बदल दिया है। यही नहीं, अमेरिकी सेना की बात न मानने वाले पांच जहाजों को पूरी तरह अपाहिज यानी निष्क्रिय कर दिया गया है। अमेरिका ने ईरान की यह नौसैनिक नाकेबंदी 13 अप्रैल को शुरू की थी। अमेरिकी सेना ने साफ चेतावनी दी है। वे ईरान के बंदरगाहों की तरफ आने-जाने वाले सभी जहाजों को रोकते रहेंगे। हैरत की बात यह है कि कार्रवाई तब हो रही है जब दोनों देश शांति की राह पर आने के लिए बातचीत भी कर रहे हैं। कुछ दिन पहले राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा था कि समझौता लगभग तय है। लेकिन अब मामला अटक गया है। सीएनएन की रिपोर्ट के मुताबिक, ट्रंप ने अपने सलाहकारों के साथ दो घंटे बैठक की। इसके बाद ट्रंप ने समझौते



का ड्राफ्ट वापस कर दिया। ट्रंप अब इस समझौते में और ज्यादा कड़ी शर्तें चाहते हैं। ट्रंप चाहते हैं कि ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर सख्ती बरती जाए। वे स्ट्रेट ऑफ होर्मुज के रास्ते को हमेशा खुला रखने की गारंटी चाहते हैं। ट्रंप ईरान को कोई आर्थिक राहत देने के पक्ष में नहीं हैं। वे ओबामा के समय हुए समझौते जैसी नरमी नहीं बरतना चाहते। ट्रंप ने कहा है कि अमेरिका ईरान के समृद्ध यूरेनियम को जब्त कर नष्ट करेगा। वहीं ईरान इस पर बात करने को भी तैयार नहीं है।

### ईरान की दो टूक-हम नहीं झुकेंगे

ईरान ने भी अमेरिका के सामने झुकने से साफ मना कर दिया है। तस्नीम न्यूज एजेंसी के मुताबिक, ईरान के संसद अध्यक्ष मोहम्मद बागेर गालिबाफ ने कहा कि जब तक उनके अधिकार सुरक्षित नहीं होंगे, वे कोई समझौता नहीं मानेंगे। उन्होंने कहा कि हमें दुश्मन के वादों पर बिल्कुल भरोसा नहीं है। हमें ठोस नतीजे चाहिए। दूसरी तरफ अमेरिकी सीनेटर क्रिस कून्स का कहना है कि ट्रंप की शर्तें कागजों पर अच्छी हैं, लेकिन इन्हें जमीन पर लागू करना बहुत मुश्किल होगा।

## ईरान : राष्ट्रपति पेजेशकियन ने की इस्तीफे की पेशकश

**तेहरान।** ईरान की राजनीति से इस वक्त की सबसे बड़ी और चौंकाने वाली खबर सामने आ रही है। ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन ने अपने पद से आधिकारिक तौर पर इस्तीफा दे दिया है। सूत्रों के मुताबिक, उन्होंने अपना इस्तीफा सीधे सुप्रीम लीडर

■ कहा- सब कुछ कमांडरों के हाथ, सरकार बेबस

के दफ्तर को भेजा है। इस अप्रत्याशित कदम ने देश के शीर्ष नेतृत्व में मचे घमासान को सरेआम कर दिया है। सूत्रों का कहना है कि राष्ट्रपति पेजेशकियन ने अपने इस्तीफे में बेहद गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने साफ लिखा है कि देश के बड़े और बेहद जरूरी फैसलों से राष्टपति और सरकार को पूरी तरह अलग थलग कर दिया गया है। राष्टपति के मुताबिक, इस हालात की वजह से जो खालीपन पैदा हुआ, उसका फायदा कट्टरपंथी धड़ों ने उठाया। अब आईआरजीसी के कमांडर देश के तमाम मामलों को अपनी मर्जी से चला रहे हैं।

**आईआरजीसी के दखल से काम करना हुआ नामुमकिन-** पेजेशकियन ने कहा है कि मौजूदा हालात में उनके लिए सरकार चलाना मुमकिन नहीं रह गया है। वे अपनी कानूनी जिम्मेदारियां निभाने में खुद को पूरी तरह असमर्थ पा रहे हैं। इसी वजह से उन्होंने बिना किसी देरी के तुरंत पद छोड़ने की मांग की है। हालांकि, अभी यह साफ नहीं है कि मोजतबा खामेनेई इस इस्तीफे को स्वीकार करेंगे या नहीं। लेकिन इस पत्र ने ईरान की सत्ता के शीर्ष पर मौजूद गहरी और अभूतपूर्व दरार को उजागर कर दिया है।

यह बड़ा घटनाक्रम सरकार और सैन्य-सुरक्षा संस्थाओं के बीच महीनों से चल रहे तनाव का नतीजा है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, आईआरजीसी ने धीरे-धीरे राष्ट्रपति के कई अधिकारों को सीमित कर दिया था। इसके बाद सरकार के अहम हिस्सों पर सीधे कब्जा कर लिया गया। जानकारों की मानें तो इसी वजह से पेजेशकियन प्रशासन पूरी तरह राजनीतिक और प्रशासनिक गतिरोध में फंस गया था। इस कड़वाहट के कारण न तो कूटनीतिक बातचीत आगे बढ़ पा रही थी और न ही कैबिनेट में जरूरी बदलाव लागू हो पा रहे थे।

## एक नज़र

### भारत आएंगी ब्रिटिश विदेश मंत्री

**लंदन।** ब्रिटेन की विदेश सचिव यवेट कूपर सोमवार से चीन और भारत की यात्रा शुरू करेंगी। इस दौरे का मुख्य उद्देश्य वैश्विक चुनौतियों से निपटना और आपसी सहयोग मजबूत करना है। ब्रिटिश विदेश मंत्रालय के अनुसार, इन दो प्रमुख शक्तियों के साथ वार्ता में हॉर्मुज, यूक्रेन रूस युद्ध, अफ्रीका में इबोला के प्रकोप जैसे मुद्दे शामिल रहेंगे। कूपर बृहस्पतिवार को विदेश मंत्री एस जयशंकर के साथ वार्ता करेंगी।

### तुर्किये में पर्यटक बस जलकर खाक, आठ की मौत

**अंकारा।** पश्चिमी तुर्किये के डेनिजली प्रांत में रविवार तड़के एक पर्यटक बस रेलिंग से टकराकर आग की लपटों में घिर गई। इस भीषण हादसे में नौ महीने के मासूम समेत आठ लोगों की मौत हो गई, जबकि 33 अन्य घायल हुए हैं। यह बस इजमिर शहर से अंताल्या जा रही थी। हादसे के तुरंत बाद घायलों को नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराया गया। तुर्किये के अधिकारियों ने इस दर्दनाक घटना की जांच शुरू कर दी है। फिलहाल अधिक विवरण की प्रतीक्षा है।

### चीन में अवैध खदान धंसी, पांच की मौत

**बीजिंग।** चीन में अवैध खोदाई के दौरान खदान धंस गई। इसमें पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि एक घायल हो गया। चीन की आधिकारिक समाचार एजेंसी शिन्हुआ के अनुसार, घटना यून्नान प्रांत के हुइजे काउंटी में 4.30 बजे भोर में हुई। हालांकि, समाचार एजेंसी ने यह साफ नहीं किया कि खदान किस प्रकार की थी। बचाव दल ने बाइवु गांव स्थित खदान में फंसे छह लोगों को बाहर निकाला। हादसे की वजहों की जांच की जा रही है।

### दक्षिण कोरिया में एयरोस्पेस संयंत्र में धमाका, चार की मौत

**सियोल।** दक्षिण कोरिया के मध्य शहर डेजॉन में रक्षा कंपनी हनवा एयरोस्पेस के कारखाने में सोमवार को हुए विस्फोट में चार लोग मारे गए और दो अन्य घायल हो गए। अधिकारियों को सुबह 10-59 बजे विस्फोट की सूचना मिली और वे हताहतों की सही संख्या की पुष्टि करने में जुटे हैं। योनहाप समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, घटनास्थल पर भेजी गई दमकल कर्मी आग बुझाने में जुटे हुए थे। पुलिस और दमकल अधिकारियों का मानना है कि विस्फोट कारखाने की पहली मंजिल पर हुआ था और आग बुझने के बाद वे घटना के सटीक कारण की जांच करने की योजना बना रहे हैं। शिन्हुआ समाचार एजेंसी के अनुसार, पुलिस ने पुष्टि की है कि देश की अग्रणी एयरोस्पेस और रक्षा कंपनी हनवा एयरोस्पेस के संयंत्र में हुई दुर्घटना में चार लोगों की मौत और दो लोग घायल हुए हैं। दमकल अधिकारियों ने स्थानीय समयानुसार सुबह लगभग 11.17 बजे आग बुझाने के लिए स्तर-1 की प्रतिक्रिया जारी की और आग पर काबू पाने का प्रयास शुरू किया। अधिकारियों ने बताया है कि दक्षिण कोरिया के प्रधानमंत्री किम मिन-सेओक ने हनवा एयरोस्पेस कारखाने में हुए विस्फोट के बाद बचाव कार्यों के लिए उपकरणों और कर्मियों को पूरी तरह से जुटाने का आदेश दिया है।

### जॉर्जिया में हेलिकॉप्टर क्रैश, दो मरे

**जॉर्जिया।** अमेरिका के जॉर्जिया राज्य में हुए एक हेलिकॉप्टर दुर्घटना में भारतीय मूल के एक युवक और पायलट की मौत हो गई। यह हादसा युवक की शादी के कुछ घंटों बाद ही हुआ। हेलिकॉप्टर दुर्घटना में नवविवाहिता पत्नी घायल हो गई। अमेरिकी मीडिया रिपोर्टों में यह जानकारी सामने आई है। डेल्टा एयर लाइंस में पायलट और अटलांटा निवासी 25 वर्षीय डेव फिजी बीते शुक्रवार को डॉसन काउंटी के डॉसनविल के पास एक पांच सीटों वाले रॉबिन्सन हेलिकॉप्टर के दुर्घटनाग्रस्त होने से मारे गए। उनकी पत्नी जेस्नी घायल हो गई और उन्हें उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज जारी है।

## दबाव बढ़ेगा तो पुतिन करेंगे बातचीत : यूक्रेन

**कीव।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने एक बार फिर दुनिया के देशों से रूस पर दबाव बढ़ाने की अपील की है। उनका कहना है कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को शांति वार्ता की मेज तक लाने के लिए और कड़े प्रतिबंध तथा अंतरराष्ट्रीय दबाव की जरूरत है।

■ जेलेंस्की की रूस पर और कड़े प्रतिबंध लगाने की मांग

रूस-यूक्रेन युद्ध अब अपने पांचवें वर्ष में प्रवेश कर चुका है और जेलेंस्की लगातार युद्ध समाप्त करने के लिए नए कूटनीतिक रास्ते तलाश रहे हैं। एक इंटरव्यू में जेलेंस्की ने कहा कि आने वाले छह महीनों में अगर यूक्रेन युद्धक्षेत्र में महत्वपूर्ण सफलता हासिल करता है, तो भविष्य की किसी भी शांति वार्ता में उसकी स्थिति काफी मजबूत हो सकती है। उन्होंने कहा कि सर्दियों के आने से पहले किसी न किसी तरह कूटनीतिक रास्ता निकालकर बातचीत शुरू करनी होगी। उनका मानना है कि युद्ध को केवल सैन्य ताकत से नहीं बल्कि बातचीत के जरिए भी खत्म किया जा सकता है। इस बीच, अमेरिकी थिंक टैंक इंस्टीट्यूट फॉर द स्टडी ऑफ वॉर (आईएसडब्ल्यू) की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि युद्ध के मोर्चे पर हालात धीरे-धीरे यूक्रेन के पक्ष में बदलते दिखाई दे रहे हैं।

## मलेशिया में बच्चों के लिए सोशल मीडिया पर रोक लागू

**कुआलालंपुर।** मलेशिया ने 16 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के सोशल मीडिया अकाउंट रखने पर रोक लगाने वाले नियमों को सोमवार से लागू कर दिया। इसके साथ ही मलेशिया सोशल मीडिया का इस्तेमाल करने वाले बच्चों के लिए ऑनलाइन सुरक्षा उपायों को मजबूत करने के वैश्विक प्रयास में शामिल हो गया है। इन नियमों के तहत सोशल मीडिया मंचों को आयु सत्यापन प्रणाली लागू करनी होगी और 16 वर्ष से कम उम्र के सोशल मीडिया उपयोगकर्ताओं को 'अकाउंट' बनाने से रोकना होगा।

ये नियम कम से कम 80 लाख उपयोगकर्ताओं वाले मंचों पर लागू




होंगे जिनमें फेसबुक, इंस्टाग्राम, टिकटॉक और यूट्यूब शामिल हैं। नियमों का पालन नहीं करने वाली कंपनियों पर एक करोड़ रिंगिट (25 लाख अमेरिकी डॉलर) तक का जुर्माना लग सकता है। हालांकि, अगर बच्चे इस कानून को किसी तरह दरकिनार कर सोशल मीडिया अकाउंट बना लेते हैं तो उनके माता-पिता पर कोई दंड नहीं लगाया जाएगा। सरकार ने कहा कि इन उपायों का उद्देश्य बच्चों को हानिकारक सामग्री, ऑनलाइन उत्पीड़न और मंचों की उन विशेषताओं से बचाना है जो अत्यधिक इस्तेमाल को प्रोत्साहित करने के लिए बनाई गई हैं। ऑस्ट्रेलिया, ब्राजील और इंडोनेशिया सहित अन्य देशों ने भी बच्चों की सोशल मीडिया तक पहुंच को सीमित करने के लिए आयु आधारित प्रतिबंध या शर्तें लागू की हैं या उनकी घोषणा की है। ब्रिटेन, फ्रांस, स्पेन, डेनमार्क, थाईलैंड और दक्षिण कोरिया जैसे देश भी इसी तरह के उपायों का अध्ययन कर रहे हैं या उन्हें विकसित करने की दिशा में काम कर रहे हैं।

## ईरान समझौते के मसौदे में ट्रंप ने मांगे बड़े बदलाव

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान के साथ प्रस्तावित समझौते के मसौदे को वापस भेजकर उसमें कई महत्वपूर्ण बदलाव करने को कहा है। इससे दोनों देशों के बीच चल रही बातचीत लंबी खिंच सकती है और

■ परमाणु कार्यक्रम और होर्मुज पर सख्त शर्तें

समझौते को लेकर नई अनिश्चितता पैदा हो गई है। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, ट्रंप ने अपने सलाहकारों के साथ हुई बैठक में ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर और अधिक सख्त शर्तें जोड़ने की मांग की है। साथ ही उन्होंने रणनीतिक रूप से बेहद महत्वपूर्ण होर्मुज जलडमरूमध्य को पूरी तरह खोलने को भी समझौते का अहम हिस्सा बनाने पर जोर दिया है। बताया जा रहा है कि ट्रंप ईरान को दिए जाने वाले आर्थिक राहत पैकेज को लेकर भी सतर्क हैं। उन्हें आशंका है कि अगर ईरान को ज्यादा



वित्तीय रियायतें दी गईं तो इसकी तुलना पूर्व राष्टपति बराक ओबामा के दौर के परमाणु समझौते से की जा सकती है, जिसकी ट्रंप पहले भी आलोचना कर चुके हैं।

कुछ दिन पहले ही ट्रंप ने कहा था कि समझौता लगभग अंतिम चरण में पहुंच चुका है और दोनों देशों के बीच तनाव जल्द खत्म हो सकता है। अमेरिकी अधिकारियों ने भी संकेत दिए थे कि एक ऐसा समझौता तैयार किया जा रहा है जिससे संघर्ष रुकेगा, होर्मुज जलडमरूमध्य फिर से पूरी तरह खुलेगा और ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर आगे की बातचीत का रास्ता बनेगा। हालांकि करीब दो घंटे की बैठक के बाद भी कोई अंतिम फैसला नहीं हो सका। ट्रंप ने सोशल मीडिया पर कहा कि अमेरिका ईरान के उच्च स्तर पर संवर्धित यूरेनियम के भंडार को अपने कब्जे में लेकर नष्ट करना चाहता है। दूसरी ओर, ईरान का कहना है कि मौजूदा वार्ता में उसके परमाणु कार्यक्रम के तकनीकी विवरण पर चर्चा नहीं हो रही है। वित्तीय मुद्दों पर भी दोनों पक्षों में मतभेद बने हुए हैं। ट्रंप का कहना है कि समझौते में धन के आदान-प्रदान पर कोई चर्चा नहीं हुई, जबकि ईरान का मानना है कि किसी भी समझौते में आर्थिक प्रावधान शामिल होना जरूरी है।

### समझौते पर ईरान-अमेरिका की राय

इस बीच ईरानी संसद के अध्यक्ष मोहम्मद बाघेर कालिबाफ ने स्पष्ट कर दिया है कि जब तक ईरान के अधिकार और हित सुरक्षित नहीं किए जाते, तब तक अमेरिका के साथ किसी समझौते को मंजूरी नहीं दी जाएगी। उन्होंने कहा कि केवल वादों पर भरोसा नहीं किया जा सकता और ईरान को ठोस लाभ मिलने चाहिए। उधर, अमेरिकी सीनेटर क्रिस कून्स ने कहा कि ट्रंप द्वारा रखी गई शर्तें कागज पर तो उचित लगती हैं, लेकिन विशेष रूप से होर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर इन्हें लागू करना आसान नहीं होगा। फिलहाल दोनों देशों के बीच समझौते की भाषा और शर्तों पर बातचीत जारी है, लेकिन नए बदलावों की मांग के बाद यह स्पष्ट नहीं है कि अंतिम समझौता कब तक हो पाएगा।

## म्यांमार में भीषण बम विस्फोट, 55 मरे

**यंगून।** म्यांमार के शान प्रांत में हुए एक भीषण विस्फोट में कम से कम 55 लोगों की मौत हो गई, जबकि कई अन्य घायल हो गए। स्थानीय मीडिया के अनुसार, हादसा रविवार दोपहर चीन सीमा के निकट नामखाम टाउनशिप के काउंग तात गांव में हुआ। विद्रोही संगठन ताआंग नेशनल लिबरेशन आर्मी (टीएनएलए) ने दावा किया है कि विस्फोट खनन कार्यों के लिए कथित रूप से जमा किए गए विस्फोटक पदार्थों में लापरवाही से हुए धमाके के कारण हुआ।

**मृतकों में 25 महिलाएं-** मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक, विस्फोट ने पूरे गांव में भारी तबाही मचाई है। मृतकों में 25 महिलाएं और 30 पुरुष शामिल हैं। हादसे के बाद राहत और बचाव अभियान लगातार जारी है। बचाव दल मलबे में दबे लोगों की तलाश कर रहे हैं, जबकि क्षतिग्रस्त इमारतों और तबाह मकानों से शव निकाले जा रहे हैं। स्थानीय मीडिया के अनुसार, विस्फोट में 100 से अधिक मकान क्षतिग्रस्त हो गए। गांव का एक हिस्सा पूरी तरह तबाह हो गया है और अनेक परिवार बेघर हो गए हैं।

## घरेलू राजनीति को लेकर भारी उलझन में हैं ट्रंप

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भारी उलझन में हैं। वह अपनी मेक अमेरिका ग्रेट अगेन (एमएजीए) के राजनीतिक भविष्य को लेकर परेशान हैं। न्यू यॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट ने एक बड़ा खुलासा किया है। ट्रंप को अपने उपराष्ट्रपति जेडी वेंस पर शक है। उन्हें लगता है कि वेंस साल 2028 का चुनाव नहीं संभाल पाएंगे। वह वेंस को बड़े फैसलों में साथ रखते हैं, लेकिन बंद कमरों में उनकी क्षमता

■ मागा का सपना कैसे पूरा होगा

■ वेंस-रूबियो में किसे मिलेगा जिम्मा

■ करीबियों के बीच करा रहे गुप्त सर्वे

पर सवाल उठाते हैं। रिपोर्ट के मुताबिक,अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप आजकल अपने करीबियों के बीच एक गुप्त सर्वे करा रहे हैं। वह अपने सहयोगियों से एक बड़ा सवाल पूछ रहे हैं। वह जानना चाहते हैं कि भविष्य में पार्टी कौन संभालेगा। उनके पास दो नाम हैं। पहला नाम उपराष्ट्रपति जेडी वेंस का है। दूसरा नाम विदेश मंत्री मार्को रूबियो का है। ट्रंप पूछते हैं कि दोनों में से कौन बेहतर नेता साबित होगा? ट्रंप अक्सर अपने सलाहकारों से एक ही बात पूछते हैं। उनका सवाल होता है, क्या जेडी वेंस में आखिरी तक टिकने का दम है? रिपोर्ट कहती है कि ट्रंप खुद ही इसका जवाब देते हैं। वह कहते हैं कि उन्हें वेंस पर पूरा भरोसा नहीं है। ट्रंप का मानना है कि वेंस अकेले चुनाव नहीं जीत सकते। वह ट्रंप के समर्थन के बिना ओहायो से सीनेटर भी नहीं बन पाते।

**नीतियों और आदतों पर खिंचाई :** यह रिपोर्ट ट्रंप और वेंस के रिश्ते की असली कहानी बताती है। ट्रंप वेंस की वफादारी की तारीफ करते हैं, लेकिन वह वेंस की आदतों का मजाक भी उड़ाते हैं।

**विदेश नीति पर नाराजगी :** ईरान पर सैन्य कार्रवाई को लेकर वेंस हिचकिचा रहे थे। ट्रंप को वेंस का यह रवैया पसंद नहीं आया। वेंस के नेतृत्व में पाकिस्तान गया एक मिशन भी फेल हो गया था। ट्रंप इससे भी काफी नाखुश थे।

**निजी आदतों पर तंज :** ट्रंप अक्सर वेंस की आदतों पर चुटकी लेते हैं। वह कहते हैं कि वेंस छुट्टियां ज्यादा लेते हैं। वह बैठकों के बीच में दूसरों को टोकते हैं।

**ट्रॉफी गिरने का मजाक :** व्हाइट हाउस के एक कार्यक्रम में वेंस से बड़ी गलती हुई थी। उनके हाथ से ओहायो स्टेट यूनिवर्सिटी की चैंपियनशिप ट्रॉफी गिर गई थी। ट्रंप आज भी इस बात पर मजे लेते हैं। वह कहते हैं कि अच्छा हुआ ट्रॉफी उनके हाथ से नहीं गिरी।

**इंटरनेट की बहस से नाराजगी**

डोनाल्ड ट्रंप खुद ट्रुथ सोशल पर बहुत एक्टिव रहते हैं। लेकिन उन्हें वेंस का इंटरनेट पर दूसरों से उलझना पसंद नहीं है। ट्रंप का मानना है कि उपराष्ट्रपति को ऑनलाइन बहसबाजी शोभा नहीं देती। इन तमाम शिकायतों के बाद भी ट्रंप वेंस को पसंद करते हैं। उनके लिए वेंस की वफादारी सबसे ऊपर है। दूसरी तरफ व्हाइट हाउस के अधिकारियों ने मतभेदों को गलत बताया है। उनका कहना है कि वेंस इतिहास के सबसे ताकतवर उपराष्ट्रपति हैं। उन्हें राष्ट्रपति का पूरा भरोसा मिला हुआ है।


कार्यालय नगर पंचायत, तमकुहीराज, जनपद-कुशीनगर, उ0प्र0

पत्रांक- मेमो/न0पं0तम0/2026-27

दिनांक- 01.06.2026

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर





मा0 मुख्यमंत्री जी,
उ0प्र0 सरकार,
श्री योगी आदित्यनाथ जी
के नगर क्षेत्र में
आगमन पर नगर पंचायत, तमकुहीराज
हार्दिक स्वागत एवं अभिनन्दन करता है।

1. प्रत्येक नागरिक राष्ट्र को भष्ट्राचार मुक्त, अक्षुण एवं समृद्धशाली बनाने हेतु संकल्प लें।
2. नगर को स्वच्छ व सुन्दर बनाये रखने में नगर कर्मियों का सहयोग करें। कूड़ा सड़क पर ना फेंके। नगर पंचायत द्वारा लगाये गये कूड़ादान में ही कूड़ा फेंके।
3. नगर पंचायत द्वारा जन्म-मृत्यु का पंजीकरण प्रारम्भ कर दिया गया है यह व्यवस्था आनलाईन उपलब्ध है। नागरिकों से अपील है कि पंजीकरण समय से करा लें।
4. अतिक्रमण एक संज्ञेय अपराध है। सार्वजनिक नालों, नालियों एवं सड़कों की पटरियों पर अतिक्रमण न करें। यदि कोई व्यक्ति अतिक्रमण करें तो इसकी सूचना नगर पंचायत को तत्काल करें।
5. जल अमूल्य है इसको अनावश्यक न बहायें। नगर पंचायत द्वारा लगाये गये वाटर ए0टी0एम0 को क्षति न पहुँचायें।
6. संक्रामक रोग से बचने के लिये सड़े-गले सामानों का प्रयोग न करें।
7. भवन मानचित्र नियम के अन्तर्गत रहते हुए नगर पंचायत से स्वीकृति करावें, तथा भवन का निर्माण स्वीकृति मिलने के बाद ही करावें।
8. नगर के प्रत्येक भवन स्वामी कम से कम दो वृक्ष अवश्य लगायें।
9. नगर के प्रत्येक स्वामी से अनुरोध है कि जिनका मकान नगर पंचायत में दर्ज नहीं है वह अपना मकान नगर पंचायत में दर्ज करावें।
10. नगर में लगे पथ प्रकाश की सुरक्षा करना आपकी जिम्मेदारी है।
11. किसी भी समस्या हेतु कार्यालय के हेल्प लाइन नं0-7275419922 पर सम्पर्क किया जा सकता है या किसी भी सुझाव/शिकायत को नगर पंचायत में रखे शिकायत पेटिका में डाला जा सकता है।
12. सम्पूर्ण नगर क्षेत्र में पालिथीन का प्रयोग प्रतिबन्धित है। पालिथीन प्रयोग करते हुये पकड़े जाने पर जुर्माना देय होगा।
13. नगर पंचायत में वाटर टैंकर, सीवर सेक्शन मशीन एवं जे0सी0बी0 आम जनमानस हेतु किराया पर उपलब्ध है।
14. सम्पूर्ण नगर क्षेत्र में स्व कर प्रणाली लागू है। कृपया अपने सम्पत्तियों का कर नगर पंचायत की वेबसाइट nptamkuhiraj.in पर जमा करें।

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत तमकुहीराज
जनपद-कुशीनगर

(जे0पी0 गुप्ता)
अध्यक्ष
नगर पंचायत तमकुहीराज
जनपद-कुशीनगर

(वैभव मिश्रा)
अपर जिलाधिकारी
कुशीनगर

(महेन्द्र सिंह तंवर I.A.S.)
जिलाधिकारी
कुशीनगर

(डा. असीम कुमार)
मा0 विधायक
तमकुहीराज

(शशांक मणि त्रिपाठी)
मा0 सांसद
देवरिया

समस्त सम्मानित सभासदगण, नगर पंचायत तमकुहीराज जनपद-कुशीनगर